हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • शनिवार • 21.06.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 327 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

### मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ किया संवाद

## भारी बारिश को दृष्टिगत रखते हुए अलर्ट मोड में रहें अधिकारी : हेमन्त




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ संवाद कर राज्य में हो रहे भारी बारिश को दृष्टिगत रखते हुए अधिकारियों को पूर्ण रूप से अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के उपायुक्तों से कहा है कि शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जल जमाव की समस्या से आम जनमानस को निजात दिलाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के उपायुक्तों को निर्देश दिए कि लोकल अथॉरिटीज के साथ समन्वय स्थापित कर जल जमाव की स्थिति को जल्द से जल्द खत्म करने का प्रयास करें। जिलों में इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे सड़क, पुल-पुलिया, घर, फसल इत्यादि को हुए नुकसान का आकलन कर राज्य सरकार को तत्काल रिपोर्ट भेजी जाए ताकि प्रभावित लोगों को राहत और मुआवजा देने में किसी तरह का कोई विलंब नहीं हो। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के उपायुक्तों को निर्देश दिया कि जिलों में स्थापित कंट्रोल रूम को पूर्ण रूप से सक्रिय रखें। अतिवृष्टि को देखते हुए वॉटरफॉल, बराज इत्यादि पर्यटन स्थलों में किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचने के लिए एनडीआरएफ की टीम के साथ-साथ स्थानीय लोगों का भी सहयोग लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वॉटरफॉल में आवश्यकता के अनुरूप सुरक्षा कर्मी भी तैनात रखें।

मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के उपायुक्तों को निर्देश दिया कि शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र जहां जल जमाव की स्थिति है वहां छिड़काव कार्य करें ताकि इसकी वजह से जो बीमारियां उत्पन्न होती है उसे नियंत्रित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बरसात के मौसम में सर्प दंश के भी ज्यादा मामले आते हैं। ऐसे में एंटी रेबीज टीके और अन्य सभी जरूरी दवाइयां स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध कराए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष मॉनसून की शुरूआत में ही भारी बारिश हो रही है, ऐसे में यह जरूरी है कि बरसात के मौसम में होने वाली समस्याओं से निपटने की पूरी तैयारी पहले से ही रखें।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि भारी बारिश के कारण सड़क, पुल, पुलिया से संबंधित जो भी क्षति पहुंची है उसकी शीघ्र मरम्मत हो। उन्हेंने निर्देश दिया कि किसी भी पुल या ब्रिज के धंसने का एक और मुख्य कारण अवैध बालू निकासी हो सकता है, इसकी भी जानकारी लें तथा ऐसे कार्यों पर अविलंब रोक लगाएं। मौके पर मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी जिलों के उपायुक्त उपस्थित रहे।

### महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार वचनबद्ध : सीएम

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा प्रस्तावित राज्य अंतर्गत महिला महाविद्यालयों/महिला पॉलिटेक्निक संस्थानों के निर्माण तथा जीर्णोद्धार से संबंधित कार्य योजनाओं के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा की। मौके पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रांची, चाईबासा, गिरिडीह, धनबाद, दुमका तथा हजारीबाग सहित अन्य जिलों में प्रस्तावित महिला महाविद्यालयों के नवनिर्माण तथा जीर्णोद्धार से संबंधित कार्य योजनाओं में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण उच्च एवं तकनीकी शिक्षा प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है अतएव यह जरूरी है कि चिन्हित सभी जिलों में जल्द से जल्द महिला महाविद्यालयों के नवनिर्माण एवं जीर्णोद्धार से जुड़े कार्य निर्धारित समयसीमा के अंतर्गत पूरा करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रस्तावित महिला महाविद्यालयों के निर्माण तथा जीर्णोद्धार कार्य में अगर कुछ बाधाएं आ रही है तो अधिकारी इसका शीघ्र समाधान निकलने का प्रयास करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। नए महिला महाविद्यालयों के स्थापना होने से यहां की छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के अधिक अवसर प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि महिला महाविद्यालयों तथा महिला पॉलिटेक्निक संस्थान के नए भवनों के निर्माण कार्य में पूरी पारदर्शिता बरती जाए। प्रत्येक भवनों में सेंट्रलाइज्ड वॉटर टैंक, यूटिलिटी सेंटर ग्रीन केंपस, एनर्जी एफिशिएंसी इत्यादि पर पूरा फोकस रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि भवनों के चल रहे निर्माण कार्य की वजह से यहां अध्यनरत छात्राओं को किसी भी प्रकार की परेशानी या असुविधा न हो, इसका भी पूरा ध्यान रखा जाए।

### प्रधानमंत्री ने बिहार को दी 5,918 करोड़ की सौगात

## बिहारी स्वाभिमान से समझौता नहीं करते : मोदी



एजेंसी

**पटना/सीवान :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार में सीवान जिले के जसौली में राज्य को 5,900 करोड़ रुपए से अधिक की सौगात दी। इसमें आवास, शहरी विकास, जल शक्ति, विद्युत और रेल से जुड़ी 28 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने 22 नगर विकास की परियोजनाओं, 6 सड़क परियोजनाओं और एक रेल परियोजना का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया, जिसकी कुल लागत 5,918 हजार करोड़ रुपये है। इसके साथ ही पीएम आवास योजना के तहत 53,666 बेघर लोगों को पहली किस्त दी गई। इन परियोजनाओं का मकसद बिहार के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के कई शहरों में 5,900 करोड़ रुपये की लागत से नमामि गंगे परियोजना के तहत सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और जलापूर्ति प्रोजेक्ट्स की शुरूआत की। सीवान की धरती से पीएम मोदी ने कुल 28 योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

इन परियोजनाओं में जलापूर्ति और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट शामिल हैं। इनका उद्देश्य बिहार के लोगों को बेहतर सुविधाएं देना है। इन परियोजनाओं से बेगूसराय, छपरा, बक्सर, मोतिहारी, सासाराम, सीवान और आरा जैसे शहरों को फायदा होगा। साथ ही, बिहार के ग्रिड सब-स्टेशनों पर 500 मेगावाट क्षमता की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली भी स्थापित की जाएगी।

एसटीपी और सीवरेज प्रोजेक्ट के शिलान्यास के जरिये प्रधानमंत्री मोदी ने बेगूसराय को दी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य की सौगात दी है। इस परियोजना के पूरा होने पर आधुनिक तकनीकों से होगी गंदे पानी की रि-साइकिलिंग, बेगूसराय बनेगा साफ-सुथरा और स्वस्थ होगा।

प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कामों की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश ने बिहार के लोगों को तरक्की का सपना दिखाते हुए लॉन्चिंग पैड तैयार कर दिया है। बिहार के लिए बहुत काम हुआ, अभी और बहुत कुछ करना है। हालांकि इस दौरान उन्होंने बिहारियों की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग कठिन से कठिन परिस्थिति में काम करके दिखा देते हैं। वे कभी अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं करते हैं। हालांकि पंजे और लालटेन वालों ने हमेशा बिहारियों के स्वाभिमान को ठेस पहुंचाने की कोशिश की। सिवान में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने अपने हाल ही में किए तीन देशों की यात्रा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वह हाल ही में विदेश दौरे से लौटे हैं। विदेश दौरे पर उनकी दुनिया के बड़े देशों के नेताओं से मुलाकात हुई। सभी भारत की तेज प्रगति से प्रभावित हैं। वे भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनते देख रहे हैं। ऐसे में मैं यह कहने में बिल्कुल परहेज नहीं करूंगा कि देश को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में बिहार और बिहार के लोगों की बड़ी भूमिका होने वाली है। बिहार समृद्ध होगा तो देश की समृद्धि में भी बड़ी भूमिका निभाएगा। इस मौके पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, चिराग पासवान, ललन सिंह, जीतन राम मांझी, गिरिराज सिंह सहित एनडीए के कई नेता उपस्थित रहे।

### एक नजर


#### पुरुलिया में सड़क हादसा, झारखंड के नौ लोगों की मौत

**पुरुलिया :** पश्चिम बंगाल में पुरुलिया के बलरामपुर थानांतर्गत नामशोल गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास शुक्रवार सुबह हुए सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। हादसे का शिकार हुए सभी लोग झारखंड के रहने वाले थे। हादसा जमशेदपुर-पुरुलिया नेशनल हाइवे 18 पर हुआ। पुलिस के अनुसार ट्रेलर और विपरीत दिशा से आ रही बोलेरो की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इससे दोनों वाहन पलट गए। पुलिस ने बोलेरो सवार 9 लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टर ने सभी को मृत घोषित कर दिया।

## कैबिनेट : राजधानी की बदलेगी सूरत, 301 करोड़ की लागत से बनेगी सिक्स लेन सड़क

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची की सूरत और बदलेगी। विवेकानंद स्कूल मोड़ से नयासराय तक कुल 8.209 किलोमीटर सिक्स लेन सर्विस रोड बनेगी। इसके लिए कैबिनेट की बैठक में 301 करोड़ 12 लाख 48 हजार रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। वहीं पुराना अरगोड़ा चौक से पुंदाग तक 6.15 किलोमीटर फोर लेन सड़क के लिए 141 करोड़ 6 लाख 6 हजार रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।



राष्ट्रीय एड्स कंट्रोल सोसाइटी के निर्देश पर राज्य में भी लेजिस्लेटिव फोरम का गठन किया जाएगा। विभागीय मंत्री फोरम के अध्यक्ष होंगे। इसमें स्पीकर द्वारा अनुशंसित पांच विधायक रहेंगे। इसके अलावा विकास आयुक्त, विभागीय सचिव व अन्य पदाधिकारी इसके सदस्य होंगे। फोरम एड्स रोगियों के साथ भेदभाव समाप्त करने, उनके लिए अनुकूल माहौल तैयार करने के अलावा अन्य काम करेगा। यह निर्णय आज हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया। बैठक में कुल 26 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। उनमें आवास बोर्ड द्वारा आवंटित की किए जानेवाले भू-खंडों में दिव्यांगों के लिए निर्धारित तीन प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण को बढ़ा कर पांच प्रतिशत करने का फैसला किया गया।

एक अन्य फैसले में एनसीसी के अंशकालीन पदाधिकारियों और कैडेटों के दैनिक भत्ता को बढ़ा कर 235 रुपए प्रति दिन करने का निर्णय लिया गया। पहले पदाधिकारियों को 130 रुपए और कैडटों को प्रतिदिन 125 रुपए मिलते थे। राजधानी रांची के कोर कैपिटल एरिया में बननेवाले ताज ग्रुप के होटल के लिए नियमावली में तकनीकी संशोधन किया गया।

## इजराइली हमले के बीच ईरान खोलेगा अपना एयरस्पेस, 1000 भारतीयों को भेजेगा स्वदेश

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** इजराइल के साथ जारी जंग के बीच ईरान में शुक्रवार को बड़ा ऐलान किया है। ईरान ने अपना एयर स्पेस खोलने की बात कही है। इजराइल के साथ जारी जंग के कारण ईरान ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया था। रपोर्ट के मुताबिक ईरान ने भारतीय समुदाय के लोगों के निकासी के लिए अपने हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों में ढील देते हुए अपना एयरस्पेस खोल दिया है। ईरान से करीब 1000 लोगों को लेकर एक विमान दिल्ली के लिए शुक्रवार की रात को उड़ान भरेगा। भारतीय नागरिक ईरान के ही विमान से स्वदेश लौटेंगे। ऑपरेशन सिंधु के तहत करीब 1000 भारतीय छात्र




नई दिल्ली पहुंच सकते हैं। ईरानी अधिकारियों ने कहा है कि जो भारतीय नागरिक ईरान छोड़कर जाना चाहते हैं, उनके लिए चार्टर्ड विमानों की व्यवस्था की गई है।

#### ईरान में बंद है एयर स्पेस

बीते आठ दिनों से ईरान और इजरायल के बीच भयंकर लड़ाई चल रही है। ईरानी ठिकानों पर इजराइल लगातार हमला कर रहा है। इजराइली हमलों के कारण ईरान ने अपना एयर स्पेस बंद कर दिया है। ईरान से अधिकांश अंतरराष्ट्रीय उड़ानें बंद हैं। ऐसे में ईरान ने भारतीय छात्रों की सकुशल निकासी के लिए अपना हवाई क्षेत्र खोला है। विशेष विमान से आज 1000 भारतीय छात्रों को लेकर ईरानी विमान दिल्ली पहुंचने वाला है। दुनियाभर के देशों के लोग इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष बढ़ने पर दोनों देशों से हवाई, जमीनी और समुद्री मार्ग से अपने नागरिकों को निकाल रहे हैं।



#### ईरान-इजराइल के बीच जारी है हवाई हमले

ईरान और इजराइल के बीच कई दिनों से हवाई हमले जारी है। लड़ाई के कारण पश्चिम एशिया में हवाई क्षेत्र को बंद कर दिये गए हैं। वाणिज्यिक उड़ानें बुरी तरह बाधित हुई हैं और लोग इस क्षेत्र से आसानी से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। कुछ सरकारें अपने नागरिकों को सड़क मार्ग से उन देशों तक पहुंचाने के लिए भूमि सीमाओं का इस्तेमाल कर रही हैं।

NATIONAL HEALTH MISSION

मोतियाबिन्द

मोतियाबिन्द के लक्षण, उपचार एवं रोकथाम

मोतियाबिन्द के लक्षण
- दृष्टि में धुंधलापन या अस्पष्टता
- बुजुर्गों में निकट दृष्टि दोष में निरंतर बढ़ोतरी
- रंगों को देखने की क्षमता में बदलाव, क्योंकि लेंस एक फिल्टर की तरह काम करता है
- रात में वाहन चलाने में दिक्कत आना
- दिन के समय आँखें चौंधियाना
- दोहरी दृष्टि (डबल विजन)
- चश्मे के नंबर में अचानक बदलाव आना
- उम्र का बढ़ना

मोतियाबिन्द का उपचार
- मोतियाबिन्द का एक मात्र उपचार ऑपरेशन है।
- इस ऑपरेशन में आँख से धुंधला लेंस निकाल दिया जाता है और कृत्रिम लेंस लगाया जाता है।
- मोतियाबिन्द का ऑपरेशन सुरक्षित एवं सरल है।
- मोतियाबिन्द का ऑपरेशन किसी भी मौसम में करवा सकते हैं।

मोतियाबिन्द की रोकथाम
- चालीस वर्ष के पश्चात नियमित रूप से आंखों की जांच कराएं
- अपना वजन सामान्य बनाएं रखें
- रंग–बिरंगे फलों और सब्जियों को अपने भोजन में शामिल करें
- धूम्रपान छोड़ें और शराब का सेवन कम से कम करें

सभी सरकारी अस्पतालों में नेत्र जाँच एवं उपचार की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है

PR- 355438 (Health Med Edu and Family Welfare) 25-26

104
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार
108

## एक नजर

### नशा मुक्ति अभियान के तहत गांवों में जाकर लोगों को किया जागरूक

**बड़कागांव :** झारखंड सरकार के नशा मुक्ति योजना के तहत हजारीबाग जिला प्रशासन के नेतृत्व में नशा मुक्ति रथ निकालकर गांवों में जा जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। नशा मुक्ति प्रचार गाड़ी में एलसीडी के माध्यम से लोगों को चलंत वीडियो दिखाकर बताया जा रहा है कि कोई भी नशीले पदार्थ का प्रयोग नहीं करना है जिससे हमारे शरीर का नुकसान हो। साथ ही वैसे लोगों को भी जागरूक करने का प्रयास करना है जो नशे के लत में लग चुका है। इस चलंत वीडियो को देखने के लिए लोगों में काफी उत्साह देखा गया। वहीं वीडियो को देखने के बाद महिलाओं से पूछे जाने पर महिलाओं ने बताया कि इस प्रकार की जागरूकता फैलाना बहुत जरूरी है क्योंकि गांव में जो लोगों में नशे की लत फैला हुआ है उसे रोका जा सके। मौके पर वार्ड सदस्य पिंकी देवी , शिक्षक कुलदीप कुमार, लिखु साव, परमेश्वर राम, देवनाथ यादव ,सचिन कुमार, काजल कुमारी, रुदिया देवी, कौशल्या देवी, उर्मिला कुमारी, देवंती देवी, मंजू देवी , सोनी कुमारी, सरस्वती देवी, पियाशो देवी, चांदो देवी, रिया कुमारी एवं अन्य लोगों उपस्थित थे।

### कोडरमा डिस्ट्रिक्ट होटल एसोसिएशन के नए सत्र के पदाधिकारियों का हुआ चयन

**कोडरमा :** डिस्ट्रिक्ट होटल एसोसिएशन की विशेष वार्षिक बैठक होटल कृष्णा इंटरनेशनल में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य एसोसिएशन के नए सत्र के लिए पदाधिकारियों का चुनाव करना था। हर दो साल में एसोसिएशन के नए सत्र में नए पदाधिकारियों का चयन किया जाता है, जिससे कि एसोसिएशन में नई ऊर्जा का संचलन हो और एसोसिएशन के नियमों का पालन सुनिश्चित होता रहे। एसोसिएशन के सभी सदस्यों की सहमति से कोडरमा डिस्ट्रिक्ट होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर होटल तारा टावर के संचालक विनय सिंह, उपाध्यक्ष के पद पर मनीष सूद – होटल कृष्णा इंटरनेशनल, सचिव के पद पर पल्लव कुमार वर्णवाल – शगुन बैंक्वेट एंड होटल तथा कोषाध्यक्ष के पद पर सुधीर सिंह – होटल द युवराज का चयन किया गया। संगठन को मजबूत बनाने के लिए भी कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। और भविष्य में एसोसिएशन के द्वारा कई सामाजिक कार्यों को भी करने का निश्चय किया गया। बैठक में मुख्यत: मनीष सूद, नवनीत वर्णवाल, राकेश जैन, अरुण सूद, आशीष छाबडा, अभिषेक कुमार, उमा शंकर प्रसाद, राहुल यादव, देवेश भगत, गौरव चौधरी, शशि कुमार आदि मौजूद थे।

### 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस - पूर्ण विश्व योग महोत्सव का हुआ आयोजन



विनय सिंह, मनीष सूद, पल्लव कुमार वर्णवाल, सुधीर सिंह

**कोडरमा :** पतंजलि योग पीठ, हरिद्वार के तत्वावधान में 21 जून 2025 को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की तैयारी की जा रही है। इस अवसर पर परम पूज्य स्वामी रामदेव महाराज जी हरियाणा राज्य के कुरुक्षेत्र में लाखों की संख्या में लोगों के साथ योग करेंगे। सुषमा सुमन ने इस दिन के महत्व को उजागर करते हुए कहा कि 21 जून एक विशेष दिन है। यह दिन योग के महत्व को बढ़ावा देने और लोगों को इसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। उत्तरी गोलार्ध में यह दिन वर्ष के सबसे लंबे दिनों में से एक है, जिसे ग्रीष्म संक्रांति कहा जाता है, और योग के दृष्टिकोण से इसे आध्यात्मिक रूप से बेहद शक्तिशाली माना जाता है।

# उपायुक्त ने की मादक पदार्थों के विरुद्ध विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित गतिविधियों की समीक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** मादक द्रव्य से संबंधित जिला स्तरीय समिति एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान के कार्यान्वयन से संबंधित बैठक का आयोजन उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में किया गया। बैठक में उपायुक्त ने मादक पदार्थों के विरुद्ध विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित गतिविधियों का समीक्षा की। बैठक में संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारीगण की उपस्थिति में अभियान की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि मादक द्रव्यों के अवैध उत्पादन, भंडारण, तस्करी एवं वितरण की सभी गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते हुए कठोर विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी दल गठित करने तथा निरंतर छापामारी अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। शिक्षा विभाग को निदेशित किया गया कि शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों को नशा उन्मूलन के प्रति जागरूक करने हेतु समर्पित कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। वाद-विवाद, पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध लेखन, संगोष्ठी एवं प्राचार्य स्तरीय मार्गदर्शन सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों में नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रहने की प्रेरणा प्रदान की जाए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि नशा पीड़ित व्यक्तियों की पहचान कर समुचित उपचार, परामर्श एवं पुनर्वास सेवाएं मुहैया कराई जाएं। मनोपरामर्श केंद्रों को सुदृढ़ करते हुए आवश्यक विशेषज्ञों की तैनाती एवं सुविधाओं का सशक्तिकरण किया जाए। समाज कल्याण विभाग को निर्देशित किया गया कि समाज के विभिन्न वर्गों, विशेषकर महिला समूहों, युवाओं एवं स्वयंसेवी संस्थाओं को इस अभियान से सक्रिय रूप से जोड़ा जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों में नशा मुक्ति से संबंधित गोष्ठी का आयोजन करें। जनसंपर्क विभाग को निर्देशित किया गया कि अभियान के जनसरोकार को दृष्टिगत रखते हुए जागरूकता प्रसार हेतु बहुआयामी माध्यमों का समुचित उपयोग किया जाए। नुक्कड़ नाटक, एलईडी वैन, रैली, पोस्टर-बैनर, ऑडियो-विजुअल प्रचार सामग्री एवं डिजिटल मीडिया के समन्वित माध्यम से जन-जागरूकता सघनता से संचालित की जाए। विश्वविद्यालय, महाविद्यालयों, विभिन्न कोचिंग सेंटर, माइनिंग क्षेत्रों के आसपास नशा मुक्ति से संबंधित पोस्टर-बैनर लगवाना सुनिश्चित करेंगे।

## उपायुक्त कीर्तिश्री ने 23 छात्राओं को नियुक्ति पत्र सौंपा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चतरा :** चतरा समाहरणालय के सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में 23 छात्राओं को मुख्य अतिथि डीसी कीर्तिश्री ने नियुक्ति पत्र सौंपा। यह नियुक्ति पत्र झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की विशेष पहल पर प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित कल्याण गुरुकुल चतरा के बैच संख्या 28 को दिया गया। ज्ञात हो कि सभी 23 छात्राओं ने असेंबली लाइन ऑपरेटर का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है और उन्हें कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित एक प्रतिष्ठित कंपनी में नौकरी मिल गई है। डीसी कीर्तिश्री ने छात्राओं से बातचीत की और उनके आत्मविश्वास और प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य की बेटियां आज देश के विभिन्न हिस्सों में काम कर रही हैं, यह झारखंड के लिए गर्व की बात है। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद ये सभी छात्राएं कल बेंगलुरु के लिए रवाना होंगी और अपनी नई नौकरी शुरू करेंगी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा और जिला कल्याण पदाधिकारी शिशिर पंडित भी मौजूद थे। तीनों अधिकारियों ने छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। झारखंड सरकार के कल्याण विभाग के अंतर्गत (एसपीवी) प्रेझा फाउंडेशन 45-60 दिनों का आवासीय प्रशिक्षण देकर पूरे राज्य में युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करती है।

## नशामुक्ति जागरूकता अभियान में डीएसपी ने नुक्कड़ के माध्यम से लोगों को किया जागरूक

प्रत्यूष नवबिहार बड़कागांव



**चौपारण :** शुक्रवार को नशामुक्ति सप्ताह के तहत आज चौपारण प्रखंड में एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान डीएसपी अजित कुमार विमल ने क्षेत्र में कई जगहों पर नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया और इसके खिलाफ सख्त संदेश दिया। डीएसपी ने अपने संबोधन में कहा, मादक पदार्थों का सेवन न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि समाज को भी पतन की ओर ले जाता है। यदि कोई भी व्यक्ति नशे के कारोबार में शामिल पाया जाता है या नशीले पदार्थों का सेवन करते पकड़ा जाता है, तो उसे एनडीपीएस एक्ट के तहत 10 वर्षों तक की सजा हो सकती है। इस कार्यक्रम में इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार, थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश, सब इंस्पेक्टर रवि प्रकाश, रौशन वर्णवाल और सुवेंदु कुमार सहित कई पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने जनसमूह को नशा छोड़ने और दूसरों को भी इससे दूर रखने की अपील की। नुक्कड़ सभा के माध्यम से ग्रामीणों, खासकर युवाओं को जागरूक किया गया कि वे अपने जीवन को नशे की जकड़न से बचाएं और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं। डीएसपी विमल ने यह भी स्पष्ट किया कि पुलिस नशे के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है और इस कड़ी में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों की भागीदारी और उत्साह यह दिखाता है कि समाज भी अब नशे के खिलाफ एकजुट हो रहा है। पुलिस की यह पहल क्षेत्र में सराहना का विषय बनी हुई है।

## पुलिस ने भारी मात्रा में डोडा सहित तीन तस्कर को किया गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चौपारण पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। गुप्त सूचना के आधार पर पता चला कि चौपारण थाना क्षेत्र के ग्राम ढोढिया जंगल स्तिथ लंगड़ी महुआ के पास बना झोपड़ी में भारी मात्रा में डोडा को तस्करी करने के उद्देश्य से छुपा कर रखा हुआ है। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार विमल के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर कार्रवाई हेतु ग्राम ढोढिया जंगल स्तिथ लंगड़ी महुआ के पास बना झोपड़ी के समीप पहुंच तो देखा उजला रंग का अल्टो कार संख्या जेएच02बीके-5740 लगी हुई है। जिसकी तलाशी के दौरान कार से 10 पैकेट डोडा बरामद किया गया, जिसका कुल वजन 168.5 किलोग्राम है। इसके अलावा, तस्करी में प्रयुक्त एक इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन और तीन एंड्रॉइड मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। पुलिस ने मौके से तीन युवकों को गिरफ्तार किया है, जिनमें शिवांशु कुमार 27 वर्ष, दुर्गेश कुमार 20 वर्ष, दोनों चौपारण थाना क्षेत्र के निवासी हैं और सुमन महतो (24 वर्ष), जो सिमरिया थाना अंतर्गत डाड़ी गांव का निवासी है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 एवं 20/22 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और मामले की गहन जांच जारी है। छापेमारी टीम में डीएसपी अजीत कुमार विमल के साथ चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश, बृजेश सिंह, गीता देवी, हवलदार गोपाल प्रसाद सिंह, सुनील पासवान और विनय कुमार शामिल थे।

## बरसात के दिनों में बिजली के खंभों से बचाव के उपाय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** बरसात के दिनों में बिजली के खंभों और तारों से हमेशा अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि इस मौसम में बिजली का करंट लगने का खतरा बहुत बढ़ जाता है। यहाँ कुछ महत्वपूर्ण बातें बताई गई हैं जिनका ध्यान रखना चाहिए। बिजली के खंभों और तारों से दूर रहें: बारिश और तेज हवाओं के कारण तार टूट कर गिर सकते हैं। टूटे हुए तारों या गिरे हुए खंभों से हमेशा दूर रहें और किसी को भी उनके पास जाने न दें। पानी में करंट का खतरा: अगर सड़क पर या किसी जगह पर पानी भरा हो, तो उस पानी से दूर रहें, खासकर अगर उसके आस-पास बिजली के खंभे या तार हों। पानी बिजली का अच्छा सुचालक होता है और उसमें करंट फैल सकता है। बच्चों को समझाएं: बच्चों को बिजली के खतरों के बारे में जरूर बताएं और उन्हें बिजली के खंभों, ट्रांसफार्मर और तारों से दूर रहने की सख्त हिदायत दें। ढीले तारों की तुरंत शिकायत करें: अगर आपको कहीं भी कोई ढीला तार, टूट कर गिरा हुआ तार, या चिंगारी निकलता हुआ खंभा दिखे, तो तुरंत बिजली विभाग को सूचित करें। खुद उसे ठीक करने की कोशिश बिल्कुल न करें। घर के अंदर भी सावधानी: घर के अंदर भी बिजली के उपकरणों को छूने से पहले सुनिश्चित करें कि आपके हाथ गीले न हों।

# 64वीं सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जयनगर :** कोडरमा प्रखंड संसाधन केंद्र, जयनगर के तत्वावधान में शुक्रवार को गांधी घाट सारमाटांड़ खेल मैदान में 64वीं सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार, प्रखंड प्रमुख अंजू कुमारी, तथा मुखिया सविता देवी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं। इस प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग की कुल 15 टीमों ने भाग लिया। उत्साह और खेल भावना से ओतप्रोत इस आयोजन का शुभारंभ प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राधा सिंह ने फुटबॉल को किक मारकर किया। मुख्य अतिथि बीडीओ गौतम कुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा, खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमारे राज्य के कई बच्चों ने खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य और देश का नाम रौशन किया है। प्रखंड प्रमुख अंजू कुमारी ने भी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल से न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक विकास भी होता है। बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेल को भी करियर के रूप में अपना सकते हैं। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जगर्नाथ प्रसाद ने कहा कि खेलों के माध्यम से बच्चों को अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास की शिक्षा मिलती है। वहीं बीपीओ राधा सिंह ने फुटबॉल के लाभ गिनाते हुए बताया कि यह खेल न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि सामाजिक कौशल और आत्म-विश्वास बढ़ाने में भी मदद करता है।

प्रतियोगिता का परिणाम:

अंडर-17 बालिका वर्ग:
कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बनाम प्लस टू हाई स्कूल, विजेता: कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय

अंडर-15 बालक वर्ग:
प्लस टू हाई स्कूल लातबेदवा बनाम प्लस टू हाई स्कूल परसाबाद
विजेता: प्लस टू हाई स्कूल लातबेदवा


अंडर-17 बालक वर्ग:
प्लस टू हाई स्कूल लातबेदवा बनाम आर.के. +2 हाई स्कूल जयनगर
प्रथम स्थान: प्लस टू हाई स्कूल लातबेदवा
द्वितीय स्थान: आर.के. +2 हाई स्कूल जयनगर

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को शिल्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

आयोजन में इनकी रही विशेष भूमिका:
विकास यादव, सुजीत यादव, नीरज कुमार, शैलेन्द्र कुमार सिंह, प्रवीण कुमार, विकास राम, अजय राणा, सकलदेव राम, नागेश्वर प्रसाद साव, सहायक अध्यापक जिला अध्यक्ष वीरेंद्र राय, जिला महासचिव दामोदर यादव, प्रतिभा शर्मा, सुजीत कुमार सिन्हा, नलिन कुमार, प्रखंड अध्यक्ष वीरेंद्र साव, सीताराम कुमार सहित कई शिक्षक एवं खेल प्रेमी इस आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### भारी बारिश के कारण परनपासी का मकान गिरा, हुआ बेघर



**बड़कागांव :** पिछले चार दिनों की लगातार बारिश ने आम जन जीवन को पूर्ण रूप से प्रभावित किया है। जिसका प्रभाव गरीबों के कच्चे मकान पर भी देखने को मिला है। कांडतरी पंचायत अंतर्गत सतबहिया गांव निवासी परनपासी का मिट्टी का कच्चा मकान भारी बारिश में ध्वस्त हो गया। इसके कारण परनपासी को रहने के लिए कई कठिनाइयों से गुजरना पड़ रहा है। मामले को लेकर पंचायत समिति सदस्य रंजीत चौबे ने सरकार से आवास की मांग की ताकि पीड़ित शांतिपूर्वक अपने परिवार के साथ घर में रह सके।

### सतबहिया झरना पुल का नहीं हुआ निर्माण, आवागमन बाधित



बड़कागांव : आखिरकार जो अंदेशा था वही हुआ, जी हां हम बात कर रहे हैं हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड के कांडतरी पंचायत अंतर्गत के सतबहिया के झरना पुल के निर्माण को लेकर , यह पुल बड़कागांव – हेंदेगिर मुख्य सड़क पर बना हुआ था। पर बीते वर्ष बरसात में ही टूट गया था।जिसके लेकर प्रात: आवाज सहित कई अखबार ने इस न्यूज को छापा था।और इतना ही नहीं सतबहिया टोला के ग्रामीणों के द्वारा इस पुल के निर्माण को लेकर काफी प्रयास भी किया गया। ग्रामीणों ने पूर्व वार्ड सदस्य सुरेंद्र कुमार के अगुवाई में हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर प्रखंड एवं जिला मुख्यालय को अवगत भी कराया।ग्रामीणों के द्वारा आवेदन प्राप्त के तत्पश्चात बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने उप विकास आयुक्त–सह–सचिव जिला खनन फाउंडेशन ट्रस्ट , हजारीबाग को पत्रांक 163 दिनांक 27 जनवरी 2025 के आलोक में अवगत कराया और कहा कि ग्राम पंचायत कांडतरी के आदिम जनजाति टोला सतबहिया में झरना पुल टूट जाने के कारण आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।विधिवत हो कि इसी रास्ते से होकर बड़कागांव प्रखंड के बहुचर्चित पर्यटन स्थल बरसों पानी, सतबहिया बिरहोर टोला, पलांडू , चेलंदागदाग, झिकझोर, कुंदरु आदि जाने का मार्ग है।ग्रामीणों के द्वारा दिए गए आवेदन पत्र मूल रूप से इस पत्र के साथ संलग्न कर भेजते हुए अनुरोध किया कि उक्त पुल का निर्माण डीएमएफटी या अन्य मद से कराने की कृपा की जाए। वहीं ग्राम सतबहिया के पूर्व वार्ड सदस्य सुरेंद्र कुमार ने बताया कि मैं ग्रामीणों के सहयोग से विभाग को समय पुर्व तमाम बिंदु पर अवगत कराया जिला कार्यालय के पदाधिकारी से भी संपर्क किया।कन्या अभियंता स्थल पर आकर टूटे हुए पुल का निरीक्षण भी किया। विभाग के अधिकारियों के द्वारा आश्वासन पर आश्वासन मिलते गया। पर ना योजना स्वीकृत हुई और ना ही कार्य हुआ।और इस प्रकार हम ग्रामीणों का प्रयास विफल रहा।

### पुलिस की मादक पदार्थों के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार



**चतरा :** चतरा शहर के केसरी चौक पर इनोवा क्रिस्टा कार से 49 पेटी अवैध शराब के साथ दो तस्करो को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है। इस मामले मे पुलिस अधीक्षक ने बताया की गुप्त सूचना मिली की एक चार पहिया वाहन में अवैध अंग्रेजी शराब लोडकर चतरा के रास्ते शराब प्रतिबंधित राज्य बिहार जाने वाली है । पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सदर थाना अंतर्गत वाहन चेकिंग के क्रम में 1.अमित शाही, उम्र– 27 वर्ष, पे0– जुगेश्वर साही, सा0– बास्की, पो0– मुड़मा, थाना माण्डर, जिला रांची एवं 2. अनिश कुमार, उम्र– 25 वर्ष, पिता– बृजनन्दन राय, सा0– टिरा जटमलपुर, थाना कल्याणपुर, जिला समस्तीपुर (बिहार) को INNOVA CRYSTA वाहन एवं 49 कार्टुन अवैध अंग्रेजी शराब सहित गिरफ्तार किया गया ।

### झुमरी तिलैया में हेलमेट चेकिंग अभियान, बिना हेलमेट वाले दो पहिया चालक पर कार्रवाई



**झुमरी तिलैया :** तिलैया थाना के बाहर हेलमेट चेकिंग अभियान का आयोजन किया गया, जो कोडरमा के एसपी अनुदीप सिंह के निर्देश पर किया गया। इस अभियान का नेतृत्व यातायात प्रभारी सलाउद्दीन खान ने किया। चेकिंग के दौरान, बिना हेलमेट पहने मोटरसाइकिल चालकों पर कार्रवाई की गई। डीटीओ ऑफिस से आए अभिषेक मरांडी ने ऐसे चालकों को ?1000 का चालान काटा। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य बाइक सवारों में सुरक्षा जागरूकता बढ़ाना और सड़क दुर्घटनाओं को कम करना है। यातायात पुलिस का कहना है कि हेलमेट पहनना न केवल एक कानूनी आवश्यकता है, बल्कि यह जीवन की सुरक्षा के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है। इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### धरती आबा जन भागीदारी अभियान अंतर्गत ग्राम कटियो में शिविर का हुआ आयोजन

**मरकच्चो :** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एंव प्रधानमन्त्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान योजना अंतर्गत प्रखंड मरकच्चो के डगरनवां पंचायत स्थित ग्राम कटियो में शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया गया।उक्त शिविर का आयोजन अनुसूचित जनजाति समुदाय के परिवार को केंद्र प्रायोजित विभिन्न योजनाओं का लाभ उनके गांवों में प्रदान किया जाना है। शिविर में काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी। शिविर में 06 आधार कार्ड बनाया गया,10 मनरेगा जॉब कार्ड,30 आयुष्मान कार्ड,11 जन धन खाता,13 पेंशन ,21 सिकल टेस्ट,12 जाति प्रमाण पत्र,120 राशन से संबंधित,12 आवासीय प्रमाण पत्र,80 लाभुकों को इंद्रधनुष योजना का लाभ दिया गया,7 मुद्रा योजना आदि योजनाओं का लाभ लाभुकों को दिया गया। शिविर का आयोजन कर के सरकार अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। शिविर में ओपीडी के तहत 112 लाभुकों का स्वास्थ्य जांच कर मुफ्त दवा का वितरण किया गया।

## एक नजर

### एयरटेल के बिहार-झारखंड के सीईओ ने डीजीपी से की मुलाकात

रांची : एयरटेल के बिहार-झारखंड के सीईओ सुजय चक्रवर्ती ने झारखंड के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता से मुलाकात की। इस दौरान राज्य में बढ़ती ऑनलाइन धोखाधड़ी से निपटने और डिजिटल सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने के लिए सहयोगात्मक प्रयासों पर व्यापक चर्चा की गई। सुजय चक्रवर्ती ने बताया कि भारत की अग्रणी टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल ने झारखंड और बिहार में ग्राहकों को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाने के अपने मिशन में महत्वपूर्ण प्रगति की है। कंपनी ने अपनी अक-संचालित धोखाधड़ी का पता लगाने वाली प्रणाली के राष्ट्रव्यापी रोलआउट के तहत महज 37 दिनों के भीतर राज्य भर में 61 लाख से अधिक उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित किया है। उन्होंने बताया कि यह अत्याधुनिक सुरक्षा प्रणाली सभी एयरटेल मोबाइल और ब्रॉडबैंड ग्राहकों के लिए स्वतः सक्रिय होती है। यह प्रणाली स्टर, व्हाट्सऐप, टेलीग्राम, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ईमेल और अन्य ब्राउजर्स पर भेजे गए लिंक को स्कैन और फिल्टर करती है। यह रियल टाइम थ्रेट इंटेलिजेंस का उपयोग करती है और प्रतिदिन 1 अरब से अधिक यूआरएल का विश्लेषण करती है। यह सिस्टम खतरनाक साइट को केवल 100 मिलीसेकंड में ब्लॉक कर देता है। यूजर को उसकी पसंदीदा भाषा में चेतावनी संदेश भी भेजा जाता है, जिसमें बताया जाता है कि ब्लॉक कर दिया गया है और एयरटेल ने इस साइट को खतरनाक पाया है। यह संपूर्ण प्रक्रिया रियल टाइम में महज एक पल में पूरी हो जाती है। इस पहल पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सुजय चक्रवर्ती ने कहा, एयरटेल अपने ग्राहकों को हर प्रकार की धोखाधड़ी से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### जल निकासी के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी नहीं मिली जनता को राहत : नायक

रांची : आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि झारखंड की राजधानी रांची में पिछले 10 वर्षों में जलजमाव की समस्या को खत्म करने के लिए 887 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च की गई, फिर भी शहरवासियों को इस समस्या से निजात नहीं मिली। यह गंभीर मुद्दा है और जांच का विषय भी है। श्री नायक ने आगे कहा कि भाजपा, झामुमो और कांग्रेस के नेताओं ने जलजमाव समाधान के नाम पर खुलेआम लूट को अंजाम दिया है। उन्होंने कहा कि इन सत्ता के मठाधीशों ने जनता को नारकीय जीवन जीने के लिए मजबूर कर दिया और जनता की सुविधाओं के नाम पर केवल भ्रष्टाचार किया है। श्री नायक ने रांची में जलजमाव की समस्या पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया में कहा कि शहरवासियों को हर बारिश में जलभराव, यातायात जाम और गंदगी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने विभिन्न योजनाओं का हवाला देते हुए बताया कि सरकारों ने बड़े-बड़े दावे किए, मगर धरातल पर कोई ठोस परिणाम नहीं दिखा।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य अभियंता (निर्माण-I)/दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच, कोलकाता-700043 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड किया गया है। निविदा निर्धारित तारीख को दोपहर 12:00 बजे बंद कर दी जाएगी। ई-निविदा सूचना संख्या: 0101-आरएनसी-डीसीई-सी-01-2025-26, दिनांक: 16.06.2025। कार्यों का संक्षिप्त विवरण: आद्रा मंडल में भोजुडीह यार्ड पीएच-III में यार्ड रिमॉडलिंग- दक्षिण पूर्व रेलवे के लूप लाइन एवं पुडल साइडिंग आदि सहित आद्रा मंडल में भोजुडीह यार्ड पीएच-III में गठन एवं कटाई में भूमि कार्य का सम्पादन सहित एलएचएस का निर्माण, पी.वे लिंकिंग कार्य सहित बैलास्ट की आपूर्ति, सेवा भवनों का निर्माण, एफओबी तथा अन्य सम्बंधित कार्य। अनुमानित लागत: ₹ 15.40 करोड़। बोली प्रतिभूति: ₹ 9,20,200। पूरा करने की अवधि: 18 महीने। बंद होने की तारीख: 21.07.2025। निविदा के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा/स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस मद के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। वि.द्र.: अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए, भावी बोलीदाता वेबसाइट www.ireps.gov.in नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-296)


# हमें भाषा और संस्कृति का सम्मान करना चाहिए : राज्यपाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि हमारा भारतवर्ष विविधताओं का देश है। यहां की भाषाएं, परंपराएं, संस्कृति और रीति-रिवाज अत्यंत समृद्ध हैं। हम सब एक सूत्र में बंधे हुए हैं, यही हविविधता में एकताह हमारी सबसे बड़ी शक्ति है और यह पूरी दुनिया के सामने एक अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। राज्यपाल शुक्रवार को राज भवन में आयोजित बंगाल स्थापना दिवस समारोह में झारखंड में निवास कर रहे बंगालवासियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें न केवल अपनी भाषा और संस्कृति का सम्मान करना चाहिए, बल्कि अन्य राज्यों की भाषा और संस्कृति का भी आदर करना चाहिए। इस दिशा में हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से आरंभ किया गया "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" एक दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य भारत के विभिन्न राज्यों के बीच एकता,




सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आपसी समझ को सुदृढ़ बनाना है। उन्होंने कहा कि झारखंड और बंगाल, ये दो राज्य न केवल भौगोलिक रूप से जुड़े हैं, बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक और भावनात्मक रूप से भी एक-दूसरे के अत्यंत निकट हैं। झारखंड में रह रहे बंगाली समुदाय ने राज्य की सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक प्रगति में जो योगदान दिया है, वह अत्यंत सराहनीय है। राज्यपाल ने कहा कि बंगाल की भूमि सृजन, विचार और सांस्कृतिक चेतना की भूमि रही है। इस राज्य ने राष्ट्रीय निर्माण में ऐतिहासिक योगदान दिया है। बंगाल पुनर्जागरण से लेकर स्वतंत्रता संग्राम तक इस भूमि ने ऐसे महान चिंतकों, लेखकों, कवियों और क्रांतिकारियों को जन्म दिया जिन्होंने हमारी राष्ट्रीय चेतना पर अमिट छाप छोड़ी। इस भूमि ने रवींद्रनाथ टैगोर, शरतचंद्र, बंकिमचंद्र जैसे साहित्य के स्तंभ दिए, जिनकी लेखनी ने विश्व स्तर पर भारतीय अस्मिता को पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि बंगाल ने समाज सुधार और स्वतंत्रता संग्राम के क्षेत्र में भी देश को नई दिशा दी। राजा राम मोहन राय ने सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध बिगुल फूंका, वहीं नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आजादी के आंदोलन को अद्भुत साहस और दृढ़ संकल्प के साथ नई गति दी। बंगाली समाज ने परंपरा और आधुनिकता के संतुलन का जो उदाहरण प्रस्तुत किया है, वह सम्पूर्ण भारत के लिए प्रेरणादायक है। राज्यपाल ने कहा कि बंगाल की जनता उत्सवप्रिय होती है और अपने त्योहारों को श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाते हैं। दुर्गा पूजा और काली पूजा जैसे पर्वों में देश के कोने-कोने से लोग सम्मिलित होते हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल न केवल सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध है, बल्कि औद्योगिक और आर्थिक दृष्टि से भी देश के अग्रणी राज्यों में रहा है। जूट, कपड़ा, कृषि, सूचना प्रौद्योगिकी आदि क्षेत्र में राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति की है।

## बालू माफियाओं की करतूत से टूटी बनई नदी की पुल : दिलीप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड में जारी अवैध बालू खनन के कारण पुल-पुलियों की स्थिति लगातार भयावह होती जा रही है। खूंटी-सिमडेगा पथ पर स्थित बनई नदी पुल का हालिया टूटना इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। इस गंभीर विषय पर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप मिश्रा ने शुक्रवार को बातचीत में कहा कि राज्य में अवैध बालू खनन ने पुलों की नींव खोखली कर दी है। बनई नदी पुल का टूटना कोई आकस्मिक दुर्घटना नहीं, बल्कि वर्षों से जारी अवैध उठाव का नतीजा है। इस पुल की पीलर से बालू लगभग गायब हो गया था। ऊपर से बारिश ने ले डूबा। उन्होंने बताया कि बकसपूर पूल भी अब धंसने की कगार पर है। यहां भी पुलिस प्रशासन और बालू माफियाओं के गंठजोड़ से जमकर बालू उठाव किया गया है। धंसने की कगार पर है। इसी तरह तोरपा के अम्बापकना गिड़ुम पुल और करोड़ों की लागत से बना तमाड़ का बमलाडीह पुल पहले ही इनके पिलर से सटाकर बालू उठाव किया गया था। जिसके कारण पुल ध्वस्त चुका है। दिलीप मिश्रा ने आरोप लगाया कि राज्य में प्रशासनिक महकमों और बालू माफियाओं की मिलीभगत के कारण ही यह संकट पैदा हुआ है। नहीं तो एनजीटी के निर्देशों के बावजूद अवैध खनन बदस्तूर कैसे जारी है। सोचनीय विषय है। हालांकि सरकार और विभागों को बार-बार पत्र लिखकर बालू उठाव मामले को अवगत कराया गया है। पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने पूर्व मंत्री एनोस एक्का के कार्यकाल में बनई नदी पर बने पुल में घटिया सामग्री उपयोग का भी जिक्र किया।

## वरिष्ठ पत्रकार नवीन मिश्र का निधन मुक्तिधाम में हुआ अंतिम संस्कार





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : वरिष्ठ पत्रकार और आउटलुक के झारखंड प्रतिनिधि नवीन मिश्र नहीं रहे। लगभग 20 वर्षों तक दैनिक जागरण और उससे पहले दस वर्षों तक रांची एक्सप्रेस में पत्रकारिता कर चुके श्री मिश्र रांची की पत्रकारिता जगत में विशेष पहचान रखते थे। हाल ही में ब्रेन हैमरेज होने के बाद मेडिका अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था जिसके बाद गुरुवार देर रात उन्होंने इस नश्वर संसार को अलविदा कह दिया। शुक्रवार को हरमू मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार हुआ। इससे पूर्व 01 बजे रांची प्रेस क्लब में उनको अंतिम विदाई दी गई। उनके निधन पर रांची प्रेस क्लब समेत पूरा पत्रकारिता समाज मर्माहत है। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और परिजनों को यह दुःख सहने की शक्ति दें।

## रांची नगर निगम के नवनियुक्त नगर आयुक्त सुशांत ने संभाला पदभार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : रांची नगर निगम के नवनियुक्त आयुक्त और आईएएस अधिकारी सुशांत गौरव ने शुक्रवार को औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान प्रशासक संदीप सिंह ने उन्हें नगर आयुक्त का कार्यभार सौंपा और नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सुशांत गौरव के नेतृत्व में नगर निगम का कामकाज और अधिक गति और पारदर्शिता से आगे बढ़ेगा। नये नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और कहा कि रांची शहर के समग्र विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि



सफाई व्यवस्था, जल निकासी, सड़क मरम्मत, ट्रैफिक प्रबंधन और डिजिटल सेवाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में निगम पूरी सक्रियता से काम करेगा। पदभार ग्रहण समारोह के अवसर पर निगम के अपर प्रशासक संजय कुमार, उप प्रशासक रविंद्र कुमार, गौतम प्रसाद साहू, मुख्य अभियंता प्रवीण जयंत भेंगरा, नगर निवेशक, सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी, सभी सहायक प्रशासक, कार्यपालक अभियंता, अधीक्षण अभियंता और कार्यालय अधीक्षक सहित कई अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे।

## झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष ने किया ग्रिड स्टेशनों का निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने भारी बारिश के बीच शुक्रवार को राजधानी रांची स्थित ग्रिड स्टेशनों एवं विद्युत आपूर्ति केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्युत कर्मियों की सुरक्षा, संसाधनों की उपलब्धता और कार्य स्थितियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में बिजली का काम सबसे जोखिम भरा होता है। ऐसे समय में कर्मियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। अध्यक्ष ने कहा कि हमारे विद्युत कर्मी रात-दिन खतरे उठाकर पूरे राज्य को रोशन रखते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा और सम्मान दोनों हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। अध्यक्ष ने विभागीय अधिकारियों से आग्रह किया कि सभी फील्ड कर्मियों को समय पर रेनकोट, हेलमेट, सेफ्टी ग्लव्स, गमबूट और इंसुलेटेड टूल्स उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही उन्होंने राज्यवासियों को भीगे हुए इलेक्ट्रिकल उपकरणों से दूर रहने की हिदायत दी। कहा कि किसी भी आपात स्थिति में बिजली विभाग को तत्काल सूचना दिया जाए। अजय राय ने कहा कि झारखंड में लगातार हो रही बारिश के कारण राज्य के कई जिलों में बिजली की आपूर्ति बाधित है। उन्होंने लाइन फॉल्ट, ट्रांसफॉर्मर डैमेज और पोल गिरने जैसी घटनाएं बढ़ गई हैं। इन हालात में विद्युतकर्मियों की सुरक्षित ड्यूटी सुनिश्चित कराने पर बल दिया।

# ब्यूरोक्रेट्स साथ दें तो रांची को एक साल में एक नंबर शहर बनाएंगे : संजय सेठ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि 21 जून को पूरा देश 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाएगा। पूरे देश भर में एक लाख जगह पर और 175 देश में योग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह कोई राजनीति नहीं करना चाहते, वे रांची को बचाने आए हैं, उन्होंने आरोप लगाया कि रांची नगर निगम के अकर्मण्यता के कारण रांची में चारों तरफ पानी भरा हुआ है। हर तरफ घर, दुकान डूबी हुई हैं। यह सब नगर निगम की अकर्मण्यता है। उन्होंने कहा कि ब्यूरोक्रेट्स अगर साथ दे तो इंदौर को पछाड़कर रांची को एक साल में एक नंबर शहर बनाएंगे। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शुक्रवार को अरगोड़ा स्थित सांसद कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि देश के लोग निरोगी रहें। इसका असर है कि आज पूरा विश्व योग को अपनाकर अपने स्वास्थ्य जीवन का लाभ ले रहे हैं। कोरोना काल में लोगों ने योग को अपनाकर अपनी जान बचाई प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से हम लोग सभी योग के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। वे कांके के कुम्हारिया गांव में प्रधानमंत्री स्कूल में शनिवार को ग्रामीणों के साथ योग करेंगे। इस योग कार्यक्रम में 20 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि लगातार बारिश से जो रांची में हुआ, वह नहीं होना चाहिए था। इसका दोषी कौन है, मैं कोई राजनीति नहीं करना चाहता, मैं रांची को बचाने आया हूं' रांची नगर निगम की अकर्मण्यता के कारण रांची के चारों तरफ पानी भरा हुआ है। हर तरफ घर, दुकान डूबी हुई हैं। यह सब नगर निगम की अकर्मण्यता के कारण है। रांची के लोगों का जीवन नरकीय बन गया है। उन्होंने कहा कि ब्यूरोक्रेट्स अगर साथ दे तो हम इंदौर को पछाड़कर रांची को एक साल में एक नंबर शहर बनाएंगे। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि रांची की ऐसी नरकीय स्थिति का एक बड़ा कारण नगर निगम का चुनाव नहीं होना भी है। चुनाव होने के बाद संबंधित वार्ड सदस्य अपने-अपने क्षेत्र की देखरेख और साफ सफाई की जिम्मेदारी लेते हैं। इसके परिणाम स्वरूप जल जमाव नहीं हो पाता है। पार्षद सालों भर अपने-अपने मोहल्लों की नालियों की सफाई करते रहते हैं परंतु चुनाव नहीं होने से पूरी व्यवस्था चरमरा गई है। यह सोचने वाली बात है कि पहाड़ी इलाका रांची जलमग्न कैसे हो रहा है? आखिर नगर निगम के चुनाव क्यों नहीं हो रहे हैं। इसके लिए जिम्मेदार कौन है। दो दिन की बारिश में लोगों के करोड़ों रुपये की संपत्ति बर्बाद हुई इसका जिम्मेदार कौन है। उन्होंने कहा कि जहां-तहां बड़े-बड़े नालों पर अतिक्रमण भी जल जमाव का एक बड़ा कारण बन चुका है। बड़े-बड़े नालों की सफाई नहीं हो पाती है, जिस वजह से कई मोहल्ले डूबे हुए हैं। उन्होंने कहा कि जब शहर का यह हाल है तो ग्रामीण का क्या हाल होगा। बिजली आपूर्ति की भी यही दुर्दशा है पूरा शहर और गांव अंधकार में है। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन रांची वासियों की चिंता करे और प्राथमिकता के आधार पर इस दिशा में काम शुरू होना चाहिए। कल योग दिवस के अवसर पर सभी सभी मंडल के बीच केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री की ओर से योग किट वितरण किया गया। इस प्रेस वार्ता में रांची महानगर के अध्यक्ष वरुण साहू महामंत्री बलराम सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।





## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल, मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष ने दी राष्ट्रपति को जन्मदिन की बधाई

रांची : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को जन्मदिन की बधाई दी है। राज्यपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को लिखा कि भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आपका सादगीपूर्ण जीवन, दृढ़ संकल्प और जनसेवा के प्रति समर्पण सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करता हूं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। आपका दूरदर्शी नेतृत्व और समर्पण देश के लिए प्रेरणास्रोत है। मरांग बुरु आपको सदैव स्वस्थ और सुदीर्घ जीवन प्रदान करें, यही कामना करता हूं। वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट के जरिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को जन्मदिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने लिखा है कि बाबा बैद्यनाथ से आपके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना करता हूं।

### झारखंड के कई जिलों में 25 तक बारिश के आसार



रांची : झारखंड के कई जिलों में 25 जून तक बारिश के आसार हैं। यह जानकारी मौसम विभाग ने दी है। विभाग के अनुसार 21 जून राज्य के उत्तर-पश्चिमी एयर उत्तर-पूर्वी जिले के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने की संभावना है। साथ ही कुछ इलाकों में आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है। 22 और 23 जून को राज्य के कुछ इलाकों में गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है। 24 उत्तर-पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी जिलों के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की संभावना है। वहीं 25 जून को राज्य के सभी इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। इधर, पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश रांची के कांके में 300.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं राजधानी रांची में 153.3 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। जमशेदपुर में 247.2, डालटेनगंज 107.4, बोकारो 38.6, चाईबासा में 123.3, खूंटी में 105, बहरागोड़ा में 237.5 लातेहार में 150 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। इस दौरान राज्य में सबसे अधिक अधिकतम तापमान बोकारो में 30.2 और सबसे कम न्यूनतम तापमान 20.8 डिग्री सेल्सियस लातेहार में रिकॉर्ड किया गया। वहीं शुक्रवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से रुक-रुक कर बारिश होती रही। भारी बारिश से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में अंतर महज दो डिग्री सेल्सियस रह गया है। रांची में अधिकतम तापमान 23.9 और न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं जमशेदपुर में 26 एयर 21.4, डालटेनगंज में 28.6 और 23.5, बोकारो में 28.1 और 24.5 तथा चाईबासा में अधिकतम तापमान 25.4 और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### पूर्व सांसद ने की मंत्री को पुस्तक भेंट



रांची : कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से उनके आवासीय कार्यालय में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह पूर्व सांसद प्रदीप कुमार बलमुचू ने शुक्रवार को मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपनी पुस्तक झारखंड एक सिंहावलोकन भेंट की। बलमुचू ने मंत्री को बताया कि यह पुस्तक झारखंड राज्य गठन, झारखंड आंदोलन, झारखंड की संस्कृति, संपदा, वन-पर्यावरण के संरक्षण और औद्योगिक विकास का समाज पर असर सहित राज्य की वर्तमान राजनीतिक हालात पर केंद्रित है। पुस्तक में झारखंड के निर्माण से लेकर अब तक की यात्रा का जिक्र किया गया है। इस अवसर पर मंत्री ने बलमुचू को बधाई और शुभकामनाएं दी। मंत्री शिल्पी ने कहा कि झारखंड के हर वर्ग के लिए यह पुस्तक लाभप्रद साबित होगा।

### भारी बारिश से बिजली व्यवस्था ठप

रांची : राजधानी रांची में लगातार हो रही बारिश ने जहां गर्मी से राहत दी, वहीं बिजली आपूर्ति व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। राजधानी रांची के कई हिस्सों समेत गुमला, बोकारो लोहरदगा, खूंटी, चाईबासा और गढ़वा अन्य जिलों में बिजली चरमरा गई है। यहां घंटों बिजली आपूर्ति ठप है। जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बारिश के साथ तेज आंधी और आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं से कई बिजली की पोल और तार गिर गये है। सुदूरवर्ती क्षेत्रों में मरम्मत कार्य देर रात तक नहीं हो सका, जिससे गांवों में अंधेरा पसरा रहा। वहीं खबर लिखे जाने तक रांची शहर में मेन रोड, अशोक नगर, हरमू, लालपुर क्षेत्र में कई घंटों तक बिजली नहीं थी। जबकि सिसई (गुमला), तमाड़ (रांची), बसेरिया (लोहरदगा) और बकसपुर (खूंटी) जैसे गांवों में 12 से 18 घंटे तक बिजली गुल रही। कामेश्वर कहते हैं कि बिजली नहीं रहने से रातभर बच्चों और बुजुर्गों को मच्छरों ने परेशान किया। नामकुम निवासी कमला देवी ने बताया कि बारिश होते ही बिजली चली जाती है। विभाग सिर्फ शिकायत लेता है, समाधान नहीं करता। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेवीएनएल) के अधिकारियों ने बताया कि आंधी-तूफान के कारण कई जगह तार और ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त हुए हैं। पूरी टीम मरम्मत कार्य में लगी है। जल्द आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

### पूर्व डीसी छवि रंजन की क्रिमिनल रिट पर हाई कोर्ट ने ईडी को किया नोटिस

रांची : जमीन घोटाले मामले में आरोपित रांची के पूर्व डीसी और निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन की क्रिमिनल रिट पर झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने ईडी को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में हुई। अदालत अब इस मामले में 18 जुलाई को सुनवाई करेगा। उल्लेखनीय है कि रांची के बड़गाईं अंचल के बरियातु स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े इस केस में ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त आईएएस छवि रंजन, चर्चित कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष को आरोपी बनाया है। छवि रंजन ने अपनी याचिका में ट्रायल कोर्ट की ओर से लिए गए संज्ञान को भी चुनौती दी है। उनकी ओर से कहा गया है कि बिना अभियोजन स्वीकृति के उनके विरुद्ध ट्रायल चलाया जा रहा है, जो न्याय संगत नहीं है।

# बोकारो में अवैध हथियार फैक्ट्री और नकली बीयर निर्माण का भंडाफोड़

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** गुरुवार की रात्रि को पुलिस अधीक्षक बोकारो के निर्देश पर स्थानीय पुलिस, कोलकाता एटीएस और झारखंड एटीएस ने संयुक्त कार्रवाई कर जरीडीह उपर बाजार (गांधीनगर ओपी क्षेत्र) में अवैध हथियार निर्माण और नकली बीयर फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। छापेमारी में सुरज साव के गोदाम और कावेरी मैरेज हॉल को टारगेट किया गया।





**कार्रवाई के मुख्य बिंदु**

कावेरी मैरेज हॉल के सामने गोदाम से अवैध हथियार बनाने के उपकरण, लैथ मशीन, अर्धनिर्मित पिस्टल, और अन्य सामान बरामद। घटनास्थल से दो अपराधी - प्रवीण कुमार और केशव कुमार (खगड़िया, - रंगे हाथ गिरफ्तार। पूछताछ के बाद कावेरी मैरेज हॉल के पहले तल्ले पर छापा, जहां 40 कार्टून नकली टिप्सी केन बीयर, स्टीकर, रेपर और ढक्कन बरामद।

मौके से 1 लाख रुपये नगद, पिस्टल के पार्ट्स, और कई मशीनें जब्त। बरामद सामान 3 बड़े हथियार निर्माण उपकरण, लैथ मशीन 6 अर्धनिर्मित पिस्टल, 6 स्लाइडर, 9 बॉडी ढांचा, 13 बैरल प्लेट, 3 स्क्रैप प्लेट ड्रिलचक, ग्राइंडर, पाइप रिंग, हेक्सा ब्लेड, आदि अन्य उपकरण 40 कार्टून नकली बीयर और पैकिंग सामग्री

**आगे की कार्रवाई**

टीम अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। इस कार्रवाई से अवैध हथियार और नकली शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

## एक नजर

### चास के केदार दस नगर में गहना चमकाने के नाम पर 2 लाख की ठगी



**बोकारो (चास):** चास थाना क्षेत्र के केदार दस नगर में शुक्रवार को गहना चमकाने के नाम पर दो जालसाजों ने अनीता देवी के घर से करीब दो लाख रुपये के गहने ठग लिए और फरार हो गए। पीड़िता अनीता देवी ने बताया कि दो युवक अचानक घर में घुस आए और खुद को गहना साफ करने वाला बताया। उन्होंने हाथ में पाउडर दिया, जिससे कुछ देर के लिए दिमाग सुन्न हो गया। उसी दौरान घर में मौजूद दूसरी महिला भी असहज महसूस करने लगी। इसके बाद दोनों महिलाओं ने चेन, अंगूठी और नथनी उन युवकों को दे दी। युवक पैकेट में गहना बंद कर पिन मारने लगे। जब अनीता देवी ने सवाल किया, तो एक युवक बाहर भाग गया और बाइक चालू की। दूसरा भी तुरंत बाइक पर बैठकर भाग गया। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है, जिसमें दोनों का चेहरा और बाइक साफ दिख रहा है। घटना के बाद अनीता देवी ने अपने परिवार और पूर्व पार्षद अरविंदर सिंह भाटिया को सूचना दी। चास थाना पुलिस मौके पर पहुंची, सीसीटीवी फुटेज लेकर जांच शुरू कर दी है और जल्द गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया है। पीड़िता के पति अशोक कुमार अग्रवाल ने बताया कि वे दुकान पर थे, वार्ड पार्षद के फोन पर घर पहुंचे तो पत्नी डरी-सहमी मिली। उन्होंने बताया कि जेवर ऑपरेशन के लिए रखे गए थे। परिवार ने पुलिस से जल्द कार्रवाई और गहनों की बरामदगी की मांग की है।

### रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध हालत में मिला नाबालिग, आरपीएफ ने चाइल्ड लाइन को सौंपा



बोकारो : शुक्रवार को तड़के लगभग 3 :20 बजे बोकारो रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ पोस्ट बोकारो के एएसआई डी.के. द्विवेदी ने अपनी टीम और ह्यमेरी सहेलीह्न टीम के साथ स्टेशन की नियमित जांच के दौरान एक नाबालिग लड़के को संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए पकड़ा। यह घटना प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर ट्रेन संख्या 63620 (आसनसोल-बर्दवान मेमू) के पास घटी। पूछताछ में लड़के ने अपना नाम सरमन घोष (उम्र लगभग 14 वर्ष), पिता का नाम सिकंदर घोष, निवासी कमरपुर बिहारीटोला, थाना गोलसी, जिला बर्धमान (पश्चिम बंगाल) बताया। जांच के दौरान यह सामने आया कि वह अपने अभिभावकों को बिना बताए घर से भाग आया था और उसके पास यात्रा के लिए कोई वैध टिकट या अनुमति नहीं थी।

### मंगलडाडी का स्वयं सेवी संस्था ने बदला दृश्य

**बोकारो :** चंद्रपुरा प्रखंड के मल्हार परिवार गांव मंगलडाडी का पूरा कायाकल्प बदलने में पूरा योगदान स्वयं सेवी संस्था आकाश गंगा वेलफेयर सोसायटी के अहम योगदान रहा। ये मल्हार परिवार के सभी लोग पहले सरैयाटांड में रहते आ रहे थे। 2019 में आपसी लड़ाई झगड़े होने के कारण ये 12 परिवार के लोग मंगलडाडी में जमीन लेकर झोपड़ी नुमा घर बनाकर वर्ष 2020 से रहने लगे। उस समय यहां ओर चारो ओर झाड़ी था। रहने लायक कोई सुविधा नही था। पानी इन लोग 1 किलोमीटर दूर खेत के डाडी से पानी लाते थे। इस डाडी में जानवर भी पानी पीते थे और इन लोग भी साथ मे नहाना भी होता था।

## पेटरवार में शराब दुकान के मैनेजर से छह लाख की लूट, कानून व्यवस्था पर उठे सवाल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पेटरवार :** थाना क्षेत्र के व्यस्त इलाके में दिनदहाड़े एक सनसनीखेज वारदात को अंजाम देते हुए बाइक सवार बदमाशों ने शराब दुकान के मैनेजर से करीब छह लाख रुपये नकद लूट लिए और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। जानकारी मिलते ही पेटरवार थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। पीड़ित सेल्समैन द्वारा थाने में लिखित तहरीर दी गई है, जिसके आधार पर जांच जारी है। इस घटना पर गोमिया के पूर्व विधायक लंबोदर महतो ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अपराध की निंदा की और पुलिस प्रशासन से अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने कहा,

यह कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती है। पुलिस कैंप से महज आधा किलोमीटर दूर, मेरे आवासीय कार्यालय के समीप और घनी आबादी वाले क्षेत्र में इस प्रकार की लूट अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। स्थानीय नागरिकों में पुलिस की निष्क्रियता को लेकर आक्रोश है और वे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि शीघ्र ही अपराधियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।

## दुकानों की छतें गिर रहीं, पानी से हो रहा सामान बर्बाद, दुकानदारों ने प्रशासन से लगाई गुहार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चास :** प्रखंड अंतर्गत बिजुलिया मार्केट में जिला परिषद द्वारा आवंटित दुकानें आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही हैं। लगातार चार दिनों से हो रही बारिश ने इन दुकानों की जर्जर स्थिति को और भी भयावह बना दिया है। कई दुकानों की छतों का प्लास्टर टूटकर गिर रहा है और अंदर पानी रिसकर घुस रहा है, जिससे दुकानों में रखा सामान खराब हो रहा है। गुरुवार की रात को नवीन महतो की दुकान का छज्जा अचानक गिर गया, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। वहीं अन्य दुकानदारों की दुकानें भी असुरक्षित स्थिति में हैं। दुकानदारों का कहना है कि यदि समय रहते मरम्मती कार्य नहीं कराया गया, तो कभी भी जानलेवा हादसा हो सकता है।



**दुकानदारों ने जताई नाराजगी :**

दुकानदार नवल कुमार उपाध्याय, नवीन महतो, विक्रम साव, नारायण साव आदि ने बताया कि वर्ष 2003झ04 में उन्हें जिला परिषद द्वारा यह दुकानें आवंटित की गई थीं। लेकिन वे लोग वर्ष 2000 से ही दुकानों की मरम्मत के लिए सामूहिक रूप से आवेदन दे रहे हैं। इसके बावजूद अब तक किसी भी प्रकार की मरम्मत नहीं कराई गई है। मजबूरी में दुकानदार प्लास्टिक और बांस के सहारे दुकानों को ढककर कारोबार चला रहे हैं।

**भुखमरी की स्थिति तक की आशंका:**

दुकानदारों ने बताया कि बारिश का पानी दुकान के अंदर घुस रहा है, जिससे समान खराब हो रहा है और ग्राहक भी नहीं आ रहे।

## महिलाओं में सेवा त्याग समर्पण की भावना अधिक होती है : सुरेश जैन पांडया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** रोटरी क्लब कोडरमा के द्वारा रोटरी सभागार में हम साथ साथ हैं रोटरी पारिवारिक मिलन का आयोजन किया गया जिसमें रोटरी क्लब के सदस्यों की धर्मपत्नी को बुलाकर सम्मानित किया गया और उनके विचारों को सुना गया सभी का परिचय कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर सुरेश जैन ने कराया उन्होंने कहा कि आज का कार्यक्रम महिलाओं की सेवा त्याग समर्पण को समर्पित है रोटरी कोडरमा को सेवा क्षेत्र में सहयोग प्रदान करने में महिलाओं का सबसे बड़ा हाथ होता है रोटरी अध्यक्ष अमित कुमार ने इस मौके पर कहा कि महिलाएं सशक्त होगी तभी पुरुष स्वतंत्र होकर सेवा क्षेत्र में काम कर सकते हैं असिस्टेंट गवर्नर संगीता शर्मा ने कहा कि रोटरी क्लब में महिलाएं अपने पति से कंधे से कंधा मिलाकर सेवा क्षेत्र में काम करती है वार्ड पार्षद पिंकी जैन ने कहा कि महिलाएं राष्ट्र निर्माण की स्तंभ है अपने परिवार समाज के उत्थान के साथ-साथ देश में विकास कार्य के सभी क्षेत्रों में महिलाएं आगे बढ़कर कार्य कर रही है। रोटेरियन रितु सेठ सिमरनजीत सिंह ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया नीलम महर्षि शशि छाबड़ा ने अपने कविता और संगीत के द्वारा लोगों को आनंदित किया वीरू यादव की पुत्री डॉक्टर पूजा यादव को अध्यक्ष अमित कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया उन्होंने भी अपने विचारों को रखा पूर्व अध्यक्ष जय कुमार गंगवाल, कैलाश चौधरी, कुमार पुजारा,अजय अग्रवाल ,राजेंद्र शर्मा, एस डी पांडे, प्रदीप सुरोलिया नेभी अपना संबोधन दिया और कार्यक्रम की सराहना की मौके पर रोटेरियन डॉ संतोष डॉक्टर शोभा एस कुमार शिल्पी गुप्ता,सुभाष मोदी ,संदीप चंचला सिन्हा, संजीव अनीता अग्रवाल, वीरू मंजू यादव, मोहक पल्लवी सुल्तानिया, सुधा शर्मा, रश्मीत कौर, सुनीता पांडे, विकास सेठ, सुशील छाबड़ा ,पब्लिक रिलेशन के डायरेक्टर सह मीडिया प्रभारी नवीन जैन उपस्थित थे।

## आजसू का स्थापना दिवस कल मनाया जायेगा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष राजकुमार मेहता ने कहा है कि 22 जून को आजसू का स्थापना दिवस बलिदान दिवस के रूप में मनाया जायेगा। समारोह खेलगांव के हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में आयोजित होगा. उस दिन झारखंड के संघर्ष के इतिहास और वर्तमान दशा पर मंथन होगा।



**शहीदों को समर्पित होगा बलिदान दिवस**

राजकुमार मेहता ने कहा कि यह दिन झारखंड आंदोलन के अमर शहीदों को समर्पित होगा, जिन्होंने राज्य की अस्मिता, अधिकारों और अस्तित्व की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया. बलिदान दिवस केवल अतीत को याद करने का दिन नहीं है, बल्कि यह आत्ममंथन और भविष्य निर्माण का भी समय है। उन्होंने कहा कि 22 जून झारखंडी भावना को जागृत करने और शहीदों के सपनों को साकार करने का संकल्प दिवस है.यह दिन हमें सोचने पर विवश करता है कि राज्य गठन के बाद हम जनता की अपेक्षाओं पर कहां तक खरे उतरे हैं।

कोडरमा के सभी प्रखंडों से जुटेंगे कार्यकर्ता

राजकुमार मेहता ने बताया कि इस मौके पर राज्यभर के 24 जिलों और 260 प्रखंडों से आजसू कार्यकर्ता समारोह में जुटेंगे और नवनिर्माण की हुंकार भरेंगे.उन्होंने बताया कि बलिदान दिवस की आंदोलनकारियों को सम्मानित किया जायेगा।

# कोडरमा घाटी में हुए 80 लाख रुपये के सोने के लूट कांड का पुलिस ने किया खुलासा, पांच अपराधी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 80 लाख रुपये मूल्य के सोने की लूट की बड़ी घटना का महज 48 घंटे के भीतर उद्भेदन कर दिया है। मामले में लूटा गया सोना, घटनास्थल से प्रयुक्त वाहन और पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि दिनांक 15 जून 2025 की रात को रांची-पटना मुख्य मार्ग स्थित तारा घाटी में लूट की यह घटना घटी। दीपक कुमार गुप्ता, पिता गोपालजी प्रसाद, निवासी सोनार पट्टी, छपरा (बिहार), एक सोने-चांदी के व्यापारी हैं जो कोलकाता से सोना खरीदकर छपरा जा रहे थे। उनके साथ वाहन में स्टाफ



भी मौजूद था। तभी अचानक कुछ अपराधियों ने रास्ते में कार को घेर कर मारपीट की और करीब 80 लाख रुपये मूल्य के सोने के बिस्किट लूट लिए। इस मामले में 17 जून को कोडरमा थाना में कांड संख्या 98/25 दर्ज की गई और पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर चार एसआईटी टीमों का गठन कर जांच शुरू की गई।गिरफ्तारी और बरामदगी में गहन छानबीन और गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने रतनपुर मोड़ के पास एक संदिग्ध वाहन बीआर 27 यू 9580 अर्टिगा को रोका और उसमें सवार चार युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उन्होंने लूट में शामिल होने की बात स्वीकार की। पकड़े गए अभियुक्तों में अमन कुमार, उम्र 21, नवादा, बिहार, सोनु कुमार, उम्र 23, नवादा, बिहार, नितीश कुमार, उम्र 26, नवादा, बिहार, मो. कासिम उर्फ गोरे, उम्र 26, नवादा, बिहार शामिल है। मो. कासिम के पास से 673.7 ग्राम सोना (करीब 70 लाख रुपये मूल्य) बरामद किया गया, जो काले प्लास्टिक में लपेटा हुआ था। पूछताछ के दौरान पता चला कि मुख्य साजिशकर्ता नितीश कुमार ने घटना के समय अपने भतीजे और बहनोई के साथ मिलकर यह योजना बनाई थी। उन्हें वादी की खराब गाड़ी से मदद करने के बहाने घटना स्थल पर रोका गया और सोना लूट लिया गया। वहीं टिंकू कुमार, उम्र 30, निवासी वेली शरीफ, नवादा को उसके ससुराल गंगापुर (नरहट थाना) से गिरफ्तार किया गया। मुख्य आरोपी गुड्डू खान फरार है, पर उसका वाहन महिंद्रा एसयूवी 500 बीआर 21 पी 2902 जब्त कर लिया गया है। बरामद सामान में 673.7 ग्राम सोने का बिस्किट करीब 70 लाख रुपये मूल्य, अर्टिगा कार बीआर 27 यू 9580, महिंद्रा एसयूवी 500 बीआर 21 पी 2902 शामिल है।

## संक्षिप्त खबरें

### दो अवैध बालु लदा ट्रेक्टर जब्त



**मरकच्चो :** अवैध बालु उत्खनन को लेकर जिला प्रशासन काफी सक्रिय है। वहीं शुक्रवार की शुबह नवलशाही थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार ने अवैध बालु से लदे दो ट्रैक्टर को जप्त करते हुए थाना ले आए। इस दौरान उन्होंने बताया कि अवैध बालु उत्खनन को लेकर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। ट्रेक्टर निमाडीह केशो नदी से बालू लाद कर पुरनाडीह की ओर जा रहा था। इसी दौरान थाना क्षेत्र के बच्छेडीह सिंगपुर क्रेसर मंडी रोड में उक्त दोनों बालु लदे ट्रैक्टर के चालकों से बालु संबंधित कागजात की मांग की गई । ट्रैक्टर चालक के द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। वहीं दोनो ट्रेक्टर को जब्त करते हुए अग्रसर करवाही हेतु नवलशाही थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है।

### आधार सेवा केंद्र बंद रहने से लोगों को हो रही परेशानी



**चंदवारा :** प्रखंड मुख्यालय में स्थायी आधार केंद्र भगवान भरोसे सफ्ताह में एक दिन खुलता है जिससे लोगों को आधार से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण वे सरकारी सेवाओं का लाभ नहीं उठा पा रहा प्रखंड कार्यालय अवस्थित स्थायी आधार केंद्र सफ्ताह में एक दिन खुलता है। इस कारण लोगों को आधार से संबंधित समस्याओं के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताते चलें कि प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थायी आधार सेवा केंद्र खोला गया था, जहां लोगों का नए आधार कार्ड बनाने के साथ साथ उसमें अन्य प्रकार के सुधार किए जाते थे। बीते कुछ माह से सफ्ताह में एक दिन ही खुलता है। स्थायी आधार केंद्र बंद रहने से लोगों की आधार संबंधित समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है, जिससे लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। बताते चलें कि प्रखंड मुख्यालय में एक आधार केंद्र का संचालन हो रहा है जहां स्कूली बच्चों का आधार सुधार व नया आधार कार्ड बनाया जा रहा है। लेकिन यह केंद्र भी निरंतर खुला नहीं रहता है। वहीं एकमात्र आधार सेंटर के निरंतर नहीं खुलने से आज भी कई स्कूली बच्चे आधार कार्ड से वंचित हैं। साथ ही चंदवारा समेत पूरे प्रखंड क्षेत्र में एक भी स्थायी आधार केंद्र नहीं रहने से लोग आधार संबंधित समस्याओं के लिए भटकते रहते हैं।

### उप विकास आयुक्त रवि जैन ने संभाला पदभार



**कोडरमा :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में नव पदस्थापित उप विकास आयुक्त, कोडरमा रवि जैन (भा. प्र. से.) ने अपने पद का कार्यभार ग्रहण किया। उन्हें यह पदभार उपायुक्त सह उप विकास आयुक्त ऋतुराज द्वारा औपचारिक रूप से सौंपा गया।इस अवसर पर उपायुक्त महोदय ने जैन को उनके नवीन दायित्वों के निर्वहन हेतु शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और दक्षता के साथ जिले के समग्र विकास को नई दिशा प्रदान करेंगे। पदभार ग्रहण समारोह के दौरान जिला के अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुर्णेंदु सहित अन्य वरीय पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जैन मंदिर का सौंदर्य कार्य आज से प्रारंभ



**झुमरी तिलैया/ कोडरमा:** झुमरी तिलैया जैन समाज के द्वारा निर्माण कराए जा रहे हैं नए जैन मंदिर डॉक्टर गली में सौंदर्य का कार्य एवं मार्बल का काम आज से प्रारंभ हुआ भगवान के माता-पिता बने समाजसेवी जय कुमार गंगवाल मंत्री नरेंद्र झाझंरी एवं मंदिर निर्माण के संयोजक सुशील छाबड़ा ने सर्वप्रथम पूजन विधि के साथ कार्य प्रारंभ कराया समाज के पंडित अभिषेक शास्त्री ने मंत्रोचार किया जयपुर से आए हुए मार्बल नक्काशी के कारीगरों ने मंदिर को मूर्त रूप देना प्रारंभ किया मंदिर निर्माण के मुख्य संयोजक सुरेश झाझरी ने कहा कि जल्द से जल्द समाज के सभी लोगों के सहयोग से मंदिर निर्माण का कार्य पूर्ण होगा समाज के मंत्री नरेंद्र झाझंरी ने मंदिर निर्माण में विशेष सहयोग प्रदान करने के लिए विवेक सेठी प्रवीण पाटनी अभिषेक गंगवाल लब्बू के कार्यों की सराहना की इस मौके पर सह मंत्री राज छाबड़ा कोषाध्यक्ष सरोज जैन टुन्नू अजमेरा अशोक सेठी भगवान की बेदी निर्माण के सहयोगी ललित सेठी आशीष सेठी अनिल कासलीवाल एवं मीडिया प्रभारी नवीन जैन राजकुमार अजमेरा मौजूद थे।

### भारत गौरव पर्यटक ट्रेन 27 जुलाई से भागलपुर से होगी रवाना



**कोडरमा :** रेल मंत्रालय द्वारा देश की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को बढ़ावा देने तथा देखो अपना देश और ह्यएक भारत श्रेष्ठ भारत जैसी पर्यटन अवधारणाओं को साकार करने के उद्देश्य से भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन शुरू किया गया है। इसी क्रम में इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) द्वारा 27 जुलाई 2025 (रविवार) को भागलपुर से एक विशेष भारत गौरव पर्यटक ट्रेन रवाना की जाएगी। यह ट्रेन भागलपुर से जसीडीह, मधुपुर, सुजलपुर, बराकर, धनबाद, बोकारो स्टील सिटी, मुरी, रांची, राउरकेला, झारसुगुड़ा, चांपा, बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग होते हुए दक्षिण भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों की यात्रा पर निकलेगी। यात्रा की अवधि कुल 11 रात और 12 दिन की होगी, जिसमें तिरुपति बालाजी, रामेश्वरम (ज्योतिर्लिंग), मदुरै, कन्याकुमारी और मल्लिकार्जुन (ज्योतिर्लिंग) जैसे पवित्र स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।

## एक नजर

### स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**खूंटी** : समाहरणालय स्थित सभागार में उप विकास आयुक्त आलोक कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने उपस्थित सभी अधिकारियों और प्रतिभागियों को स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्ध रहने का निर्देश दिया। कार्यशाला में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई, जिसे जिला समन्वयक नीरज त्रिपाठी ने पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि यह सर्वेक्षण गुणवत्ता आधारित होगा, जिसमें खूंटी जिले को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 (एसएसजी2025) के तहत खूंटी जिला 22 चयनित ग्रामों में सक्रिय भूमिका निभाएगा। एएमएस संस्था द्वारा इन ग्रामों में सर्वेक्षण कर चारा प्रमुख बिंदुओं सिटीजन फीडबैक, सर्विस लेवल प्रोग्रेस, डिस्ट्रिक्ट ऑब्जरवेशन, ऑब्जरवेशन ऑफ प्लांट का मूल्यांकन किया जाएगा। कार्यालय अधीक्षण मनीष कुमार, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूंटी ने भीएसएसजी के उद्देश्यों और प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पंचायत स्तर पर पंचायत मुखिया, सचिव, पंचायत सेवक, जलसहिया और एसएसजी की भागीदारी आवश्यक है। एसएसजी की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर ग्रामों का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया जाएगा। कार्यशाला में बीडीओ, बीपीएम, जेएसएलपीएस, डीएसडब्ल्यूओ, जिला परियोजना समन्वयक, कंप्यूटर ऑपरेटर, पंचायत प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थे।

### चैनपुर प्रखंड प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित

**पलामू** : जिले के चैनपुर प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव शुकवार को पारित हो गया। प्रखंड सभागार में सदर एसडीओ सह आरओ सुलोचना मीणा की निगरानी में अविश्वास प्रस्ताव पर विमर्श के बाद मतदान कराया गया। इसमें प्रमुख के पक्ष में शून्य, जबकि विरोध में 33 मत पड़े। एसडीओ सह आरओ पदाधिकारी ने बताया कि चैनपुर प्रमुख के विरोध में अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान कराया गया। अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में शून्य, जबकि विपक्ष में 33 मत प्राप्त हुए हैं। इसकी सूचना चुनाव आयोग को भेजी जाएगी और तिथि निर्धारित होने पर मतदान के माध्यम से प्रमुख का चुनाव कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि चैनपुर प्रखंड में 31 पंचायत समिति सदस्य, पांच मुखिया सदस्य, एक विधायक और एक संसद सदस्य हैं। मतदान में सांसद, विधायक अनुपस्थित रहे। 28 पंचायत समिति सदस्य, पांच मुखिया मतदान में शामिल हुए।

# जल भंडारण को लेकर मुख्यमंत्री व जल संसाधन मंत्री से मिले विधायक सविता महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**चांडिल** : विधायक सविता महतो शुक्रवार को चांडिल डैम में 180 मी से नीचे जल भंडारण को लेकर रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व जल संसाधन मंत्री हफीजुल हुसैन से मिले। इस दौरान विधायक नें मंत्री को एक मांग पत्र सौंपा जिसमे उन्होंने कहा चांडिल बांध निर्माण से विस्थापित हुए कुल 116 गांव को पुनर्वास सुविधा तथा जल भंडारण की क्षमता 180 मी से नीचे रखने व बांध के जल भंडारण की क्षमता आरएल मीटर कि बाध्यता को समाप्त कर आवंटन उपलब्ध कराने का मांग किया है। ईचागढ़ विधानसभा अंतर्गत चांडिल बांध निर्माण से कुल 116 गांव संपूर्ण विस्थापित हुए परंतु आज तीन दशकों से ज्यादा समय अवधि के बाद भी बांध निर्माण से विस्थापित हुए कुल 116 गांव के लोगों को संपूर्ण पुनर्वास की देय सुविधा नहीं मिल पाई है साथ ही मानसून के दोनों में बांध के जल भंडारण क्षमता आरएल मीटर की वैद्यता से भी प्रत्येक वर्ष चांडिल के प्राय गांव बाढ़ के कारण टापू बन जाते है जिस कारण यहां के लोगों का जीवन कष्ट दायक के साथ-साथ जताना की तरह हो जाता है। उन्होंने कहा है कि मैंने कई बार सदन के माध्यम से तथा सरकार के स्तर से भी विस्थापितों की समस्या की निराकरण हेतुप्र यास किया परन्तु आजतक विस्थापितों को संपूर्ण पुनर्वास का लाभ नहीं मिल पाना हृदय बिदारक है। उक्त बात कि जानकारी विधायक के आप्त सचिव काबलु महतो नें दी।

## चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज ने विद्युत टैरिफ बढ़ोतरी का किया विरोध



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के द्वारा विद्युत टैरिफ बढ़ोतरी हेतु स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड बोकारो स्टील प्लांट विद्युत विभाग द्वारा दिए गए आवेदन पर मानव संसाधन विकास केंद्र के सभागार में जन सुनवाई आयोजित की गई। बोकारो इस्पात नगर के विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने इस सभागार में उपस्थित होकर विद्युत टैरिफ बढ़ोतरी का विरोध किया। बोकारो चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि इस्पात नगर में धड़ल्ले से बिजली की चोरी हो रही है इसमें निचले स्तर पर बोकारो इस्पात संयंत्र के बिजली विभाग के कर्मचारी की सहभागिता सर्वाधिक है ।शहर में विद्युत की समस्या के समाधान के लिए सोलर ऊर्जा को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। आवासीय भूखंड में लगाने वाले सोलर पैनल के लिए सब्सिडी का प्रावधान किया जाना चाहिए। महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने मांग किया की फिक्स चार्ज केबुल के साइज के आधार पर ना लेकर के वास्तविक लोड के आधार पर लेना चाहिए। व्यावसायिक सह आवासीय भूखंड के लिए अलग अलग मीटर लगाने चाहिए। अभी विद्युत टैरिफ में बढ़ोतरी नहीं किया जाना चाहिए। बोकारो इस्पात प्रबंधन को सिटी सेंटर सहित विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति हेतु जर्जर पैनल को तत्काल बदलना चाहिए। शहर की विद्युत वितरण की स्थिति में सुधार करवाने होंगे ।जन सुनवाई में बोकारो स्टील सिटी के कई सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने जन सुनवाई में विद्युत टैरिफ बढ़ोतरी का पुरजोर विरोध किया।


## पतंजलि परिवार सिल्ली की ओर से प्रभात फेरी निकाली गई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिल्ली** : सिल्ली प्रखंड अंतर्गत 11 वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व पतंजलि परिवार सिल्ली एवं मेडिटेशन एंड योगा ग्रुप सिल्ली की ओर से शुक्रवार के दिन सुबह 6 बजे से सिल्ली थाना के समीप से प्रभात फेरी निकाली गई। यह प्रभात फेरी सिल्ली बाजार होते हुए ग्राम विकास स्कूल से सिल्ली थाना के समीप पहुंची और वहीं समापन भी किया गया। प्रभात फेरी में करें योग रहे निरोग, स्वस्थ भारत समृद्ध भारत,योग करें रोज करें आदि के नारे लगाए जा रहे थे ।सभी से अपील किया गया कि योग दिवस के अवसर पर 21 जून को सिल्ली स्टेडियम में अपने परिवार के साथ पहुंचकर योग करते हुए कार्यक्रम में अवश्य भाग लें। रांची जिला पतंजलि किसान सेवा समिति कृष्ण कुमार महतो,पतंजलि योग समिति प्रखंड प्रभारी राजेन महतो, युवा भारत जिला संरक्षक सुशोभन लाहा, योग शिक्षक करुणामय चक्रवर्ती, भारत स्वाभिमान प्रखंड प्रभारी मदन महतो दिनेश बनर्जी, अनिल साव, सुभाष लाहा, विनय कृष्ण चक्रवर्ती, सुकुमार विश्वकर्मा, संजय सिंह, मानिक रवानी, मुकेश भगत, भेंगराज प्रसाद, बिल्टू दत्ता, अमित साव, कार्तिक गोराई,गौरांग कोइरी, शंकर विश्वकर्मा, ब्रजेश कुमार, दिलीप दे, शत्रुघन गुप्ता, जग्गू विश्वकर्मा, विकास हजाम, निखिल साहू, उमा शंकर मालाकार, महिला समिति प्रखंड प्रभारी मुनमुन मालाकार, पंकज साहू, विजय जालान समेत कई लोग शामिल रहे।

## मुरी रांची रेलखंड बारिश से मट्टी एसखलन हो जाने से कुछ देर के लिए बंधित रहा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली** : मुरी से रांची रेलखंड के अप लाइन पर किता के समीप पोल समेत ओएच तार लगातार चार दिनों से बारिश होने के कारण मिट्टी एसखलन हो जाने के कारण गिर पड़ा जिससे रेलवे ट्रेन दुर्घटना होते-होते बच गई। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में लगातार चार दिनों से मूसलधार बारिश होने के कारण मुरी रांची रेलखंड के अप लाइन किता के समीप पॉल संख्या 366 ओएच तार एवं पांच पोल मिट्टी एसखलन होने से गिर पड़ा जिससे बहुत सारी ट्रेनें मुरी स्टेशन पर खड़ी रही जिसके चलते यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा वही रेलवे के अधिकारी अपने दल बल के साथ पहुंचे एवं जेसीबी के द्वारा खेतों से मिट्टी काटकर भरा जा रहा है तथा सीमेंट के बोरे भी डाला जा रहा है। बताते चले की यह घटना रात्रि में मूसलधार बारिश होने से घटी ग्रामीणों ने सुबह अपने खेत गए तो देखा कि ओएच तार एवं पांच बोल मिट्टी एसखलन से गिर पड़ा है इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दिया सूचना मिलते ही प्रशासन एवं रेलकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और काम चालू कर दिया। दूसरी और मुरी एवं सिल्ली स्टेशन पर गाड़ी खड़ी रही जिससे यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी जैसे हावड़ा हटिया एक्सप्रेस, पटना इस्लामपुर एक्सप्रेस, मौर्य एक्सप्रेस, धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस, बोकारो पैसेंजर आदि ट्रेने आधा घंटा स्टेशन परिसर पर रुकी रही उसके बाद डाउन लाइन से सभी ट्रेनों को स्लो करके पास करवाया गया यात्रियों से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इसकी सूचना हमें मिलते ही हम लोग काफी डर गए थे की हमें कितने घंटे तक इंतजार करना होगा।

## वी बी नेट फाउंडेशन ने महिलाओं को भूमि अधिकार के प्रति किया जागरूक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा** : पटमदा प्रखंड सभागार में वी बी नेट फाउंडेशन के द्वारा एक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रखंड के जनप्रतिनिधि, समाजिक संस्थान, ग्राम प्रधान सहित प्रखंड अंचल के कर्मियों ने भाग लिया। एक दिवसीय कार्यशाला में झारखंड में महिलाओं ओर भूमि के बीच संबंधों पर विशेष चर्चा करते हुए इसके समाधान पर भी उपस्थित लोगों से विचार लिया गया ।वही शिविर में महिलाओं के नाम भूमि का पंजीकरण,रिकॉर्ड में नाम दर्ज, एकल नारी के भूमि ओर संपति का संरक्षण कैसे किया जाए सहित कई बातों पर चर्चा की गई। शिविर में इन्होंने रखे विचार पार्षद प्रदीप बेसरा, प्रमुख बालिका सोरेन, बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग, सीओ डॉ राजेंद्र कुमार दास, मुखिया कृष्ण पद सिंह, विवेक राय, नन्दलाल बक्शी, इस्तियाक अहमद, रोहित कुमार, रूपा बक्शी, रतिकांत प्रामाणिक,आद्यारानी दास सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### विधायक के पहल पर दो करोड़ की लागत से सड़क का होगा निर्माण

**सरिया (गिरिडीह)** : सरिया राजधनवार मुख्य मार्ग के बागोडीह के समीप मुख्य सड़क में जल जमाव की समस्या का निदान अब जल्द ही होगा। इसे लेकर विभागीय स्वीकृति मिल गई है। लगभग 2 करोड़ की राशि से उक्त स्थल पर सड़क का मरम्मती सह नाली निर्माण का कार्य करवाया जाएगा। उक्त बातें बगोदर विधायक नागेंद्र महतो ने दूरभाष पर जानकारी देते हुए बताया। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण विभाग के द्वारा युक्त जल जमाव वाले स्थल पर सड़क मरम्मती सह नाली निर्माण के लिए दो करोड़ की राशि की प्राक्कलन तैयार कर जिला स्तर से सभी प्रकार की स्वीकृति मिलने के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय फाइनल स्वीकृति के लिए भेजा गया है। जैसे ही राज्य से इसकी स्वीकृति मिलती है वैसे ही एक सप्ताह के अंदर टेंडर की प्रक्रिया निकालकर जल्द ही उक्त स्थल पर जर्जर सड़क का निर्माण एवं जल जमाव से होने वाली परेशानियों से सरिया वासियों को निजात मिल जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि 1 से 2 माह के अंदर कार्य धरातल पर दिखने लगेगा। इसके लिए मैं लगातार प्रयासरत हूं ताकि आम लोगों को इससे परेशानी का सामना न करना पड़े।

### राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के तहत किसानों के बीच बीज का वितरण



**सरिया (गिरिडीह)** : कृषि आत्मा कार्यालय सरिया में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के तहत किसानों के बीच धान के बीच का वितरण हुआ। इस वितरण कार्यक्रम में सरिया प्रखंड प्रमुख प्रीति कुमारी व जिप सदस्य अनूप कुमार पांडेय ने अपनी उपस्थिति में किसानों के बीच धान के बीज का वितरण करवाया। किसानों को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख श्रीमती कुमारी ने कहा कि कृषि उपज को बढ़ावा देने के लिए सरकार कई प्रकार की योजनाएं लागू की हैं। इसका सीधा लाभ किसानों को मिल सके। इसी के तहत किसानों के बीच समय पर बीज का वितरण किया गया जिससे कि समय पर बिचड़ा तैयार हो। धान की बुवाई समय पर होने से फसल भी अच्छे होंगे। वहीं जिप सदस्य श्री पांडेय ने कहा कि क्षेत्र के गरीब किसान जो आर्थिक तंगी के कारण खेती नहीं कर पाते वैसे लोगों को सरकार समय–समय पर नि:शुल्क तथा उन्नत किस्म के बीच उपलब्ध करवा रही है। जिससे कि वे अतिरिक्त आर्थिक बोझ से बच सके। उसी का यह एक हिस्सा है। किसानों को इसका लाभ लेनी चाहिए। वहीं एटीएम प्रभाशीष कुंडू ने बताया कि धान के बीज का यह वितरण सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का एक हिस्सा है। जिसका उद्देश्य किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध करवाना है ताकि कृषि उपज में वृद्धि हो सके, किसान आर्थिक रूप से मजबूत हों। बताया कि किसी वितरण में किसानों के बीच पारदर्शिता बनी रहे इसे लेकर प्रखंड कृषि कार्यालय में धान के बीज का वितरण किया जा रहा है। इस मौके पर प्रभारी बीएओ संजय वर्णवाल, एटीएम अविनाश कुमार,मनीष कुमार मंडल, नाथन कुमार, द्वारिका दास,गीता देवी, प्रीति वर्मा,विश्वेश्वर कुशवाहा, जय ललिता,अकली देवी,अभिलाषा कुमारी,चंद्रशेखर यादव,सुखदेव यादव,नागेश्वर प्रसाद यादव, सहित अन्य किसान लाभान्वित हुए।

### सरिया से सुल्तानगंज देवघर 51 लीटर जल के साथ विराट ने पद यात्रा की शुरूआत




**सरिया (गिरिडीह)** : शुक्रवार को सरिया के प्रसिद्ध राजदाह धाम से सरिया के युवा विराट सिंह 51 लीटर जल लेकर लगभग साढे 350 किलोमीटर की पैदल यात्रा की शुरूआत किया। इसे लेकर पदयात्रा कर रहे विराट सिंह ने बताया कि शुक्रवार से वह सरिया राजदाह धाम स्थित उत्तर वाहिनी बराकर नदी से 51 लीटर जल लेकर पदयात्रा कर बिहार के सुल्तानगंज, झारखंड के देवघर बैजनाथ धाम में श्रावण मास में जलाभिषेक को लेकर अपनी पद यात्रा की शुरूआत किया हूं इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म की रक्षा, हिंदुत्व एकता एवं सनातन धर्म के बारे में लोगों को जागृत करने के साथ झारखंड समय देश में शांति एवं विकास की मनोकामना को लेकर यह पद यात्रा की शुरूआत कर रहा हूं। इसके पूर्व पिछले वर्ष भी सरिया के राजदाह धाम से सुल्तानगंज देवघर की पदयात्रा की ,इसके पूर्व सरिया से लगभग 4000 किलोमीटर की पैदल पदयात्रा कर अयोध्या, बनारस, हरिद्वार होते केदारनाथ तक की पैदल यात्रा कर चुका हूं । इसके अलावा माता वैष्णो देवी के दरबार तक की भी पैदल यात्रा पूर्व में कर चुका हूं । इन यात्राओं का मुख्य उद्देश्य देश में हिंदुत्व एकता को बनाए रखना एवं सनातन धर्म की रक्षा और उसके प्रचार प्रसार को लेकर यह पदयात्रा की करता आ रहा हूं। अगर आगे भी ईश्वर की इच्छा रही तो अन्य सनातन मंदिरों की पदयात्रा करूंगा। पदयात्रा शुरू करने के पूर्व विधिवत राजदाह धाम स्थित भोलेनाथ ,माता पार्वती ,हनुमान जी,सूर्य देव के मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर इसकी शुरूआत की।

# मैनिटी सेवियर्स रक्तदान के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है : ब्लड मैन सलूजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो** : शुक्रवार को मैनिटी सेवियर्स, बोकारो द्वारा रेड क्रॉस ब्लड बैंक, बोकारो में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व संस्था के संस्थापक अध्यक्ष हरबंश सिंह सलूजा उर्फ ब्लडमैन ने किया। इस शिविर में मुख्य रूप से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में कुल 25 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत हरबंश सिंह सलूजा ने अपने 54वें रक्तदान से किया , उपरांत संस्था के चनप्रीत सिंह ने अपना 45वां रक्तदान , तनवीर सिंह ने 36वां रक्तदान, प्रवीण कुमार ने 30वां रक्तदान , सौरव चौहान ने 29वां रक्तदान , निकेश सिंह ने 21वां रक्तदान एवं अन्य तीन ने आज अपने जीवन का पहला रक्तदान किया।

रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव एस एन राय जी ने कहा की बोकारो में मैनिटी सेवियर्स संस्था उत्कृष्ट कार्य कर रही है। उन्होंने ब्लडमैन सलूजा को 54वीं बार रक्तदान करने के लिए बधाई दी एवं उनकी प्रशंसा करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। विश्व रिकार्ड धारक ब्लडमैन सलूजा ने कहा कि हमारी संस्था के रक्तदाता पिछले 16 वर्षों से रक्तदान के क्षेत्र में सेवा कार्य दे रही है एवं हमारे माध्यम से अभी तक 16373 यूनिट रक्तदान कराया जा चुका है। संस्था की माया राय ने बताया की देश के हर नागरिक को अवश्य रक्तदान करना चाहिए। इससे किसी तरह का कोई नुकसान नहीं है, कोई हानि नहीं है बल्कि जैसे ब्लड लेने वाले को जीवन दान मिलता है । शिविर को सफल बनाने में संस्था की माया राय , प्रवीण कुमार , निकेश सिंह, सौरभ चौहान, चनप्रीत सिंह, तनवीर सिंह एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के एस एन राय, चौबे जी, सुरेश कुमार बुधिया, ज्योति प्रकाश द्विवेदी एवं राजकुमार सहित पूरी टीम का मुख्य रूप से सहयोग रहा।


झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉंची

2nd Call PR- 354055

तृतीय अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०– LAB/DWSD/01/2025-26 दिनांक– 20.06.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉंची। |
| 2 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | दिनांक 23.06.2025 पूर्वाह्न 11.00 बजे से। |
| 3 | ई निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 01.07.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक। |
| 4 | ई–निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 03.07.2025 पूर्वाह्न 11.00 बजे। |
| 5 | ई निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, डोरण्डा, रॉंची 02। |
| 6 | ई–मेल | dwsdhatiaproject@gmail.com |
| 7 | निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष | 9204931335 |

कार्य की विस्तृत विवरणी:-

| क्र० सं० | कार्य का नाम | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | Request Proposal for Supplying various Equipment, Chemicals, Standard Reference Microbial cultures, Glasswares/ Plasticwares and General items in 13 Numbers of District Level Water Testing Laboratories of Jharkhand A-Ranchi Zone (Ranchi, Ramgarh, Koderma, Chatra Medininagar, Latehar, Garhwa, Chaibasa, Saraikela and Kharsawan, Khunti, Lohardaga, Simdega, Gumla) | 5,75,000/- | 10,000/- |

**NB:- For Details**

1. निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई–गवर्नेंस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, रॉंची के आदेश सह ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप प्राप्त की जाएगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई भुगतान सम्वेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाब देही सम्वेदक की होगी।
3. प्राक्कलित राशि घट अथवा बढ़ सकती है उसी प्रकार से अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि भी देय होगी है।
4. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
हटिया योजना, रॉंची

PR 355602 Drinking Water and Sanitation (25-26)_D

## योग की शक्ति, जरूरी है भक्ति

एक विश्व एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर इस बार का अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। 21 जून को प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला अंतरग्राष्ट्रीय योग दिवस आज एक वैश्विक चेतना का प्रतीक बन गया है। यह न केवल भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर का उत्सव है, बल्कि एक ऐसे जीवन-दर्शन की स्वीकारोक्ति भी है जो संपूर्ण मानव जाति को शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक संतुलन प्रदान करता है।भारत ने दुनिया को बहुत कुछ दिया–ज्ञान, शांति, ध्यान, अहिंसा और सबसे बढ़कर योग। योग कोई नई खोज नहीं, बल्कि हजारों वर्षों से भारत की आत्मा में समाहित एक वैज्ञानिक साधना है। योग महर्षि पतंजलि की "अष्टांग योग" परंपरा हो, गीता में भगवान श्रीकृष्ण का "कर्मयोग", "ज्ञानयोग" और "भक्तियोग" का संदेश हो, या फिर स्वामी विवेकानंद द्वारा विश्व मंचों पर योग की पुनर्स्थापना–योग सदैव भारत की आत्मा का विस्तार रहा है। योग शब्द संस्कृत की "युज" धातु से उत्पन्न है, जिसका तात्पर्य है - जोड़ना। लेकिन यह जोड़ केवल शरीर और मन का नहीं है, यह आत्मा से परमात्मा के जुड़ने की साधना है। योग का अर्थ है - समत्व, संतुलन, स्थिरता। योग का अभ्यास न केवल व्यायाम या कुछ शारीरिक मुद्राओं तक सीमित है, बल्कि यह विचारों, व्यवहारों और दृष्टिकोणों को सकारात्मक दिशा देने का मार्ग भी है। आज योग केवल भारत तक सीमित नहीं रहा। अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया से लेकर अफ्रीका और जापान तक लाखों लोग योग को अपनी जीवनशैली में शामिल कर चुके हैं। यह विश्व शांति, स्वास्थ्य और मानसिक सशक्तिकरण का माध्यम बन चुका है। कोरोना महामारी के समय जब सारी दुनिया मानसिक तनाव, भय और शारीरिक दुर्बलता से जूझ रही थी, तब योग ने 'इम्यूनिटी' और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की स्थापना का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने अपने भाषण में कहा, योग भारत की प्राचीन परंपरा का अमूल्य उपहार है। यह मन और शरीर, विचार और कर्म, संयम और पूर्ति का एकीकरण है–यह स्वास्थ्य और कल्याण का समग्र दृष्टिकोण है। महज 90 दिनों के भीतर, 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र ने 177 देशों के अभूतपूर्व समर्थन से 21 जून को ₹अंतरग्राष्ट्रीय योग दिवस₹ घोषित किया। पहला योग दिवस 21 जून 2015 को 190 देशों में बड़े उत्साह से मनाया गया। उस दिन दिल्ली के राजपथ पर 35,000 से अधिक लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ योगाभ्यास किया, जो अब तक का सबसे बड़ा योग सत्र बना। हर वर्ष 21 जून को देश-विदेश में लाखों लोग सार्वजनिक स्थलों, संस्थानों, गांवों, स्कूलों और ऑनलाइन मंचों पर एक साथ योगाभ्यास करते हैं। यह दृश्य न केवल भव्य होता है, बल्कि यह मानवता के बीच एकता, स्वास्थ्य और संतुलन की साझी चेतना का प्रतीक भी होता है। इस दिन का उद्देश्य यह नहीं कि हम केवल एक बार योग करें, बल्कि यह संकल्प लें कि योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएँ, उसे रोज जिएं। आज का मनुष्य विज्ञान और तकनीक के बल पर चांद पर पहुंच गया है, लेकिन अपने भीतर की शांति को खोज नहीं पाया है। वह चारों ओर से तनाव, प्रतिस्पर्धा और असंतुलन से घिरा है। जीवन की आपाधापी, स्क्रीन पर बढ़ता समय, मोबाइल, कंप्यूटर, सोशल मीडिया और अस्वस्थ खानपान और मानसिक अकेलापन ने जीवन को जटिल बना दिया है। ऐसे समय में योग एक सरल उपाय है जो तन, मन और आत्मा को संतुलन प्रदान करता है। यह केवल बीमारी से बचाव नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की दिशा में एक कदम है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी अब योग की उपयोगिता को स्वीकार कर चुका है। एम्स, हार्वर्ड, स्टैनफोर्ड जैसे संस्थान योग पर आधारित रिसर्च कर रहे हैं और इसकी प्रभावशीलता को प्रमाणित कर रहे हैं। वर्तमान पीढ़ी, विशेषकर युवा और विद्यार्थी, विभिन्न प्रकार के दबावों से गुजर रही है। परीक्षा का तनाव, सोशल मीडिया की होड़, आत्म-विश्वास की कमी–इन सबके बीच योग उन्हें मानसिक शक्ति, आत्म-नियंत्रण और समर्पण की भावना सिखाता है। यदि स्कूलों और कॉलेजों में योग को नियमित शिक्षा में शामिल किया जाए, तो आने वाली पीढ़ी न केवल स्वस्थ होगी, बल्कि चरित्रवान और संवेदनशील भी बनेगी।

### सूडोकु नवताल- 7467

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7466 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

# योग-क्रांति से नये मानव एवं नये विश्व की संरचना संभव

ललित गर्ग

हिंसा, युद्ध, आतंकवाद, आर्थिक प्रतिस्पर्धा के दौर में दुनिया शांति एवं अमन चाहती है और इसका सशक्त माध्यम है योग। इंसान से इंसान को जोड़ने, शांति का जीवन जीने एवं स्वस्थ जीवन के लिये भारतीय योग के महत्व को दुनिया ने स्वीकारा है। योग भारत की प्राचीन परम्परा का एक अमूल्य उपहार है, यह दिमाग और शरीर की एकता का प्रतीक है, मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य का आधार है, संयम और अहिंसा प्रदान करने वाला तथा स्वास्थ्य और भलाई के लिए एक समग्र दृष्टिकोण है। योग के व्यापक मानवहितकारी महत्व के कारण ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में दिये गये अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद सर्वप्रथम इसे 21 जून 2015 को पूरे विश्व में मनाया गया। इस वर्ष 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने योग दिवस की थीम 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' रखी है। इसे आसान भाषा में समझें तो 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योगा' है। इसका मतलब है कि जिस तरह से पृथ्वी एक है ठीक उसी प्रकार से हमारा स्वास्थ्य भी एकमात्र है, जिसे हमें दुरुस्त रखने की जरूरत है। इसी से नये मानव एवं नये विश्व की संरचना संभव है। आज जबकि मनुष्य जीवन अनेक असाध्य बीमारियों से जूझ रहा है, ऐसे जटिल स्वास्थ्य-संकट के दौर में इस थीम का मुख्य उद्देश्य है कि हमें हमारे स्वास्थ्य की देखभाल करनी चाहिए क्योंकि स्वास्थ्य एकमात्र ऐसी चीज है, जिसके सहारे आप अपना स्वस्थ जीवन जीते हुए न केवल परिवार, समाज, राष्ट्र बल्कि विश्व के लिये एक ऊर्जा, एक शक्ति एवं एक गति बन सकते हो। प्रधानमंत्री मोदी ने योग को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य सुनिश्चित करने वाली जीवनशैली के रूप में स्वीकार किया। उन्होंने समाज के सभी वर्गों में योग की पहुंच बढ़ाने और स्वस्थ, खुशहाल और अधिक सामंजस्यपूर्ण विश्व के निर्माण के लिए योग को एक साधन के रूप में उपयोग करने की दिशा में संयुक्त प्रयासों की अपील की। योग केवल व्यायाम नहीं है, बल्कि अपने भीतर एकता की भावना, अहिंसा एवं शांति, दुनिया और प्रकृति की खोज है। हमारी बदलती जीवन-शैली में यह चेतना बनकर, हमें जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न महासंकट से निपटने में मदद कर सकता है।

योग एवं ध्यान के माध्यम से भारत दुनिया में गुरु का दर्जा एवं एक अनूठी पहचान हासिल करने में सफल हो रहा है। आज हर व्यक्ति एवं परिवार अपने दैनिक जीवन में अत्यधिक तनाव/दबाव महसूस कर रहा है। हर आदमी संदेह, अंतर्द्वंद्व और मानसिक उथल-पुथल की जिंदगी जी रहा है। मनुष्य के सम्मुख स्वस्थ-शांतिपूर्ण जीवन का संकट खड़ा है। मानसिक संतुलन अस्त-व्यस्त हो रहा है। मानसिक संतुलन का अर्थ है विभिन्न परिस्थितियों में तालमेल स्थापित करना, जिसका सशक्त एवं प्रभावी माध्यम योग ही है। योग एक ऐसी तकनीक है, एक विज्ञान है जो हमारे शरीर, मन, विचार एवं आत्मा को स्वस्थ करती है। यह हमारे तनाव एवं कुंठा को दूर करती है। जब हम योग करते हैं, श्वासों पर ध्यान केन्द्रित करते हैं, प्राणायाम और कसरत करते हैं तो यह सब हमारे शरीर और मन को भीतर से खुश और प्रफुल्लित रहने के लिये प्रेरित करती है, जिसकी आज विश्व मानवता को सर्वाधिक अपेक्षा है।

एक ऐसे विश्व में रहने की कल्पना करें जहां आपकी प्रत्येक सांस मानसिक शांति, शारीरिक शक्ति और हमारे साझा ग्रह पर सद्भाव को बढ़ावा देती हो। एक समय में एक मुद्रा, एक श्वास, एक क्षण, यह जानने के लिए कि योग किस प्रकार आपके जीवन और आपके आस-पास की दुनिया को बदल सकता है, योग दिवस का मुख्य ध्येय है। मनुष्य, पशु और पौधे सहित सभी जीवित प्राणी हमारे ग्रह को अपना घर मानते हैं। हमें प्राकृतिक दुनिया के साथ शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व बनाए रखते हुए इसकी देखभाल करनी चाहिए। योग हमें सद्भावना से रहना, सचेत रहना और समझदारी-विवेक से निर्णय लेना सिखाता है। हम योग का अभ्यास करके पर्यावरण की रक्षा कर सकते हैं और अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। पर्यावरण की स्थिति का सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। जब हम अपने पर्यावरण और खुद का ख्याल रखते हैं तो सभी को फायदा होता है। विश्व अनेक स्वास्थ्य एवं पारिस्थितिकी समस्याओं का सामना कर रहा है, जिनमें प्रदूषण, तनाव और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियाँ शामिल हैं। योग शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का एक त्वरित, प्राकृतिक साधन है।

अभी कुछ दिन पहले ही समाचारपत्रों में पढ़ा कि कैंसर क्यों होता है, इसके कई कारण हैं। एक कारण यह है कि जो लोग मस्तिष्क का सही उपयोग करना नहीं जानते, उनके कैंसर हो सकता है। मस्तिष्क विज्ञानी तो यह भी कहते हैं कि मस्तिष्क की शक्तियों का केवल चार या पांच प्रतिशत उपयोग आदमी करता है, शेष शक्तियां सुप्त पड़ी रहती है। यह भी कहा जाता है कि कोई मस्तिष्क की शक्तियों का उपयोग सात या आठ प्रतिशत करने में समर्थ हो जाए तो वह दुनिया का सुपर जीनियस बन सकता है। सबसे पहले हमारी जानकारी मस्तिष्क विद्या के बारे में होनी चाहिए। योग विद्या भारत की सबसे प्राचीन विद्या है। योगविद्या के आचार्यों ने मस्तिष्क विद्या से दुनिया का परिचय कराया था। हमारे मस्तिष्क में एक पर्त है एनीमल ब्रेन की। वह पर्त सक्रिय होती है तो आदमी का व्यवहार पशुवत हो जाता है। जितने भी हिंसक और नकारात्मक भाव हैं, वे इसी एनीमल ब्रेन की सक्रियता का परिणाम है। इसे संतुलित करने का माध्यम योग है।

हमें अपनी योग्यताओं और क्षमताओं को किसी दायरे में बांधने से बचना होगा। ऐसा तब होगा, जब हम अपनी कमजोरियों पर ही नहीं, बल्कि उनसे उबरने के रास्तों पर भी विचार करेंगे। यहीं से हमारी तरक्की का रास्ता खुलता है और इसके लिये योग ही प्रभावी माध्यम है। हम अपनी समस्या को समझें और अपना समाधान खोजें। समस्याएं परेशान करती हैं। जरूरत खुद को काबू में रखने की होती है, हम दूसरों को काबू में करने में जुटे रहते हैं। आज विश्व में जो आतंकवाद, हिंसा, युद्ध, साम्प्रदायिक विद्धेष की ज्वलंत समस्याएं खड़ी हैं, उसका कारण भी योग का अभाव ही है। विज्ञान ने यह प्रमाणित कर दिया है- जो व्यक्ति स्वस्थ रहना चाहता है, उसे योग को अपनाना होगा। बार-बार क्रोध करना, चिड़चिड़ापन आना, मूड का बिगड़ते रहना- ये सारे भाव हमारी समस्याओं से लडने की शक्ति को प्रतिहत करते हैं। इनसे ग्रस्त व्यक्ति बहुत जल्दी बीमार पड़ जाता है। हमें अपनी योग्यताओं और क्षमताओं को किसी दायरे में बांधने से बचना होगा। ऐसा तब होगा, जब हम योग को अपनी जीवनशैली बनायेंगे।

योग एवं ध्यान एक ऐसी विधा है जो हमें भीड़ से हटाकर स्वयं की श्रेष्ठताओं से पहचान कराती है। हममें स्वयं पुरुषार्थ करने का जज्बा जगाती है। स्वयं की कमियों से रू-ब-रू होने को प्रेरित करती है। स्वयं से स्वयं का साक्षात्कार कराती है। आज जरूरत है कि हम अपनी समस्याओं के समाधान के लिये औरों के मुंहताज न बने। ऐसी कोई समस्या नहीं है जिसका समाधान हमारे भीतर से न मिले। भगवान महावीर का यह संदेश जन-जन के लिये सीख बने- पुरुष! तू स्वयं अपना भाग्यविधाता है। औरों के सहारे मुकाम तक पहुंच भी गए तो क्या? इस तरह की मंजिलें स्थायी नहीं होती और न इस तरह का समाधान कारगर होता है। आधुनिक भौतिकवादी एवं सुविधावादी जिंदगी मनुष्य को अशांति, असंतुलन, तनाव, थकान तथा चिड़चिड़ाहट की ओर धकेल रही हैं, जिससे अस्त-व्यस्तता बढ़ रही है। ऐसी विषमता एवं विसंगतिपूर्ण जिंदगी को स्वस्थ तथा ऊजार्वान बनाये रखने के लिये योग एक ऐसी रामबाण दवा है जो माइंड को कूल तथा बॉडी को फिट रखता है। योग से जीवन की गति को एक संगीत एवं शांतिमय रफ्तार दी जा सकती है। योग में गहरी दिलचस्पी लेने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक महान संकल्प लेकर उसे कार्यान्वित किया है। निश्चित ही उनकी योग-क्रांति विश्व मानवता के जीवन में विकास, अहिंसा, सुख और शांति का माध्यम बन रही है। आंतरिक व आत्मिक विकास, मानव कल्याण से जुड़ा यह विज्ञान सम्पूर्ण दुनिया के लिए एक महान तोहफा है।

# योग की सार्वभौमिक भाषा

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर




कुछ लोग यह समझते हैं कि योग सिर्फ एक अभ्यास है जिसे उन्हें सीखना है। लेकिन चाहे वह जापान के किसी हलचल वाले शहर में हो, अफ्रीका के किसी शांत गांव में हो, या भारत के ग्रामीण इलाकों में हो, एक नवजात शिशु, स्थान, समय या समुदाय से परे, जन्मजात योगी ही होता है। यदि आप ध्यान से देखें, तो एक बच्चा स्वाभाविक रूप से मुद्राएँ अपनाता है जब वह सोता है, पेट से गहरी श्वास लेता है, जैसे एक योगी खिंचाव करता है, और वह ऐसी स्थितियों में मुड़ता है जो उसके पाचन, प्रतिरक्षा और रीढ़ की ताकत के लिए फायदेमंद हैं। हम सभी जन्म से योगी होते हैं। अगर वही बचपन की मासूमियत और स्वाभाविक संतुलन हमारे साथ रहता, तो हमें योग सीखने या अभ्यास करने की आवश्यकता नहीं होती। लेकिन जैसे-जैसे हम बढ़ते हैं, हम ऐसे प्रभाव या संस्कारों को संचित कर लेते हैं जो हमारे मन को धुँधला कर देते हैं और हमारे संतुलन को भंग कर देते हैं। जब हम अपनी मूल प्रकृति से संपर्क खो देते हैं, तो हम शांति भी खो देते हैं। यही कारण है कि योग और साधना हमारे शरीर में संतुलन, बौद्धिक स्पष्टता और मन व भावनाओं में सामंजस्य लाने के लिए आवश्यक हैं।

### योग क्रिया में कौशल है

चाहे आप किसान हों, छात्र हों, गृहिणी हों, या सी ईओ, आपको मन की स्पष्टता, शरीर में ऊर्जा, और हृदय में शांति की आवश्यकता होती है ताकि आप प्रभावी हो सकें। योग जीवन से पलायन करने के बारे में नहीं है, बल्कि जीवन में और अधिक पूरी तरह से जुड़ने के बारे में है, बिना घटनाओं या परिणामों में डूबे हुए। यही वह कौशल है, जो हम सभी को चाहिए।

महर्षि पतंजलि, एक असाधारण दिमाग वाले, वैज्ञानिक, व्याकरणज्ञ, मनोवैज्ञानिक और ऋषि थे, उन्होंने हजारों साल पहले इस गहरे आंतरिक विज्ञान को संहिताबद्ध किया था। उनके योग सूत्र आज भी मन और भावनाओं को नियंत्रित करने के लिए एक कालातीत मार्गदर्शिका के रूप में हैं, जो योग को संस्कृतियों, भाषाओं, स्थानों और समय के पार प्रासंगिक बनाती है। दुर्भाग्यवश, कई लोग योग को एक विशेष धर्म से जोड़ते हैं या इसे केवल शारीरिक व्यायाम के रूप में देखते हैं।

लेकिन योग मानवता का है। जैसे गुरुत्वाकर्षण किसी विशेष धर्म या समुदाय का नहीं होता, वैसे ही योग भी संस्कृति और धर्म से परे है। यह स्वयं को जानने का एक मार्ग है और इसके माध्यम से दुनिया से गहरे रूप से जुड़ने का तरीका है।

### योग एक पूर्ण विज्ञान है

योग शरीर के रासायनिक तत्वों को नियंत्रित करता है, जो हमें शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप से प्रभावित करते हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरोसाइंसेज के इंटीग्रेटिव मेडिसिन विभाग द्वारा किए गए अध्ययन ने यह दिखाया है कि योग न्यूरोलॉजिकल और मानसिक विकारों के उपचार में कितना प्रभावी है। इसके अलावा, श्री श्री इंस्टिट्यूट फॉर एडवांस्ड रिसर्च द्वारा किए गए अन्य अध्ययनों में यह पाया गया कि योग के लाभ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को बेहतर बनाते हैं, जैसे प्रतिरक्षा तंत्र को बढ़ाना, तनाव हार्मोन (कोर्टिसोल) को कम करना, एंटीऑक्सीडेंट एंजाइम्स को सक्रिय करना, उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करना, और पारासंपैथेटिक तंत्रिका तंत्र को सक्रिय करना। इसके अलावा, यह डोपामाइन उत्पादन को बढ़ाता है, नशे की लत से उबरने में मदद करता है, मस्तिष्क में ग्रे मैटर को बढ़ाता है, और चिंता, अवसाद और अनिद्रा से छुटकारा दिलाता है। यह शरीर को शांत करता है और रक्तचाप को कम करता है। लेकिन इससे भी अधिक, यह आपको वर्तमान क्षण में वापस लाता है, जहाँ आप नकारात्मक विचारों को छोड़कर, गहरी शांति और आनंद का अनुभव कर पाते हैं।

### योगी सिद्धांतों का पालन करना

जब आप अपनी कार में ईंधन भरवाना चाहते हैं, तो आपको कहीं रुकना पड़ता है। आप कार को ईंधन डाले बिना नहीं चला सकते, जैसे-वैसे, आपको अपनी ऊर्जा को फिर से भरने के लिए एक विराम की आवश्यकता है। यह इस बात पर निर्भर नहीं है कि आप योग में कितने घंटे लगाते हैं, बल्कि यह इस पर है कि आप अपनी उपस्थिति और ऊर्जा की गुणवत्ता को कैसे बनाते हैं। प्रकृति में रहना, छोटी-छोटी चीजों का आनंद लेना, बागवानी करना, संगीत का आनंद लेना, और फूलों की सराहना करना - ये सब तरीके हैं जो आपके आत्मा का उत्थान करते हैं और आपके ऊर्जा को बढ़ाते हैं।

योग कोई विदेशी विषय नहीं है। यह हमारे जीवन से बहुत जुड़ा हुआ है, और जब हम अपनी मूल प्रकृति से बाहर कार्य करते हैं, तो हम पहले से ही इसका अभ्यास कर रहे होते हैं। उदाहरण के लिए, क्या आपने कभी ध्यान दिया है कि जब लोग ठंड में होते हैं तो वे अपने अँगूठे को अपनी बाहों के नीचे छुपा लेते हैं? यौगिक समझ में, अँगूठा ऊर्जा से संबंधित होता है। जब आप अँगूठे को गर्म करते हैं, तो आप शरीर को गर्म करते हैं। प्रत्येक उंगली के सिरे से सूक्ष्म ऊर्जा बिंदु जुड़े होते हैं, और जब आप इन बिंदुओं को उत्तेजित करते हैं, तो आप चिकित्सा प्रभाव उत्पन्न कर सकते हैं। योग इन सूक्ष्मताओं को देखने और उन्हें समझने की कला है। जब हम इस ध्यान के साथ जीते हैं, चाहे वह श्वास लेना हो, चलना हो या काम करना हो, जीवन ध्यानपूर्ण, आनंदपूर्ण और ऊर्जा से भरा हुआ हो जाता है।

ध्वनि से भरे इस संसार में, योग वह शांतता है जो हमें सुनने में मदद करता है, अराजकता में, यह वह शांति है जो हमें क्रिया करने में मदद करती है। एक चिंताग्रस्त दुनिया में, यह वह एकता है जो हमें याद दिलाती है कि हम अकेले नहीं हैं।

# अमर्त्य रचनाकार हैं विष्णु प्रभाकर

वसुधा 'कनुप्रिया'

पद्मभूषण विष्णु प्रभाकर (21 जून, 1912-11 अप्रैल, 2009) हिन्दी के आधुनिक काल के प्रसिद्ध साहित्यकार हैं। उन्होंने उपन्यास, नाटक, लघुकथाएं, यात्रा संस्मरण और कहानियां लिख कर साहित्य को समृद्ध किया। देश प्रेम, राष्ट्रवाद, सामाजिक विकास, मानव वाद प्रमुख रूप से आपकी कृतियों में झलकते हैं। विष्णु प्रभाकर का जन्म मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) जिले के मीरपुर कस्बे में हुआ था। आपके पिता का नाम दुर्गा प्रसाद और माता का नाम महादेवी था। आपकी माताजी एक पढ़ी-लिखी महिला थीं जिन्होंने उस समय पर्दा प्रथा का पुरजोर विरोध किया था। आपका आरंभिक नाम विष्णु दयाल था। एक संपादक ने आपको प्रभाकर उपनाम रखने की सलाह दी। विष्णु प्रभाकर ने अपनी हिन्दी साहित्य की सभी विधाओं में अपनी कलम चलाई। बाल अवस्था में लेखन प्रारंभ किया जो आठ दशकों तक निरंतर जारी रहा।

विष्णु प्रभाकर की प्रारंभिक शिक्षा मीरपुर कसबे में हुई। 12 वर्ष की उम्र में वे हिसार (उस समय पंजाब का भाग) अपने मामा के घर चले गए और युवावस्था तक वहीं रहे। घर की आर्थिक स्थिति कुछ तंग होने के कारण वे आगे की पढ़ाई ठीक से नहीं कर सके और घर चलने के लिए उन्होंने अठारह रूपए मासिक की सरकारी नौकरी पकड़ ली। विष्णु प्रभाकर मेधावी थे, उनमें पढ़ाई के प्रति लगन थी, इसलिए आपने नौकरी के साथ पढाई भी जारी राखी। आपने हिन्दी में प्रभाकर एवं हिन्दी भूषण की उपाधि प्राप्त की। इसके साथ आपने संस्कृत में प्रज्ञा और अंग्रेजी में बीए की डिग्री भी प्राप्त की। प्रेमचंद, जैनेन्द्र कुमार, यशपाल और अज्ञेय जैसे दिग्गज साहित्यकारों के समकालीन विष्णु प्रभाकर ने अपने लेखन से अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई।

उस समय के सभी युवाओं की तरह आप भी महात्मा गांधी के दर्शन और सिद्धांतों से प्रभावित थे जिसके चलते आपका रुझान कांग्रेस की तरफ स्वाभाविक ही हो गया। स्वतंत्रता संग्राम में आपने अपनी लेखनी को हथियार बना आंदोलन में भाग लिया और आजादी के लिए संघर्ष किया। इसके कारण आप गिरफ्तार भी हुए और पंजाब छोड़ने के आदेश के कारण नौकरी छोड़ कर वर्ष 1944 में दिल्ली आ गए। आपका विवाह 26 वर्ष की उम्र में हरिद्वार की सुश्री सुशीला के साथ हुआ जिससे आपकी चार संतान हुई-अनीता, अतुल, अमित और अर्चना।

### प्रमुख कृतियां

आपने लगभग 300 कहानियां, आठ उपन्यास, तीन लघुकथा संग्रह, 14 नाटक, 17 एकांकी संग्रह, तीन रूपांतर, एक रूपक संग्रह, 23 जीवनी एवं संस्मरण, पांच यात्रा वृतांत संग्रह, आठ विचार निबंध संग्रह, 13 बाल एकांकी, चार बाल नाटक, तीन बाल जीवनी, 17 बाल कहानी संग्रह, एक कविता संग्रह और 19 विविध विषयों पर पुस्तकें लिखी। आपने 64 से अधिक पुस्तकों और पुस्तिकाओं का संपादन भी किया। आपका रचना संसार वृहद् है।

आपके चर्चित उपन्यास- अर्धनारीश्वर, कोई तो, दर्पण का व्यक्ति, परछाई, तट के बंधन; कहानी संग्रह -एक कहानी का जन्म, आदि और अंत, रहमान का बेटा, सफर के साथी, खंडित पूजा, मेरा वतन; कविता संग्रह -चलता चला जाऊंगा; नाटक-नवप्रभात, समाधि, कुहासा और किरण, बंदिनी, विष्णु प्रभाकर सम्पूर्ण नाटक, सीमा रेखा हैं। आपने जीवनियां, निबंध, नाटक, यात्रा वृतांत, बाल साहित्य में भी बहुत काम किया।

आपकी कृति शरतचंद्र की जीवनी 'आवारा मसीहा' को कालजयी रचना माना जाता है। हिन्दी ग्रंथ रत्नाकर प्रकाशन संस्था के मालिक नाथूराम प्रेमी ने आपको शरद चंद्र की जीवनी लिखने के लिए प्रेरित किया था। स्मृतिशेष विष्णु प्रभारक पुत्र अतुल प्रभाकर कहते हैं, विष्णु प्रभाकर जी 14 वर्ष तक इस कार्य में व्यस्त रहे। आपने सात वर्ष तक विभिन्न स्थानों पर जा-जा कर शरत चंद्र के जीवन पर जानकारी एकत्रित की और सात ही वर्ष 'आवारा मसीहा' लिखने में संलग्न रहे। उन्होंने बताया, " वर्ष 1931 में विष्णु प्रभाकर जी की प्रथम कहानी 'दिवाली के दिन' लाहौर के 'हिन्दी मिलाप' में प्रकाशित हुई थी। वर्ष 1934 से आप नियमित लेखन करते रहे जो अप्रैल 2009 में देहावसान से कुछ माह पहले तक निरंतर चलता रहा। अतुल प्रभाकर ने अपने पिता की पुण्य स्मृति में 'विष्णु प्रभाकर प्रतिष्ठान' की स्थापना की और वर्षों से इसके माध्यम से साहित्य के संवर्धन के लिए अनेक कार्यक्रम और आयोजन कर रहे हैं। संस्था की ओर से स्थापित और नवांकुर रचनाकारों को 'विष्णु प्रभाकर स्मृति सम्मान' सहित अनेक सम्मान और पुरस्कार प्रदान किए जा रहे हैं।

### सम्मान


आपको बहुत से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मानों से नवाजा गया। इनमें 'आवारा मसीहा' के लिए सोवियत लैंड नेहरू पुरूस्कार (1976), डॉ ऑफ लिटरेचर (वर्दमान), साहित्य अकादमी सम्मान (1993), महापंडित राहुल सांकृत्यायन पुरस्कार (1995), पद्मभूषण सम्मान (2004), ज्ञानपीठ मूर्तिदेवी सम्मान प्रमुख हैं।

### पद्मभूषण लौटने का किस्सा

स्वतंत्रता के बाद विष्णु प्रभाकर नई दिल्ली में रहने आ गए थे। सितम्बर 1955 में आप आकाशवाणी दिल्ली में नाट्य निर्देशक के तौर पर नियुक्त हो गये जहां आपने 1957 तक काम किया। वर्ष 2005 में विष्णु जी तब सुर्खियों में आए जब राष्ट्रपति भवन में कथित दुर्व्यवहार के विरोध स्वरूप उन्होंने पद्मभूषण की उपाधि लौटाने की घोषणा की। अतुल प्रभाकर बताते हैं, तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम जी ने विष्णु प्रभाकर जी को राष्ट्रपति भवन में आमंत्रित किया और उन्हें पद्मभूषण सम्मान ना लौटने के लिए कहा।

## दैनिक पंचांग

21 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य | मिथुन में |
| चंद्र | मेष में |
| मंगल | सिंह में |
| बुध | मिथुन में |
| गुरु | मिथुन में |
| शुक्र | मेष में |
| शनि | मीन में |
| राहु | कुंभ में |
| केतु | सिंह में |

राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| मिथुन | 04.51 बजे से |
| कर्क | 07.08 बजे से |
| सिंह | 09.24 बजे से |
| कन्या | 11.36 बजे से |
| तुला | 13.47 बजे से |
| वृश्चिक | 16.01 ब.से |
| धनु | 18.17 बजे से |
| मकर | 20.23 बजे से |
| कुंभ | 22.09 बजे से |
| मीन | 23.42 बजे से |
| मेष | 01.12 बजे से |
| वृष | 02.53 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 172 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** दशमी 07.19 बजे तदनन्तर एकादशी 04.28 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** अश्विनी 19.50 बजे को समाप्त। **योग** अतिगण्ड 20.29 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 07.19 बजे, बव 17.56 बजे तदनन्तर बालव 04.28 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 26' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872382 **जुलियन दिन** 2460847.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जिल्हेज **तारीख** 24 **विशेष** योगिनी एकादशी, वर्ष का सबसे बड़ा दिन, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 | बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 | बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 | बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 | बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 | बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 | बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 | बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 | बजे तक |

| रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.37 से | 07.10 | बजे तक |
| उद्वेग | 07.10 से | 08.42 | बजे तक |
| शुभ | 08.42 से | 10.14 | बजे तक |
| अमृत | 10.14 से | 11.47 | बजे तक |
| चर | 11.47 से | 01.19 | बजे तक |
| रोग | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| काल | 02.51 से | 04.23 | बजे तक |
| लाभ | 04.23 से | 05.56 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# आबुआ आवास योजना में 680 परिवारों को मिला सपनों का घर




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** प्रखंड के आहुतग्राम में गुरुवार को आबुआ आवास योजना के तहत निर्मित घरों के गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें साहिबगंज के उप विकास आयुक्त सतीश चंद्र एवं बरहरवा के प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित विभिन्न सहयोगी दलों के पदाधिकारी, प्रमुख और उप प्रमुख तथा प्रखंड के अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर, विधायक निसात आलम ने कहा कि हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसका अपना घर हो, और आबुआ आवास योजना इसी सपने को साकार करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, अधिकारियों ने बताया कि जब केंद्र सरकार ने झारखंड को प्रधानमंत्री आवास योजना का लक्ष्य नहीं दिया, तो पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के गरीब और आवासहीन लोगों के लिए अपना आवास बनाने के सपने को पूरा करने हेतु राज्य में आबुआ आवास योजना की शुरूआत की। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जहां ग्रामीण लाभार्थियों को एक लाख बीस हजार रुपए दिए जा रहे हैं, वहीं राज्य सरकार की आबुआ आवास योजना के तहत लाभार्थियों को दो लाख रुपए प्रदान किए जा रहे हैं, जिसमें तीन कमरों का पक्का मकान और शौचालय शामिल है। बरहरवा प्रखंड में अब तक 2949 लाभार्थियों को पहली किस्त का पैसा दिया जा चुका है, जिसमें से 680 आबुआ आवास पूरी तरह से बनकर तैयार हो गए हैं। आज के इस गृह प्रवेश कार्यक्रम से पूर्व मंत्री आलमगीर आलम का गरीबों और आवासहीन परिवारों को पक्का मकान दिलाने का प्रयास और सपना पूरा होता दिख रहा है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि बरकत खान, सांसद प्रतिनिधि अब्दुल कादिर, बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास, प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल गफूर, पंचायत के मुखिया, अब्दुल कादिर, पंचायत समिति के सदस्य, कांग्रेस और जेएमएम के कार्यकर्ता और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## एक नजर

### जहरीले सांप के काटने से महिला हुई मूर्छित

**साहिबगंज/बरहरवा :** प्रखंड के कोटालपोखर क्षेत्र अंतर्गत नया टोला गांव निवासी सुरेश उरांव की 25 वर्षीया पत्नी शांति टोप्पो शुक्रवार की अहले सुबह शौच कर घर वापस आने के क्रम में पैर में एक जहरीले सांप ने काट लिया। घर आने के उपरांत कुछ देर बाद उसका जहर जब शरीर में फैलने लगा तो महिला मूर्छित होने लगी। इसके बाद उसने अन्य परिजनों को बताया कि पैर में कुछ काट लिया था। इसके बाद परिजनों ने महिला को इलाज के लिए आनन-फानन में फरक्का के हयात अस्पताल लेकर गए। जहां उसका इलाज चिकित्सकों की देखरेख में चल रहा है।

### धरती आबा जन भागीदारी अभियान के तहत ग्राम सभा का हुआ आयोजन



**साहिबगंज :** धरती आबा जन भागीदारी अभियान के अंतर्गत पतना प्रखंड के लखीपुर पंचायत अंतर्गत छोटामझदिहा एवं तिलभीता गाँव में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएमएफटी से नवीन कुमार, प्रोजेक्ट ऑफिसर (आजीविका) पंकज कुमार अकेला, डाटा एनालिस्ट गौरव चंद्र, एवं अन्य की उपस्थिति रही। ग्राम सभा में ग्रामीणों से संवाद कर उनके क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं का गहन अवलोकन किया गया, जिनमें विशेष रूप से पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएँ, आंगनबाड़ी केंद्र, सड़क की स्थिति तथा मोबाइल नेटवर्क की उपलब्धता आदि शामिल रही। ग्रामवासियों ने अपनी समस्याएं एवं आवश्यकताएं साझा कीं, जिन पर गंभीरतापूर्वक विचार किया और संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई हेतु संज्ञान लेने का आश्वासन दिया।

### सदर अस्पताल में भर्ती अज्ञात व्यक्ति की इलाज के दौरान हुई मौत

**साहिबगंज :** जिला मुख्यालय के सबसे बड़े सदर अस्पताल में पिछले 1 जून से भर्ती एक अज्ञात व्यक्ति की शुक्रवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। जहां मामले की जानकारी अस्पताल प्रबंधन ने जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र की पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस की टीम ने सदर अस्पताल पहुंचकर मृतक अज्ञात व्यक्ति के शव को अपने कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराने में जुट गई है। हालांकि मृतक व्यक्ति कहां का रहने वाला था और उसे किसने सदर अस्पताल में भर्ती करवाया था इसकी जानकारी जुटाने में पुलिस जुटी हुई है। उधर मृतक व्यक्ति के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे 72 घंटे तक पहचान होने के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया है।

### पुलिस की छापेमारी में भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद एक महिला गिरफ्तार

**गोड्डा :** पुलिस अधीक्षक गोड्डा के निर्देश पर शुक्रवार को अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बलवड्डा थाना क्षेत्र के गांव बलवड्डा में छापेमारी कर पुलिस ने भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। छापेमारी के क्रम में आरोपित सोनी देवी (30) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। आरोपित का पति धुरी राम फिलहाल फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है। इस दौरान कुल 220 यूनिट विदेशी शराब जब्त की गयी है। मिली जानकारी के अनुसार, आरोपित धुरी राम एवं उसकी पत्नी सोनी देवी अपने घर में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब का भंडारण कर उसे बड़े पैमाने पर बिक्री के लिए रखे हुए थे।

## विवाहित महिला का संदिग्ध अवस्था में अमरूद के पेड़ से लटका मिला शव



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत हाजीपुर दियारा निवासी कैलाश मंडल की 21 वर्षीया पत्नी अंजू देवी का शव संदिग्ध अवस्था में फांसी के फंदे से लटका हुआ घर के बाहर अमरूद के पेड़ से बरामद किया गया है। जिसे देख हत्या की आशंका जताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका का चचेरा भाई सोनू कुमार मंडल ने बताया कि बीते गुरुवार की रात्रि 11:30 बजे मृतिका का पति कैलाश मंडल ने फोन कर बताया कि आपकी बहन फांसी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर लिया है। घटना की सूचना मिलते ही मृतिका के पूरे परिवार 1 बजे रात्रि में ही अपनी बेटी के सुसराल पहुंच कर देखा की अमरूद के पेड़ से मृत अवस्था में फंदे से शव लटका हुआ है। इस खबर का पता चलते ही पूरे गांव में आग की तरह बात फैल गई। शव को देख ऐसा प्रतीत हो रहा था की किसी ने महिला की हत्या कर पेड़ से लटका दिया है। घटना की सूचना मुफ्फसिल थाना पुलिस को मिलते ही मुफ्फसिल थाना प्रभारी घटनास्थल पर अपने दलबल के साथ पहुंचकर छानबीन में जुट गई और शव को अपने कब्जे में लेते हुए कागजी प्रक्रिया करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका की मां बीना देवी ने बताया कि मेरे बेटी अंजू देवी खवासपुर बिहार की रहने वाली थी।

## बच्चों संग उपायुक्त ने तिथि भोज सह जन्मोत्सव कार्यक्रम में किया भोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** ज़िले में जेएसएलपीएस के द्वारा छात्र-छात्राओं को तिथि भोजन कराया गया जिसमें बच्चों को भोजन में पुरी, बुंदिया, मिक्स सब्जी व मिठाई, सलाद, दाल एवं अंडा, केला परोसा गया। धरती आबा अभियान के तहत प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अन्तर्गत जिला के मध्याह्न भोजन संचालित विद्यालयों में शुक्रवार को छात्र- छात्राओं के लिए तिथि भोज सह जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस तिथि भोज के सफल क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त श्री मनीष कुमार के द्वारा प्राथमिक विद्यालय शहरकोल का जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त संग विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह ने बच्चों के साथ तिथि भोजन सह जन्मोत्सव का आनंद लिया। उपायुक्त ने बताया कि सरकार की ओर से चलाये जा रहे पीएम पोषण योजना को प्रभावी एवं सामाजिक सरोकार से जुड़ाव को लेकर विभागीय निर्देश के आलोक में तिथि भोजन सह जन्मोत्सव के अवसर पर विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं को समुदाय-समाज के बुद्धिजीवी, विशिष्ट, गणमान्य व्यक्ति, समाजसेवी या विभिन्न कार्यालयों द्वारा विशेष दिवस पर एमडीएम के मेनू से अलग हटकर खास भोजन की व्यवस्था की जाती है। यह एक अवसर है जब लोग अपनी खुशियों को सरकारी विद्यालयों के बच्चों के साथ मिलकर और बढ़ा सकते हैं। तिथि भोजन को लेकर विद्यालय के छात्र-छात्राएं उत्साहित थे।

## जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं को मिला सम्मान, डीसी ने कहा- शिक्षा ही विकास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज :** सिद्धो-कान्हू सभागार में वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीसी हेमन्त सती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसका उद्घाटन डीसी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, संथाल परगना दुर्गानन्द झा एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा बाल पौधा भेंटकर किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, साहेबगंज की छात्राओं ने स्वागत गान की मनमोहक प्रस्तुति दी। अपने प्रेरणादायक संबोधन में डीसी हेमन्त सती ने छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि सफलता पाने के लिए बच्चों को नकारात्मक संगत से बचना चाहिए और प्रेरणादायक एवं योग्य मित्रों का साथ चुनना चाहिए। उन्होंने सभी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में विशेष रूप से नीट परीक्षा 2025 में जिले की एकमात्र चयनित छात्रा प्रिया राज गुप्ता, पिता उमेश प्रसाद साह, संकुल साधन सेवी, राजमहल को डीसी द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह में झारखंड अधिविध परिषद्, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं भारतीय माध्यमिक शिक्षा प्रमाणपत्र (आईसीएसई) बोर्ड के कुल 101 टॉपर छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी कुमार हर्ष, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी लक्ष्मण यादव, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी उर्मिला हाँसदा, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी तरूण कुमार घाटी एवं रॉबिन चन्द्र मंडल, मनोज कुमार गुप्ता समेत अन्य शिक्षा पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## क्षतिग्रत पुलिया को मरम्मत कराने की मांग को लेकर ग्रामीण एमजीआर लाइन किया जाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज/बरहेट :** एनटीपीसी फरक्का ललमटिया एमजीआर रेलवे लाइन अंतर्गत पोल संख्या 40 के समीप जर्जर पुल को मरम्मति को लेकर ग्रामीणों ने लाइन जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान ललमटिया से फरक्का की ओर जा रही लोड मालगाड़ी को ग्रामीणों ने एक घंटा रोककर रखा गया। भैरवढाब गांव के आस पास के ग्रामीण इलाकों के लोग एक साथ पहुंचकर मांगो को लेकर विरोध प्रदर्शन किया और ग्रामीणों द्वारा एक घंटा रेलवे लाइन जाम कर रखा। वही ग्राम प्रधान बसोनी मुर्मू,नाईकी मुर्मू ने बताया कि पिछले कई सालों से पुल क्षतिग्रस्त है, इसको लेकर एनटीपीसी के अधिकारी को सुचना से अवगत कराया लेकिन समाधान नहीं हुआ। पुल क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों की आवागमन बंद है जिससे लोगों को परेशानी होती है। बरसात के दिनों में मरीज व लोगों को अधिक मुश्किल का सामना करना पड़ता है। वही पुल क्षतिग्रस्त से आए दिन जान माल की हादसे होते है। भैरवढाब, लोगाय रंगा सहित अन्य गांव के लोग पुल क्षतिग्रस्त होने से आवागमन बंद है। रेलवे लाइन जाम की सूचना पाकर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख बर्नार्ड मरांडी,जिला परिषद सदस्य जेठा मुर्मू,राजाराम मरांडी,लड्डू भगत पहुंचकर ग्रामीणों की समस्या से अवगत हुए। वही झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख बर्नार्ड मरांडी ने वरीय अधिकारियों से बर्ताव कर ग्रामीणों को समझा बुझा कर जाम हटवाया। इसके साथ ही ग्रामीणों को एक सप्ताह के अंदर जर्जर पुल को मरम्मत कराने की लेकर अश्वासन दिया।

15 साल से पानी को तरस रहे पाकुड़ रेलवे क्वार्टर के कर्मचारी ने अब नगर परिषद से लगाई आस

## नगर परिषद कार्यालय में हुई बैठक शहरी जलापूर्ति योजना से शोधित जल देने पर हुई चर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** शहर में जल संकट की समस्या कोई नई नहीं है, लेकिन पाकुड़ रेलवे के कर्मचारी तो बीते डेढ़ दशक से बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। रेलवे की 170 क्वार्टरों में रह रहे करीब 1250 कर्मचारियों को अब तक नियमित और शुद्ध पेयजल की सुविधा नहीं मिल पाई है। इस समस्या को लेकर अब रेलवे ने नगर परिषद से गुहार लगाई है। गुरुवार को नगर परिषद कार्यालय में प्रशासक अमरेंद्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में एक अहम बैठक हुई। बैठक में पूर्व रेलवे रामपुरहाट के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (कार्य) मुकेश कुमार, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के सहायक अभियंता अभिजीत किशोर, कनिय अभियंता दिनेश मंडल, ईस्टर्न जोनल रेलवे पैसेंजर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हिसाबी राय और प्रधान सहायक देवाशीष बर्मन मौजूद रहे।

**2013 में बनी थी सहमति,जमीन नहीं मिलने से फंस गया था मामला**

सूत्रों के अनुसार, वर्ष 2013 में रेलवे और जिला प्रशासन के बीच शहरी जलापूर्ति योजना के तहत रेलवे को प्रतिदिन दो लाख लीटर शोधित जल देने पर सहमति बनी थी। जलमीनार, वितरण पाइप और जल पीलर निर्माण की योजना भी बनी थी, लेकिन रेलवे की ओर से आवश्यक जमीन नहीं मिलने के कारण योजना अधर में रह गई।

**बोरिंग भी फेल, सिर्फ 3 जगह ही मिला पानी**


रेलवे ने स्वयं पेयजल व्यवस्था सुधारने के लिए अब तक कुल दस डीप बोरिंग करवाए, लेकिन सिर्फ तीन बोरिंग से ही सीमित मात्रा में पानी मिल पाया। ऐसे में समस्या जस की तस बनी हुई है।

**अब डीआरएम हावड़ा ने दिखाई सक्रियता, फिर से जागी उम्मीद**

पूर्व रेलवे हावड़ा के मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के निर्देश पर अब एक बार फिर से प्रयास तेज किए गए हैं। नगर परिषद में हुई बैठक में प्रशासक अमरेंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि रेलवे को शहरी जलापूर्ति योजना से जोड़ने के लिए उपायुक्त को मंडल से पत्र भेजकर रेलवे की जमीन पर बनने वाले पानी टंकी निर्माण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र (ठडउ) जारी कराने के बाद ही आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जलमीनार निर्माण, वितरण पाइप बिछाने और पीलर लगाने की योजना को आगे बढ़ाने के लिए अब प्रशासन और रेलवे के बीच समन्वय बनाने की जरूरत बताई गई है। बैठक के बाद कर्मचारियों में एक बार फिर आशा जगी है कि अब शायद वर्षों पुरानी जल संकट की समस्या का समाधान हो सके। यदि यह योजना जमीन पर उतरती है तो 1250 से अधिक लोगों को शुद्ध पेयजल की सुविधा मिल सकेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रम विभाग के द्वारा चलाया गया बाल श्रम विमुक्ति सह जागरुकता अभियान



**पाकुड़ :** ज़िले में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, पाकुड़ के द्वारा सोनाजोड़ी, तोड़ाई एवं मोहनपुर चौक के विभिन्न प्रतिष्ठानों एवं होटल आदि में बाल श्रम विमुक्ति एवं जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सभी प्रतिष्ठानों में धारा-12 क के तहत सूचना प्रदर्शित कराई गई। श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी गिरीश चन्द्र प्रसाद ने बताया कि किसी भी प्रतिष्ठान में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों एवं खतरनाक नियोजन में 14-18 वर्ष तक के बच्चो का नियोजन प्रतिषेध है। उल्लंघन की स्थिति में नियोजक पर 20 हजार रुपये से 50 हजार रुपये तक का जुर्माना अथवा 06 माह से 02 वर्ष तक का कारावास या दोनों हो सकता है। जिले में बाल श्रम को रोकने के लिए निरन्तर कारवाई जारी रहेगी। इस अभियान में श्रम विभाग के विकास कुमार गुप्ता, अमजद खान एवं चाइल्ड लाइन के कर्मी शामिल थे।

### नगर थाना परिषद में लगा जनता दरबार, कई मामलों का हुआ निष्पादन




**साहिबगंज :** नगर थाना परिषद में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। वहीं जनता दरबार मे जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनंद, सीओ सह बीडीओ बासुकीनाथ टुडू, सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक सिंह संयुक्त रूप से उपस्थित थे। जनता दरबार में फरियादियों ने काफी संख्या में अपने-अपने फरियाद लेकर उपस्थित हुए। वहीं फरियादियों की एक-एक कर समस्या सुनी गई। जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनंद ने बताया कि बीते दिनों अमख धर्मशाला में लगे जनता दरबार में घोषणा के उपरांत आज 20 जून 2025 को नगर थाना परिषद में जनता दरबार लगाया गया है। इसमें जमीन से संबंधित कुल 40 मामला आया है। उन्होंने बताया कि सभी मामलों की जांच पड़ताल कर इसका निष्पादन किया जाएगा। वही कई अलग-अलग मामलों का जनता दरबार में त्वरित निष्पादन किया गया। मौके पर नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

### बरहेट तीनमुहानी चौक पर सड़क जाम करते एकलव्य विद्यालय के छात्र



**साहिबगंज/बरहेट :** प्रखंड क्षेत्र के एकलव्य विद्यालय भोगनाडीह के छात्र द्वारा शुक्रवार को बरहेट स्थित तीनमुहानी चौक पहुंच कर सड़क जाम कर दिया। मामले की सूचना पाकर बीडीओ अंशु कुमार पांडे घटनास्थल पर पहुंचकर बच्चों से बातचीत कर जाम हटवाया। वही छात्र को अपने साथ लेकर प्रखंड कार्यालय पहुंचे तत्पश्चात छात्रों की समस्या रूबरू हुए। वहीं छात्रों ने बताया कि एकलव्य विद्यालय भोगनाडीह के पद स्थापित संगीत शिक्षक तोबियस मरांडी को बिना कारण से विद्यालय से हटाए जा रहे हैं जो गलत है। संगीत शिक्षक छात्रों को अच्छे प्रशिक्षण देते हैं। संगीत विषय में उनकी अच्छी अनुभव है। अपने निजी वाद्य यंत्र से विद्यालय के छात्रों को सीखाते हैं। विद्यालय के संगीत शिक्षक को पुनः पद स्थापित किया जाए। इस मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी अंशु कुमार पांडे ने छात्रों को समझा बूझकर शांत कराया और कहा कि मामले को लेकर जिला कल्याण पदाधिकारी को अवगत कराया जाएगा। मौके पर सुनीराम मरांडी, परितोष मुर्मू, विकास मुर्मू, विमल हेंब्रम, सुमित हेंब्रम, विनोद सोरेन, राम किस्कू, अन्य छात्र मौजूद थे।

### मोहर्रम इंतजामिया कमेटी गठन किया गया



**बरहरवा :** कोटालपोखर में आज शुक्रवार 20 जून 2025 को कोटालपोखर में मोहर्रम इंतजामिया कमेटी की और से महत्वपूर्ण बैठक मो अली के घर के पास आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता मो इशहाक अली ने की। बैठक में पिछली कमेटी को भंग करते हुए, सर्वसम्मति से एक नई कमेटी का चुनाव कर नव-निर्वाचित कमेटी का गठन किया गया। अध्यक्ष के तौर पर समीम मंसूरी, उपाध्यक्ष राशिद आलम, सचिव साजिद आलम, सह-सचिव मो शमीम, मीडिया प्रभारी मोहित मंसूरी, कोषाध्यक्ष तनवीर आलम, सभी पदों का चुनाव का गठन कर सर्वसम्मति से संपन्न हुआ।

### टीकाकरण कार्य योजना को लेकर एकदिवसीय समीक्षा सह कार्यशाला का हुआ आयोजन



**साहिबगंज/राजमहल :** उपाधीक्षक अनुमंडल अस्पताल राजमहल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नियमित टीकाकरण रिव्यु दल के द्वारा नियमित टीकाकरण कार्य योजना को लेकर शुक्रवार को एकदिवसीय समीक्षा सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला सह समीक्षा का बैठक में जिला स्तरीय रिव्यू कमेटी में जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार मिश्रा विश्व स्वास्थ्य संगठन साहिबगंज के सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर धारुन जिला कार्यक्रम प्रबंधक हिना गौरव बरनवाल, वीसीसीएम अभिषेक कुमार राजमहल एवं उधवा प्रखंड के विश्व स्वास्थ्य संगठन के मॉनिटर बासुकीनाथ यादव एवं सुबोध कुमार शर्मा के द्वारा राजमहल एवं उधवा प्रखंड का नियमित टीकाकरण कार्य योजना का बारीकी से समीक्षा किया गया उक्त बैठक में प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अमित कुमार एवं सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के एएनएम एवं डाटा ऑपरेटर उपस्थित रहे।

# सभी व्यवसाय बंद रखने से हमें अरबों डॉलर का नुकसान होता है: ट्रंप

- ट्रंप ने अमेरिका में नॉन-हॉलिडे के आर्थिक प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए कहा

न्यूयॉर्क । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका में नॉन-हॉलिडे के आर्थिक प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सभी व्यवसायों को बंद रखने से हमें अरबों डॉलर का नुकसान होता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर लिखा, अमेरिका में बहुत सारी गैर-कामकाजी छुट्टियां हैं। इससे हमारे देश को अरबों डॉलर का नुकसान हो रहा है, क्योंकि इन छुट्टियों में सारी दुकानें और व्यवसाय बंद रहते हैं। कर्मचारी भी ऐसा नहीं चाहते हैं।

जल्द ही हम साल के हर एक कार्य दिवस पर छुट्टी मनाने लगेंगे। अगर हम अमेरिका को फिर से महान बनाना चाहते हैं तो इसे बदलना होगा। हालांकि, अपने इस पोस्ट में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अवकाश का नाम स्पष्ट रूप से नहीं बताया, लेकिन यह पोस्ट 20 जून 2025 को जूनटीन्थ के दिन पोस्ट किया गया है, जो 19 जून 1865 की घटना की याद में मनाया जाता है।

19 जून 1865 के दिन टेक्सास के गैल्वेस्टन में सैनिकों ने आकर अंतिम अश्वेत दासों को मुक्त करने का आदेश दिया था, जिसे गुलामी के अंत की शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, जूनटीन्थ के सम्मान में अधिकतर राष्ट्रीय बैंक, संघीय कार्यालय और संयुक्त राज्य डाक सेवा बंद रहे। हालांकि, वॉलमार्ट, कॉस्टको, टारगेट और स्टारबक्स जैसे प्रमुख स्टोर छुट्टी के दिन भी खुले रहे। इससे पहले, पत्रकारों ने व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट से दिन में पूछा कि जूनटीन्थ को लेकर ट्रंप का प्लान क्या है? उन्होंने जवाब दिया कि मैं आज किसी आधिकारिक बयान या दस्तावेज पर उनके हस्ताक्षर के बारे में नहीं जानती। मुझे बस इतना पता है कि आज एक सरकारी छुट्टी है।

# केंद्र सरकार ने सोना युक्त कीमती मिश्र धातुओं के आयात पर लगाई रोक




नई दिल्ली । वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के संगठन विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने वजन के हिसाब से 1 प्रतिशत से अधिक सोने वाले पैलेडियम, रोडियम और इरिडियम के मिश्रधातुओं के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार यह उपाय प्लेटिनम के आयात पर मौजूदा प्रतिबंध का विस्तार करता है। बयान में कहा गया है कि इसमें अब 4 अंकों के स्तर पर संपूर्ण कस्टम्स टैरिफ हेडिंग (सीटीएच) 7110 शामिल है, जिससे कीमती धातुओं और उनके मिश्र धातुओं को नियंत्रित करने वाली आयात नीति में एकरूपता सुनिश्चित होती है। बयान में आगे कहा गया है कि यह नीति 1 प्रतिशत से कम सोने वाले मिश्र धातुओं के मुफ्त आयात की अनुमति देकर व्यापार को सुविधाजनक बनाती है, जिससे इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटो कंपोनेंट और स्पेशल केमिकल इंडस्ट्री सहित औद्योगिक और विनिर्माण क्षेत्रों के लिए बिना किसी व्यवधान के इनपुट की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित होती है। यह कैलिब्रेटेड दृष्टिकोण व्यापार सुविधा को नियामक निगरानी की आवश्यकता के साथ संतुलित करता है।

# खाद्य तेल की कमी और कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका

- कांडला पोर्ट पर जहाजों की भारी भीड़ और माल उतराई में हो रही देरी



नई दिल्ली । आने वाले दिनों में खाने के तेल की कमी और कीमतें बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि कांडला पोर्ट पर जहाजों की भारी भीड़ और माल उतराई में हो रही देरी होने की वजह से यह स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) और कई व्यापारिक संगठनों ने सरकार को चेताया है कि यदि पोर्ट की स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो देशभर में सप्लाई चेन बाधित हो सकती है और तेल महंगा हो सकता है। एसईए के अनुसार, नवंबर 2024 से मई 2025 के बीच भारत का खाद्य तेल आयात 9 फीसदी गिरकर 78.8 लाख टन रहा, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 86.7 लाख टन था। भारत हर महीने लगभग 7.5 लाख टन पाम ऑयल आयात करता है और यह दुनिया का सबसे बड़ा खाद्य तेल आयातक है। कांडला पोर्ट पर फिलहाल 157,000 टन तेल लादे 8 जहाज बर्थिंग का इंतजार कर रहे हैं। सिर्फ 2 जहाजों से 45,000 टन तेल की अनलोडिंग हो रही है। अगले कुछ दिनों में 159,000 टन तेल के साथ 5 और जहाज पहुंचने वाले हैं। पोर्ट अधिकारियों के अनुसार फिलहाल 6 खाद्य तेल और 6 रसायन वाले जहाज एंकर पर हैं। शुल्क कटौती बनी आयात बढ़ने की वजह से कांडला पोर्ट अथॉरिटी के एक प्रमुख अधिकारी के अनुसार मई में आयात शुल्क में कटौती के बाद खाद्य तेल की आवक में अचानक तेजी आई है। उन्होंने कहा कि औसतन 8-10 दिन की प्रतीक्षा हो रही है लेकिन संचालन प्रक्रियाओं को सख्त किया गया है और समाधान की कोशिशें जारी हैं।

# कोर्ट ने नीरव मोदी की करोड़ों की संपत्तियों को रिलीज करने की दी अनुमति

- कोर्ट ने यह आदेश पीएनबी द्वारा दायर एक अर्जी पर दिया



नई दिल्ली । मुंबई की एक विशेष अदालत ने भगोड़े हीरा व्यापारी नीरव मोदी और उसकी बहन पूर्वी मोदी की पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जब्त की गई 66.33 करोड़ की संपत्तियों को रिलीज करने की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने यह आदेश पीएनबी द्वारा दायर एक अर्जी पर दिया, जिसमें कहा गया था कि इन संपत्तियों को बेचकर या नीलामी के माध्यम से बैंक को हुए नुकसान की आंशिक भरपाई की जा सके। विशेष न्यायाधीश एवी गुजराती ने 17 जून को यह आदेश पारित किया। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि पीएनबी को यह अंडरटेकिंग देनी होगी कि अगर भविष्य में जरूरत पड़ी, तो इन संपत्तियों की बिक्री से प्राप्त राशि को फिर से वसूला जा सकेगा। रिलीज की गई संपत्तियों में नीरव मोदी के मुंबई के वर्ली इलाके स्थित समुद्र महल आवास से बरामद ज्वेलरी, सिक्के, घड़ियां और नकदी शामिल हैं, जिनकी कुल कीमत करीब 40.83 करोड़ है। इसके अलावा, पूर्वी मोदी के नाम पर 19.50 करोड़ का एक फ्लैट और अन्य चल संपत्तियां भी इसी पते से जब्त की गई थीं। प्रवर्तन निदेशालय ने कोर्ट को बताया है कि उसे जब्त संपत्तियों को वापस देने पर कोई आपत्ति नहीं है, बशर्ते कुछ शर्तें पूरी की जाएं। इसके बाद कोर्ट ने पंजाब नेशनल बैंक की अर्जी को मंजूरी देते हुए नीरव मोदी की संपत्तियां उसे लौटाने का आदेश दे दिया। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि नीरव मोदी अब भगोड़ा है और भारत लौटने को तैयार नहीं है। नीरव मोदी और उनके मामा मेहुल चोकसी 13,500 करोड़ के पंजाब नेशनल बैंक घोटाले के मुख्य आरोपी हैं। मेहुल चोकसी इस समय बेल्जियम में कानूनी प्रक्रिया का सामना कर रहे हैं, जबकि नीरव मोदी 2019 से ब्रिटेन की जेल में बंद हैं।

# दूरसंचार कंपनियों का एजीआर बढ़कर 79,226 करोड़ हुआ

नई दिल्ली । दूरसंचार कंपनियों का मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) सालाना आधार पर 12.44 प्रतिशत बढ़कर 79,226 करोड़ रुपये हो गया। दूरसंचार नियामक ट्राई ने हाल ही में एक रिपोर्ट में यह कहा। रिलायंस जियो 29,464 करोड़ रुपये के एजीआर के साथ सूची में सबसे ऊपर है। यह वह राशि है जिससे सरकार लाइसेंस शुल्क और स्पेक्ट्रम उपयोग शुल्क के रूप में अपना हिस्सा एकत्र करती है। ट्राई की रिपोर्ट के मुताबिक, भारती समूह 26,324 करोड़ रुपये के एजीआर के साथ जियो के बाद दूसरे स्थान पर है। हालांकि, कंपनी ने आलोच्य तिमाही में इस खंड में 25.64 प्रतिशत की उच्चतम वृद्धि हासिल की। कर्ज में फंसी वोडाफोन आइडिया का एजीआर 3.84 प्रतिशत बढ़कर 7,653.53 करोड़ रुपये रहा। वहीं बीएसएनएल का समायोजित सकल राजस्व 12.45 प्रतिशत बढ़कर 2,239.54 करोड़ रुपये रहा।मार्च तिमाही के दौरान टाटा टेलीसर्विसेज का एजीआर 2.31 प्रतिशत बढ़कर 677 करोड़ रुपये और एमटीएनएल का एजीआर 6.04 प्रतिशत घटकर 147 करोड़ रुपये रहा। ट्राई की रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2025 की तिमाही में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं का सकल राजस्व सालाना आधार पर 11.74 प्रतिशत बढ़कर 98,250 करोड़ रुपये रहा। दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के राजस्व में वृद्धि मुख्य रूप से जुलाई, 2024 में मोबाइल सेवाओं की दर में वृद्धि के कारण हुई। इस कदम से दूरसंचार कंपनियों के लिए प्रति उपयोगकर्ता औसत राजस्व (एआरपीयू) 19.16 प्रतिशत बढ़कर 182.95 रुपये हो गया। एजीआर पर लगाये गये लाइसेंस शुल्क के रूप में सरकार का संग्रह सालाना 12.46 प्रतिशत बढ़कर 6,340 करोड़ रुपये, जबकि स्पेक्ट्रम उपयोग शुल्क 15.08 प्रतिशत बढ़कर 1,000 करोड़ रुपये हो गया।

## रुपया बढ़त पर बंद

मुंबई ।



अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को भारतीय रुपया 10 पैसे की तेजी के साथ ही 86.63 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और डॉलर के कमजोर रुख के बीच रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में 13 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.60 पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.65 पर खुला। बाद में पिछले बंद भाव के मुकाबले 13 पैसे की बढ़त के साथ 86.60 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। रुपया गुरुवार को 30 पैसे टूटकर दो महीने के निचले स्तर 86.73 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। पिछले तीन सत्र में यह कुल 69 पैसे टूटा था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.31 फीसदी की गिरावट के साथ 98.59 पर रहा।

## ओसवाल पंप्स का शेयर तीन प्रतिशत से अधिक बढ़त पर सूचीबद्ध

नई दिल्ली । ओसवाल पंप्स का शेयर अपने 614 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले तीन प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ शुक्रवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 2.93 प्रतिशत की बढ़त के साथ 632 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 5.35 प्रतिशत चढ़कर 646.90 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर शेयर ने 3.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 634 रुपये पर कारोबार शुरू किया। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 7,389.73 करोड़ रुपये रहा। ओसवाल पंप्स के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को मंगलवार को बोली के अंतिम दिन 34.42 गुना अभिदान मिला था। कंपनी का आईपीओ 890 करोड़ रुपये मूल्य के नए शेयरों और प्रवर्तक विवेक गुप्ता द्वारा 81 लाख शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। इस तरह निर्मग का कुल आकार 1,387.34 करोड़ रुपये है। इसके लिए 584-614 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा रखा गया था। ओसवाल पंप्स ने बड़े (एंकर) निवेशकों से 416 करोड़ रुपये से अधिक राशि जुटाई है। नए निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग कंपनी के कुछ पूंजीगत व्ययों के वित्तपोषण, ऋण या इक्विटी के रूप में पूर्ण-स्वामित्व वाली अनुषंगी ओसवाल सोलर में निवेश, हरियाणा के करनाल में नई विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने, ऋण का भुगतान करने और सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

## इजरायल का सरकारी खजाना खाली होने की कगार पर

जेरुसलम । मिडिल ईस्ट में जारी ईरान-इजरायल संघर्ष अब महज सैन्य टकराव नहीं रहा, बल्कि एक गंभीर आर्थिक जंग में बदल चुका है। इजरायल हर दिन करीब 63 अरब रुपए (725 मिलियन डॉलर) खर्च कर रहा है, जिससे उसकी अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव बन गया है और सरकारी खजाना तेजी से खाली होता जा रहा है। यह खुलासा इजरायली सेना (आईडीएफ) के पूर्व वित्तीय सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल (रिजर्व) रीम अमीनाच ने किया है। उनके अनुसार, युद्ध शुरू होने के सिर्फ पहले दो दिन में ही इजरायल ने 1.45 अरब डॉलर खर्च कर दिए जिसमें हमला और रक्षा दोनों खर्च शामिल हैं। इजरायल ने ईरान पर जो पहला हमला किया, उसमें विमानों के उड़ने और हथियारों के इस्तेमाल का खर्च 593 मिलियन डॉलर था। बाकी पैसा मिसाइलों को रोकने वाले सिस्टम और रिजर्व सैनिकों को बुलाने में खर्च हुआ। अमीनाच ने यह भी कहा कि यह सिर्फ सीधा खर्च है। इनडायरेक्ट कॉस्ट, जैसे जीडीपी पर असर अभी नहीं मापा जा सकता। असली बिल तो तब पता चलेगा जब नागरिक संपत्ति को हुए नुकसान और काम में कमी जैसे खर्चों को जोड़ा जाएगा। युद्ध के चलते इजरायल की आर्थिक विकास की उम्मीदें कम हो गई हैं। वित्त मंत्रालय ने पहले ही इस साल के लिए जीडीपी का 4.9 फीसदी घाटा तय किया था। यह लगभग 27.6 अरब डॉलर है। देश के बजट में इमरजेंसी के लिए कुछ पैसा रखा गया था लेकिन वह ज्यादातर गाजा युद्ध में ही खर्च हो गया। अब ईरान के साथ चल रहे युद्ध के लिए अलग से कोई व्यवस्था नहीं है।

# शेयर बाजार भारी तेजी के साथ बंद

सेंसेक्स में 1046 और निफ्टी में 319 अंकों की बढ़त

मुम्बई ।




भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को भारी तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आया है। इसी के साथ ही पिछले तीन दिनों से जारी गिरावट भी रुक गयी। आज दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1046.30 अंक बढ़कर 82,408.17 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी भी 319.15 अंकों के उछाल के साथ ही साथ 25,112.40 अंकों पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ था। आज कारोबार के दौरान भारती एयरटेल के शेयरों में सबसे ज्यादा 3.17 फीसदी की बढ़त दर्ज की गयी। सेंसेक्स की 30 में से 27 कंपनियों के शेयर आज बढ़त के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए जबकि केवल 3 कंपनियों के शेयर ही टूटकर लाल निशान पर बंद हुए। निफ्टी की 50 में से 44 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ हरे निशान पर बंद हुए , वहीं 6 कंपनियों के शेयर नीचे आने के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए। आज सेंसेक्स की कंपनियों में केवल भारती एयरटेल के शेयर सबसे ज्यादा 3.17 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए जबकि एक्सिस बैंक के शेयरों में आज सबसे ज्यादा 0.16 फीसदी की गिरावट रही।

इनके अलावा नेस्ले इंडिया के शेयर 2.98 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.86फीसदी, पावरग्रिड 2.18फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज 2.08फीसदी, एचडीएफसी बैंक 1.54फीसदी, एनटीपीसी 1.43फीसदी, एसबीआई 1.40फीसदी, एचसीएल टेक 1.37फीसदी, सनफार्मा 1.24फीसदी, अडाणी पोर्ट्स 1.08फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक 1.02फीसदी तेजी के साथ बंद हुए। वहीं अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर 0.07 फीसदीऔर मारुति सुजुकी के शेयर 0.02 फीसदी की हल्की गिरावट के साथ बंद हुए।

वहीं आज सुबह सकारात्मक एशियाई संकेतों की वजह से बाजार की बढ़त के साथ शुरुआत की। पीएसयू बैंक, आईटी और ऑटो सेक्टर में खरीदारी देखने को मिली। सेंसेक्स 228.15 अंक बढ़कर 81,590.02 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 55.10 अंक बढ़कर 24,848.35 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी बैंक 102.35 अंक बढ़कर 55,679.80 पर कारोबार कर रहा था। अमेरिकी शेयर बाजार गुरुवार को जूनटीन्थ नेशनल इंडिपेंडेंस डे के अवसर पर बंद था। बुधवार को आखिरी कारोबारी सत्र में अमेरिका में डॉव जोन्स 44.14 अंक की गिरावट के साथ 42,171.66 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.85 अंक की गिरावट के साथ 5,980.87 पर बंद हुआ और नैस्डैक 25.18 अंक की बढ़त के साथ 19,546.27 पर बंद हुआ।

## एचडीबी फाइनेंशियल का आईपीओ 25 जून को खुलेगा

- मूल्य दायरा 700-740 रुपये प्रति शेयर

नई दिल्ली । एचडीएफसी बैंक की अनुषंगी इकाई एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज ने अपने 12,500 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 700-740 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान जारी करते हुए कहा कि एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज का आईपीओ 25 जून को खुलेगा और 27 जून को संपन्न होगा। बड़े निवेशक 24 जून को बोली लगा पाएंगे। यह कंपनी का पहला आईपीओ है। आईपीओ 2,500 करोड़ रुपये के नए शेयर और प्रवर्तक एचडीएफसी बैंक द्वारा 10,000 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। एचडीएफसी बैंक की उसकी गैर-बैंकिंग वित्तीय इकाई एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज में वर्तमान में 94.36 प्रतिशत हिस्सेदारी है।कंपनी के शेयर के दो जुलाई को बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध होने की उम्मीद है।

## वोल्वो कार्स ने टाटा टेक्नोलॉजीज को बनाया रणनीतिक साझेदार

- दोनों मिलकर करेंगे ऑटोमोबाइल का डिजिटल भविष्य तय

नई दिल्ली । स्वीडिश ऑटोमोबाइल कंपनी वोल्वो कार्स ने भारतीय कंपनी टाटा टेक्नोलॉजीज को रणनीतिक सप्लायर बना लिया है। यह साझेदारी टाटा टेक्नोलॉजीज के लिए एक बड़ा मील का पत्थर है। इस गठजोड़ के तहत दोनों कंपनियां मिलकर एक स्मार्ट, सुरक्षित और सस्टेनेबल ऑटोमोटिव भविष्य की दिशा में काम करेंगी, खासकर इलेक्ट्रिक व्हीकल्स और सॉफ्टवेयर-डिफाइंड व्हीकल (एसडीवी) के क्षेत्र में। इस रणनीतिक साझेदारी के तहत टाटा टेक्नोलॉजीज, वोल्वो कार्स को प्रोडक्ट इंजीनियरिंग, एम्बेडेड सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस और प्रोडक्ट लाइफसायकल मैनेजमेंट (पीएलएम) सेवाओं में सहायता करेगी। यह सहयोग न केवल भारत से बल्कि रोमानिया, पोलैंड और स्वीडन के गोथेनबर्ग स्थित टाटा के ऑटोमोटिव सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से भी दिया जाएगा। टाटा टेक्नोलॉजीज की यह भूमिका वोल्वो के इलेक्ट्रिफिकेशन और सॉफ्टवेयर-ड्रिवन मोबिलिटी प्लेटफॉर्म्स को विकसित करने में मदद करेगी। कंपनी की विशेषज्ञता वोल्वो की वैश्विक इंजीनियरिंग क्षमताओं को मजबूती देने का काम करेगी। वोल्वो कार्स लंबे समय से ऑटोमोबाइल सेफ्टी और पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रही है। अब कंपनी मोबिलिटी को पूरी तरह से सॉफ्टवेयर-डिफाइंड प्लेटफॉर्म पर पुनर्परिभाषित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। ऐसे में टाटा टेक्नोलॉजीज जैसी कंपनियों की भूमिका बेहद अहम हो जाती है, जो अत्याधुनिक तकनीकी समाधान प्रदान कर सकती हैं।

# नामी कारोबारी संजय कपूर की संपति के तीन वारिस, लेकिन अभी कंपनी को मौजूदा बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स संभालेगा

मुंबई।

करिश्मा कपूर के पूर्व पति और नामी कारोबारी संजय कपूर के आकस्मिक निधन ने न सिर्फ उनके परिवार को गहरे शोक में डुबो दिया, बल्कि अब उनके कारोबार और अरबों की संपत्ति को लेकर चर्चाएं तेज हैं। दुनिया की टॉप ऑटो पार्ट्स कंपनियों में शुमार उनकी फर्म को उन्होंने खुद अपने पिता के निधन के बाद 2015 में संभाला था, और कुछ ही सालों में इंटरनेशनल लेवल पर स्थापित किया।

**संजय कपूर की कुल संपति कितनी है?**

फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक, संजय कपूर की कुल नेटवर्थ 1.2 बिलियन डॉलर (करीब 10,300 करोड़) थी। 2022 से 2024 के बीच उनकी संपत्ति अपने शीर्ष स्तर 1.6 बिलियन डॉलर (13,000 करोड़) तक पहुंची थी। वे भारत और विदेशों में फैले कई व्यवसायों और निवेश योजनाओं से जुड़े थे, जिसमें ऑटो सेक्टर, टेक इनोवेशन, और लग्जरी रियल एस्टेट प्रमुख हैं।

**संजय कपूर के परिवार में तीन बच्चे हैं-**

संजय और करिश्मा कूपर की बेटी समायरा कपूर, बेटा कियान कपूर है। वहीं संजय की दूसरी पत्नी प्रिया सचदेव से एक बेटा अजरियास कपूर जो अभी सिर्फ 6 साल का है।

कंपनी की बागडोर अब सीधे तौर पर किसी वारिस को नहीं मिलेगी है, क्योंकि तीनों बच्चे अभी सक्रिय रूप से कारोबार से जुड़े नहीं हैं। इसकारण कंपनी का संचालन मौजूदा बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स संभालेगा। हालांकि, रिपोर्ट के अनुसार, संपत्ति का प्रमुख प्रबंधन उनकी पत्नी प्रिया सचदेव को सौंपा गया है।

रिपोर्ट्स बताती हैं कि संजय ने करिश्मा से हुए दोनों बच्चों को पहले ही 14 करोड़ रुपये के बॉन्ड्स गिफ्ट किए थे। साथ ही, उन्हें जीवन भर के लिए 10 लाख रुपये प्रति माह की मासिक आय की सुविधा दी गई है। इससे यह स्पष्ट होता है कि उन्होंने अपने बच्चों के भविष्य की आर्थिक सुरक्षा पहले ही सुनिश्चित कर दी थी।

संजय कपूर की कई संपत्तियां अमेरिका, यूके और सिंगापुर जैसे देशों में भी हैं। अब सवाल उठता है कि इन विदेशी संपत्तियों का भविष्य क्या होगा? अगर संजय कपूर ने वसीयत तैयार की थी, तब विदेशी संपत्तियों का बंटवारा उसी के अनुसार होगा। लेकिन अगर वसीयत नहीं है, तब संबंधित देश के उत्तराधिकार कानून के तहत वैध उत्तराधिकारी को वह संपत्ति दी जाएगी। यह उस देश के कानूनी ढांचे पर निर्भर करेगा जहां वह संपत्ति स्थित है।

## संभव स्टील ट्यूब्स का आईपीओ 25 जून को खुलेगा




नई दिल्ली ।

संभव स्टील ट्यूब्स ने अपने 540 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 77-82 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया। कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि आईपीओ 25 जून को खुलेगा और 27 जून को बंद होगा। यह आईपीओ 440 करोड़ रुपये के नए शेयर और 100 करोड़ रुपये के शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। नए निर्गम से हासिल राशि का इस्तेमाल ऋण भुगतान और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। संभव स्टील ट्यूब्स भारत में इलेक्ट्रिक रेजिस्टेंस वेल्डेड (ईआरडब्ल्यू) स्टील पाइप और स्ट्रक्चरल ट्यूब (खोखले अनुभाग) के प्रमुख विनिर्माताओं में से एक है।

# पी.एम मोदी ने पटना-गोरखपुर वंदे भारत को दिखाई हरी झंडी

## सप्ताह में 6 दिन चलेगी, 7 घंटे में सफर होगा पूरा;जानिए किस स्टेशन का कितना किराया





**पटना।** PM नरेंद्र मोदी ने पटना-गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान पाटलिपुत्र जंक्शन पर दानापुर रेलमंडल के सीनियर ऑफिसर मौजूद थे। ट्रेन को देखने के लिए यात्रियों की भीड़ लगी थी। इस दौरान लोग सेल्फी लेते भी दिखें। यह नई वंदे भारत ट्रेन पटना से गोरखपुर के बीच शनिवार को छोड़कर सप्ताह में 6 दिन चलेगी। पाटलिपुत्र से दोपहर करीब 3:30 बजे खुलकर मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, बेतिया होकर रात 10:30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। ट्रेन 483 किलोमीटर का सफर करीब 7 घंटे में पूरा करेंगी। यह बिहार से चलने वाली 8वीं वंदे भारत ट्रेन होगी। पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन से गोरखपुर के बीच वंदे भारत ट्रेन का ठहराव 8 स्टेशनों पर होगा। इसमें हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, बापूधाम मोतिहारी, बेतिया, नरकटियागंज, बगहा, कप्तानगंज रुकते हुए गोरखपुर पहुंचेगी। हर स्टेशन पर दो-दो मिनट ट्रेन रुकेगी। इस ट्रेन के शुरू होने से उत्तर बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश (पूर्वांचल) के बीच कनेक्टिविटी में सुधार होगा। खासकर मुजफ्फरपुर, बेतिया, और मोतिहारी जैसे शहरों के यात्रियों के लिए पटना और गोरखपुर आना-जाना आसान हो जाएगा। ट्रेन का डिजाइन इस तरह से बनाया गया है कि इसमें झटके महसूस नहीं होंगे। इंजन: ट्रेन सेल्फ प्रोपेल्ड इंजन युक्त होगी, यानी इसमें अलग से इंजन नहीं होता है। आगे और पीछे, दोनों तरफ लोको पायलट केबिन बने होंगे। जीपीएस: ट्रेन में जीपीएस सिस्टम लगा होने से इसकी लोकेशन मोबाइल पर भी चेक कर सकेंगे। मोबाइल एप पर ट्रेन का टाइम व लोकेशन शो होगी। सीसीटीवी: सिक्योरिटी के लिहाज से सीसीटीवी भी लगे होंगे। वैक्यूम बेस्ड बायो टॉयलेट: कोच के टॉयलेट वैक्यूम बेस्ड बायो टायलेट होंगे। जैसे फ्लाइट में होते हैं। इससे टॉयलेट क्लीन रहेंगे। इमरजेंसी पुश बटन: कोच में इमरजेंसी पुश बटन होगा, इससे किसी भी तरह की इमरजेंसी होने पर दबा सकेंगे। यूरोपियन स्टाइल चेयर: एग्जीक्यूटिव क्लास की चेयर यूरोपियन स्टाइल की आरामदेह सीट है, जो गोल्डन, वायलेट और पिंक कलर में होती है। फ्लाइट जैसी लगेज रैक: ट्रेन के लगेज रैक में छएऊ डिफ्यूज लाइट्स लगी हैं, जो अक्सर विमानों में लगी होती हैं। वंदे भारत में 8 पैसेंजर बोगी हैं, जिसमें कुल 598 यात्री सवार हो सकते हैं। एक पैसेंजर बोगी में सिटिंग अरेंजमेंट 32 रहेगा, जिसमें 78 सीटें होंगी। इस तरह की 7 बोगियां होंगी। वहीं, ट्रेन के बीच में एक बोगी एग्जीक्यूटिव क्लास की रहेंगी, जिसमें सिटिंग अरेंजमेंट 22 का होगा और 52 यात्री सफर कर सकेंगे। देश की दूसरी और बिहार की पहली 'नमो भारत' ट्रेन आज यानी 24 अप्रैल से जयनगर से पटना के बीच चलेगी। 130 किमी/घंटे की रफ्तार होगी। 267 किमी की दूरी साढ़े 5 घंटे में पूरी करेगी। इसके साथ ही बिहार से दूसरी 'अमृत भारत' भी आज से ही शुरू हो गई है। यह सहरसा से मुंबई के बीच चलेगी। PM मोदी ने दोनों ट्रेनों को वर्चुअल तरीके से हरी झंडी दिखाई।

## वीटीआर में पर्यटकों को पेड़ पर दिखा तेंदुआ



**बगहा।** वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में बारिश की पहली बौछारों के साथ वन्यजीवों की गतिविधियां बढ़ गई हैं। सफारी पर गए पर्यटकों को दो रोचक दृश्य देखने को मिले। एक तेंदुआ पेड़ की डाल पर आराम करता दिखा। साथ ही, एक भालू जंगल के रास्ते में लेटकर धूप और ठंडी मिट्टी का आनंद लेता नजर आया। रिजर्व में वन्यजीवों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्तमान में बाघों की संख्या 60 के करीब है। तेंदुओं की संख्या 150 से अधिक हो गई है। भालुओं की आबादी 400 के आसपास पहुंच गई है। वन अधिकारियों ने बताया कि संरक्षण योजनाएं, कड़ी निगरानी और कैमरा ट्रैप की मदद से यह सफलता मिली है। बारिश के मौसम में वन्यजीवों का व्यवहार बदल जाता है।

इस दौरान भालुओं के लिए दीमक, चींटियां और कीड़े आसानी से उपलब्ध होते हैं। ठंडी मिट्टी और खुले स्थान उन्हें आराम के लिए अनुकूल माहौल प्रदान करते हैं। तेंदुओं को भीगी डालियां और ठंडी हवाएं आकर्षित करती हैं। क्षेत्रीय निदेशक नेशमणि के. ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने और अवैध गतिविधियों पर रोक से रिजर्व अधिक सुरक्षित हुआ है। पर्यटकों के लिए सलाह है कि वे वाहन की गति धीमी रखें।

कैमरे का फ्लैश न चलाएं। जानवरों को रास्ता दें और उनके पास न जाएं। खाने-पीने का सामान खुले में न छोड़ें।

## ओवरब्रिज के पास तेज रफ्तार ट्रक ने ली एक बाइक सवार युवक की जान



**रामनगर।** रेल ओवरब्रिज के पास दर्दनाक हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान जुड़ा पकड़ी गांव निवासी 30 वर्षीय चुन्नु सिंह, पिता दाता सिंह के रूप में हुई है। चुन्नु सिंह अपने दोस्त कृष्णमोहन के साथ हरिनगर रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे थे। रास्ते में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में चुन्नु सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। कृष्णमोहन को हल्की चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही रामनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि ट्रक को जब्त कर लिया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## क्रिकेट विवाद में 10 साल के बच्चे की हत्या नाबालिग ने चाकू से गोदा



**बेतिया।** में क्रिकेट खेलने के दौरान हुए विवाद में 12 वर्षीय नाबालिग ने बच्चे की चाकू से हत्या कर दी। दोनों बच्चों के बीच पहले से विवाद चल रहा था। गुरुवार को केशव ने लड्डू को परसा रेलवे स्टेशन के पास बुलाया और गन्ने के खेत में ले जाकर चाकू से वार किया। घटना मझौलिया थाना क्षेत्र की परसा पंचायत स्थित चंवरी सरेह की है। मृतक की पहचान शिवशंकर यादव के बेटे लड्डू कुमार(10) के रूप में हुई है। आरोपी जयप्रकाश सिंह का बेटा केशव सिंह घटना के बाद परिवार के साथ फरार हो गया है। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने मृतक का शव आरोपित के घर पर रखकर प्रदर्शन किया। सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ विवेक दीप दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। लेकिन ग्रामीणों ने शव देने से इनकार कर दिया और आरोपित समेत उसके पिता की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। एसडीपीओ विवेक दीप के समझाने के बाद ग्रामीण शांत हुए। दादा-दादी के साथ रहता था मृतक लड्डू कुमार चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर था। उसके माता-पिता तमिलनाडु में काम करते हैं। वह अपने दादा-दादी के साथ रहता था। घटना के बाद गांव में तनाव है। पुलिस ने क्षेत्र में कैंप कर दिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है। आरोपी की गिरफ्तार के लिए छापेमारी जारी एसडीपीओ ने बताया कि दोनों ही बच्चे नाबालिग हैं। क्रिकेट खेलने के दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसी दौरान आरोपी ने चाकू कूदकर हत्या कर दी। पुलिस आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही हैं।

## उपेंद्र कुशवाहा को लॉरेंस बिश्नोई के नाम से धमकी



**पटना।** राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा को जान से मारने की धमकी मिली है। कुशवाहा ने गुरुवार की रात 11:31 बजे सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है। सांसद ने बताया कि 'धमकी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम से दी गई है। राज्यसभा सांसद ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'आज रात 8:52 से 9:20 बजे के बीच मुझे लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर मोबाइल नंबर +916305129156 और +919229567466 से लगातार 7 धमकी भरे कॉल आए।' 'मोबाइल नंबर +917569196793 से 8:57 बजे टटर/स्टर कर के कहा गया कि अगर राजनीतिक रूप से एक पार्टी विशेष पर बोलते रहे तो अंजाम भुगतना पड़ेगा। 10 दिनों में खत्म कर देने जैसी बातें भी कही गई।' पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री ने पटना रस्ढ से संज्ञान लेने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।उपेंद्र कुशवाहा ने अपनी राजनीति करियर में 9 बार चुनाव लड़े, जिसमें 7 बार वे चुनाव हारे हैं। दो बार ही उन्होंने चुनाव जीते हैं। पहली बार 2000 में समता पार्टी के उम्मीदवार के रूप में वैशाली जिले की जंदाहा विधानसभा सीट से जीतकर विधायक बने थे। वहीं, दूसरी बार 2014 के लोकसभा चुनाव में काराकाट सीट से जीतकर सांसद बने। हालांकि, 2010 में वे राज्यसभा के सांसद बने और 2021 में विधान परिषद के सदस्य बने थे। 2005 में नीतीश कुमार से अलग होकर समता नाम की अपनी पार्टी बनाई। 2009 का चुनाव भी इसी पार्टी के बैनर तले लड़े थे। हालांकि, उनके एक भी कैंडिडेट जमानत तक नहीं बचा पाए थे। 2010 में वापस जदयू में शामिल हुए। 2013 में दोबारा नीतीश से अलग होकर रालोसपा नाम से नई पार्टी बनाई। 2014 में एनडीए में शामिल होकर चुनाव लड़े। काराकाट से खुद जीते और मोदी सरकार में मानव संसाधन राज्य मंत्री बने।5 साल बाद 2019 का चुनाव महागठबंधन के साथ लड़े, लेकिन खुद दो जगह से लड़े और दोनों जगह से हार गए। 2021 में रालोसपा का जदयू में विलय किया।एक बार फिर जदयू से अलग होकर 2023 में राष्ट्रीय लोक मोर्चा नाम की नई पार्टी बना ली। फिलहाल, उपेंद्र कुशवाहा राज्यसभा सांसद हैं।पिछले साल पूर्णिया सांसद पप्पू यादव को भी मिली थी धमकीपिछले साल पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव को जान से मारने की धमकी मिली थी। कॉल करने वाले ने खुद को लॉरेंस विश्नोई गैंग का सदस्य बताया था। धमकी देने वाले शख्स ने पप्पू यादव को सलमान खान मामले से अलग रहने की हिदायत भी दी थी। उसने कॉल पर कहा था, 'सलमान के मामले से दूर रहो, हम कर्म और कांड दोनों करते हैं।'धमकी देने वाले का दावा था कि 'लॉरेंस बिश्नोई जेल में एक लाख रुपए प्रतिघंटा देकर जैमर बंद करवाकर पप्पू यादव से बात करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन पप्पू यादव फोन नहीं उठा रहे थे।' हालांकि, पूर्णिया पुलिस ने धमकी देने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया था और कहा था सांसद के करीबी ने ही धमकी दी थी।

## नवादा के ककोलत वाटर फॉल में आया सैलाब



बिहार में दक्षिण-पश्चिम मानसून पूरी तरह एक्टिव हो चुका है। पटना में शुक्रवार की सुबह से मौसम का मिजाज बदला है और रिमझिम बारिश हुई। शेखपुरा, मधेपुरा, बेगूसराय, सहरसा, सासाराम और छपरा में भी तेज बारिश हुई है। मौसम विभाग ने आज पूरे प्रदेश में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने आकाशीय बिजली गिरने को लेकर विशेष चेतावनी दी है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, मानसून राज्य के सभी हिस्सों में पहुंच चुका है। अगले 48 घंटों तक प्रदेश में रुक-रुक कर बारिश होगी। पटना समेत दक्षिण बिहार के कुछ जिलों में भारी बारिश की संभावना है। नालंदा में फल्गु की सहायक नदी लोकायन का जलस्तर काफी बढ़ गया है। तेज बहाव की वजह से एकंगरसराय प्रखंड के मन्डाछ गांव का रोड बह गया। इससे केशोपुर गांव, हिलसा प्रखंड के धुरी विगहा और करायपरसुराय प्रखंड के गुलड़िया विगहा गांव में नदी का पानी घुस गया है।नवादा के गोविंदपुर पहाड़ियों में स्थित ककोलत वाटर फॉल में गुरुवार को तेज बारिश की वजह से अचानक पानी बढ़ गया। जिसके बाद यहां 20 जून तक पर्यटकों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। गयाजी में बारिश के बाद फल्गु नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। फल्गु का जलस्तर अचानक बढ़ने से 20 लोग फंस गए। स्थानीय ग्रामीणों ने 18 लोगों का रेस्क्यू किया। 2 की मौत हो गई।नवादा में लगातार हो रही बारिश के बाद ककोलत जलप्रपात में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। प्रशासन ने वाटर का पानी धीरे-धीरे बढ़ने के कारण एहतियातन पूरे कुंड को खाली करा लिया है। सुरक्षा कारणों से 20 जून तक पर्यटकों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। ककोलत में बुधवार रात 3 बार बाढ़ जैसी स्थिति बनी। गुरुवार को भी झरने से बड़ी मात्रा में पानी गिरता रहा। झारखंड क्षेत्र में हुई जोरदार बारिश के कारण जलप्रपात के पानी में वृद्धि हुई है। नालंदा में उदेरास्थान बराज से गुरुवार को 73,000 क्यूसेक पानी लोकायन नदी में छोड़ा गया है। नदी का पानी नालंदा के पश्चिमी इलाकों से होकर गुजर रहा है। जिसका प्रभाव देर रात से ही दिखने लगा था। प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर जिलाधिकारी कुंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने निरीक्षण कर राहत और बचाव कार्य शुरू करने के निर्देश दिए हैं। प्रभावित क्षेत्रों में NDRF की तैनाती की गई है। एकंगरसराय प्रखंड के मंडाछ पंचायत के बेलदारी बीघा में स्थिति सबसे गंभीर है। तटबंध में कटाव से गांव का रोड बह गया है। मुख्य सड़क भी क्षतिग्रस्त हो गई है। इस क्षेत्र का संपर्क मुख्य मार्ग से टूट गया है। नालंदा में हिलसा प्रखंड के धुरी विगहा गांव में निरीक्षण के दौरान BDO अमर कुमार फिसल गए। चोट लगने से उनका बायां पैर टूट गया। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बीते दिन यानी गुरुवार को सुबह-सुबह राजधानी पटना, औरंगाबाद और जहानाबाद में बारिश हुई। बांका, छपरा, जमुई और मधेपुरा में भी हल्की और तेज बारिश हुई। दोपहर होते-होते किशनगंज, शेखपुरा और अररिया में भी तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के बाद किशनगंज के कई इलाकों में जलजमाव हो गया। गयाजी में बीते 2 दिनों से हो रही रुक-रुककर बारिश के बाद फल्गु नदी का जलस्तर बढ़ गया। बुधवार देर रात करीब 3 बजे के आसपास नदी में पानी का बहाव तेज हो गया। इससे सिक्सलेन पुल के नीचे पिलर के पास सो रहे 20 लोग नदी की तेज धार में फंस गए। स्थानीय लोगों की मदद से 18 लोगों को रेस्क्यू किया गया। हालांकि, पिता और बेटे की मौत हो गई। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, गुरुवार को पूरे बिहार में प्रवेश कर गया है। गया में दूसरे दिन भी सबसे अधिक बारिश दर्ज की गई। बीते दिन गया में 103 मिमी बारिश हुई। मानसून आने के बाद रोहतास में चार दिनों में 10 डिग्री पारा गिरा है। 16 जून को रोहतास का पारा 41.1 डिग्री था, जो 19 जून को घटकर 31.7 डिग्री हो गया। बांका में सबसे कम 26.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। इस साल बिहार में सामान्य से अधिक बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग का कहना है कि जून से सितंबर तक चलने वाले मानसून सीजन में 11% ज्यादा बारिश हो सकती है। आमतौर पर बिहार में इस मौसम के दौरान औसतन 992 मिलीमीटर बारिश होती है, लेकिन इस बार यह आंकड़ा पार होने की संभावना है। इसकी एक प्रमुख वजह ला-नीना प्रभाव को बताया जा रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, इस साल अल-नीनो प्रभाव नहीं है, जो अक्सर भारत में कम बारिश का कारण बनता है। जबकि अल-नीनो की स्थिति में मानसून की बारिश दक्षिण अमेरिका की ओर शिफ्ट हो जाती है। जिससे भारत के कई हिस्सों में सूखे की स्थिति बन जाती है, लेकिन इस बार ला-नीना की स्थिति है, जिससे मानसून अधिक सक्रिय रहता है और भारत में अच्छी बारिश होती है।ला नीना:ला नीना का मतलब स्पेनिश में लिटिल गर्ल होता है। इसमें समुद्र का पानी तेजी से ठंडा होता है। ला नीना से दुनिया भर के मौसम में असर पड़ता है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इससे आसमान में बादल छाते हैं और बारिश होती है। भारत में कम और ज्यादा बारिश, ठंडी और गर्मी ला नीना पर ही निर्भर करता है। भारत में ला नीना के वजह से ज्यादा ठंड और बारिश की संभावना होती है।

## संक्षिप्त डायरी

### 24 घंटे के अखंड अष्टयाम से गूंज रहा बिचाउवा टोला



**बैरिया।** लौकरिया पंचायत में रुद्र महायज्ञ का शांतिपूर्ण समापन हुआ। महायज्ञ के अध्यक्ष और पंचायत के मुखिया श्रवण शाह ने इसकी जानकारी दी। 18 जून की रात विधिवत पूजा-पाठ के बाद इसका समापन हुआ। महायज्ञ की सफलता की समीक्षा की गई। महायज्ञ में हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लोगों ने मिलकर भाग लिया। मुस्लिम परिवारों ने भी आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया। यज्ञ के दौरान साधु-संतों द्वारा कथा वाचन हुआ। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। पहले दिन अमित पटेल ने जागरण कराया। सोमवार से रामलीला का मंचन शुरू हुआ। यज्ञ देखने आए लोगों के लिए मेले का आयोजन किया गया। मेले में झूले, मौत का कुआं और कई प्रकार की दुकानें लगीं। लोगों ने जमकर खरीदारी की। महदेवा गांव के बिचाउवा टोला स्थित दुर्गा मंदिर में 24 घंटे का अखंड अष्टयाम धूमधाम से शुरू हुआ। श्रीराम और श्रीकृष्ण के नाम संकीर्तन से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। आयोजन की शुरूआत मंत्रोच्चार और पूजन-अर्चन के साथ हुई। ग्रामीणों के सहयोग से यह धार्मिक आयोजन संभव हुआ। पूजा में धर्मेंद्र उरांव, विंदु देवी, पूर्व गुमाश्ता जगदीश उरांव और मराठी देवी शामिल हुए। आचार्य रामप्रसाद उपाध्याय के मंत्रोच्चारण के साथ वीटीआर जंगल से बाढ़ गंगा में जल भरा गया। जय श्रीराम के जयकारों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलशों को दुर्गा मंदिर परिसर में स्थापित किया गया। अष्टयाम की शुरूआत मंत्रोच्चारण और अग्निकुंड हवन से हुई। हवन से वातावरण शुद्ध हुआ। समाजसेवी धर्मेंद्र उरांव ने बताया कि लोकमंगल की कामना से यह आयोजन किया गया है। इससे सुख, शांति और समृद्धि मिलती है। चार गांवों की कीर्तन मंडलियों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को आस्था और उत्साह से भर दिया। यह 24 घंटे का अष्टयाम लगातार तीसरे वर्ष आयोजित हो रहा है। परंपरा आज भी जारी है। आयोजन की व्यवस्था भारतीय थारू कल्याण महासंघ के कार्यालय सचिव रामेश्वर काजी, मनोज महतो, गुड्डू यादव, छविलाल महतो, संजय कुमार, राजेश कुमार, चंदू महतो, किसन महतो, प्रकाश महतो, बेचन महतो और अन्य ग्रामीणों ने संभाली।

### वंदे भारत ट्रेन के स्वागत को लेकर कराई गई प्रतियोगिता



**बगहा।** वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत को लेकर रेलवे विभाग ने स्वागत कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी हैं। बगहा स्टेशन अधीक्षक संतोष पाण्डेय, समस्तीपुर डीआरएम के वेलफेयर इंस्पेक्टर राणा रत्नेश सिंह और कनीय लिपिक पीयूष सिंह ने सिटी मंटिसरी पब्लिक स्कूल में चित्रकला व लेखन प्रतियोगिता कराई। गर्मी की छुट्टियों के बावजूद बड़ी संख्या में बच्चे शामिल हुए। विजेता छात्रों को वंदे भारत ट्रेन के आगमन पर बगहा स्टेशन पर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं की मिताली गुप्ता प्रथम, कक्षा 5वीं के यशवर्धन शौर्य द्वितीय और कक्षा 10वीं की हर्षाली कनक तृतीय स्थान पर रहीं। पाटलिपुत्र-गोरखपुर वंदे भारत के रूप में आज यानी को जिलेवासियों सेमी हाई स्पीड ट्रेन की सौगात मिल जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 जून शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कई परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। इसी दौरान पाटलिपुत्र-गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस का भी शुभारंभ होगा। उद्घाटन के दिन यह ट्रेन पूर्वाह्न 11.50 बजे पाटलिपुत्र से रवाना होगी। ट्रेन में कुल 8 कोच होंगे। इसमें 2 टीएसडीटीसी,4 टीएसएमसी और 2 टीएसटीसी कोच शामिल हैं। ट्रेन प्रबंधन दानापुर मंडल द्वारा किया जाएगा। पाटलिपुत्र - गोरखपुर वंदे भारत ट्रेन का शुभारंभ 20 जून को पाटलिपुत्र स्टेशन से पूर्वाह्न 11.50 बजे होगा। ट्रेन संख्या 32010 के रूप में यह विशेष गाड़ी चलाई जाएगी। यह ट्रेन हाजीपुर में दोपहर 12.30 बजे पहुंचेगी, 12.35 बजे रवाना होगी। मुजफ्फरपुर में 13.35 बजे पहुंचेगी, 13.45 बजे खुलेगी। बापूधाम मोतिहारी में 15.20 बजे पहुंचेगी,15.25 बजे रवाना होगी। सगौली में 15.40 बजे पहुंचेगी, 15.45 बजे चलेगी। बेतिया स्टेशन पर यह ट्रेन 16.20 बजे पहुंचेगी, 16.25 बजे रवाना होगी। वहीं नरकटियागंज में 17.10 बजे पहुंचेगी, 17.15 बजे चलेगी। बगहा में 18.10 बजे पहुंचेगी, 18.15 बजे रवाना होगी। वंदे भारत ट्रेन के शुभारंभ को लेकर जिले के रेलवे स्टेशनों पर गुरुवार से तैयारी शुरू हो गई। बेतिया रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को दोपहर बेतिया रेलवे स्टेशन पर दोपहर 3.20 बजे कार्यक्रम होगा। जिसमें स्थानीय सांसद, विधायक और अन्य गणमान्य अतिथि शामिल होंगे। वहीं नरकटियागंज रेलवे स्टेशन पर शाम 4.10 बजे तथा बगहा रेलवे स्टेशन पर शाम 5.10 बजे वंदे भारत ट्रेन के शुभारंभ के मौके पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। गुरुवार को बेतिया स्टेशन अधीक्षक लालबाबू राउत ने रेलकर्मियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। वंदे भारत ट्रेन पाटलिपुत्र से ट्रेन संख्या 03210 के रुप में चलेगी। रेलवे के पीआरओ समस्तीपुर आरके सिंह ने बताया कि जब ट्रेन रेगुलर चलने लगेगी, टिकट कटना शुरू हो जाएगा तब ट्रेन पाटलिपुत्र से गोरखपुर के लिए 26501 एवं गोरखपुर से पाटलिपुत्र के लिए 26502 के रुप में चलेगी।

### पुलिस ने कुख्यातों पर आरंभ हुई सीसीए लगाए जाने की कार्रवाई



**बेतिया।** चंपारण रेंज के कुख्यातों पर सीसीए लगाने की कार्रवाई शुरू पुलिस कर दी है। यह कवायद चंपारण रेंज के डीआईजी हरकिशोर राय के आदेश पर बेतिया व मोतिहारी पुलिस ने आरंभ की है। जानकारी के अनुसार बेतिया के पुलिस अधीक्षक डॉ. शौर्य सुमन ने नवलपुर के सिसवा भूमिहार निवासी कुख्यात अभिषेक राय तथा सिरिसिया थाना के गरभुआ लाला टोला निवासी सनोज महतो व सूरज महतो, बानूछापर थाना के बढ़ई टोला निवासी आलोक झा, उतरवारी पोखरा के पक्की फुलवारी निवासी चंदन कुमार, मनुआ पुल थाना के हिरापाकड़ निवासी दिनेश प्रसाद कुशवाहा, मझौलिया के सरिसवा बाजार निवासी ननकू उर्फ अवधेश चौधरी के विरूद्ध बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम की धारा तीन के तहत सीसीए लगाने का प्रस्ताव जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार को भेजा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार अभिषेक राय फिलवक्त महनागनी निवासी ठेकेदार सह महना - मिजार्पुर पंचायत के पूर्व मुखिया जितेन्द्र सिंह की हत्या के मामले में जेल में बंद है।



# साउथ एक्ट्रेस मालविका ने मुंबई को बताया असुरक्षित

साउथ एक्ट्रेस मालविका मोहनन ने कुछ समय पहले ही मुंबई में महिला सुरक्षा पर बात की थी। उन्होंने कहा था कि कॉलेज के दिनों में वो लोकल से सफर करती थीं, तब सुरक्षा महज किस्मत की बात हुआ करती थी। मालविका का बयान सामने आने के बाद मुंबई पुलिस ने इस खेद व्यक्त करते हुए पर प्रतिक्रिया दी है। मालविका ने कुछ समय पहले ही हॉटरफलाई को दिए इंटरव्यू में कहा था, आज मेरे पास कार और ड्राइवर है, ऐसे में अगर कोई मुझसे पूछे कि क्या मुंबई सेफ है, तो मैं शायद हां कहूं, लेकिन जब मैं कॉलेज में थी, तब मेरा मानना बिल्कुल अलग था। मैं लोकल ट्रेन और पब्लिक बस में सफर करती थी। उस समय मुझे ये सुरक्षित नहीं लगता था। ये बस किस्मत की बात हुआ करती थी। आपको बस उम्मीद करनी पड़ती थी कि आपका सफर बिना किसी घटना के कट जाए।

मालविका का बयान आने के बाद मुंबई पुलिस ने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से इसका जवाब दिया है। पोस्ट में लिखा गया है, मिस मालविका, हमारे सामने वो ऑनलाइन पोर्टल आया है, जहां आपने अपना अनुभव शेयर कर, शहर में महिला सुरक्षा पर चिंता जाहिर की। हम सोच सकते हैं कि इस तरह के एक्सपीरियंस चौंकाने वाले होते हैं और लंबा असर छोड़ते हैं। इसलिए हमें ये दोहराना चाहिए कि दिन का कोई भी समय हो या शहर में कोई भी जगह हो, प्लीज 112/100 पर हमसे संपर्क करें और हम जल्द से जल्द सहायता देंगे। रिपोर्ट न करने से अपराधी का हौसला बढ़ता है। आगे लिखा है, मुंबई शहर हमेशा से महिलाओं के लिए सुरक्षित रहा है और हम इसे बेहतर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। रिपोर्ट किए जाने के बाद अपराधी से उचित और कानूनी तरीके से निपटा जाएगा। कृपया इस बात को लोगों तक पहुंचाने के लिए अपनी अच्छी छवि का उपयोग करें। ये इस तरह के मामलों को हल करने में मदद कर सकता है, जो असामान्य हैं और जिन्हें सामान्यीकृत नहीं किया जा सकता है। बताते चलें कि मालविका मोहनन साउथ सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस हैं। वो मास्टर, युद्रा जैसी बेहतरीन फिल्मों का हिस्सा रही हैं। जल्द ही वो प्रभास के साथ फिल्म द राजा साहब में नजर आएंगी।



# मैं खुद को एक ग्लोबल एंटरटेनर के रूप में स्थापित करना चाहती हूं

**उर्वशी रौतेला बॉलीवुड के साथ-साथ साउथ में भी एक्टिव हैं। उनकी पिछली फिल्म डाकू महाराज इस साल की तीसरी हाइएस्ट ग्रॉसिंग तेलुगु फिल्म है। वहीं वह कान्स में भी अपने स्टाइल से सुर्खियों में रहीं।**

### डाकू महाराज इतनी सफल रही। इस फिल्म के बारे में आप क्या सोचती हैं?

डाकू महाराज की सफलता से बहुत खुश हूं। यह एक ऐसी फिल्म है, जिसमें एक्शन, इमोशन और एक शानदार कहानी का बेहतरीन मेल है। यह परोपकार, विश्वासघात और पश्चाताप जैसे मजबूत एहसासों से भरी हुई है। इसकी कहानी 1996 के दौर की है। इसमें नंदामुरी बालकृष्ण सर ने ऐसा रोल निभाया है जो गरीबों के लिए लड़ता है।

### इस साल कान्स में आपके स्टाइल ने खूब चर्चा पाई। क्या कहेंगी?

कान्स फेस्टिवल में मैंने बोल्ड और आर्टिस्टिक लुक अपनाया था लेकिन साथ ही अपनी संस्कृति और जड़ों से भी जुड़ी रही। 2024 में मैंने खालिद और मारवान सेरीन के कलेक्शन से एक शानदार गाउन पहना था, जो रॉयल्टी और इनोवेशन का कॉम्बिनेशन था। इस साल में स्कारलेट पैरोट क्लच लुक में दिखी। अब मैंने ये सीख लिया है कि ग्लोबल ट्रेंड्स को अपनी पर्सनालिटी के साथ कैसे बैलेंस किया जाए। हर लुक सिर्फ फैशन नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, भारतीयता और पहचान की एक कहानी कहता है।

### एक्टिंग के अलावा कोई अन्य क्रिएटिव काम है, जिसे आप एक्सप्लोर करना चाहती हैं?

एक्टिंग के अलावा मुझे म्यूजिक और फैशन का भी बहुत शौक है। ये दोनों चीजें मेरी क्रिएटिविटी को जाहिर करने के खास तरीके हैं। मैं जल्द ही जेसन डेरुलो के साथ अपने पहले इंटरनेशनल म्यूजिक वीडियो में नजर आऊंगी और इसे लेकर में बेहद उत्साहित हूं। इसके साथ ही, मैं अब प्रोडक्शन में भी कदम रख रही हूं ताकि ऐसी कहानियां बना सकूं जो मेरे दिल के करीब हों। फैशन की बात करें तो मैं अपनी खुद की एक लाइन शुरू करना चाहती हूं जो मेरे स्टाइल को दिखाए। कुछ ऐसा जो भारतीय पारंपरिक कारीगरी को मॉर्डन लुक के साथ कनेक्ट करें।

### आने वाले वर्षों के लिए आपके करियर के टारगेट क्या हैं?

मैं खुद को एक ग्लोबल एंटरटेनर के रूप में स्थापित करना चाहती हूं, जो अलग-अलग मंचों पर देश का प्रतिनिधित्व करे। मेरा सपना है कि मैं उन कहानियों का हिस्सा बनूं जो न सिर्फ मनोरंजन करें, बल्कि समाज को कुछ सोचने पर भी मजबूर करें। वुमन सेंट्रिक कहानियां मुझे खास तौर घर आकर्षित करती हैं, क्योंकि ये नारी शक्ति और आत्मनिर्भरता की झलक देती हैं। भविष्य में में ऐसी कहानियों करना ही नहीं, बल्कि निर्देशन में भी हाथ आजमाना चाहती है। चाहे वह कान्स के रेड कार्पेट पर चलना हो या ऐसे रोल निभाना हो जो अब तक किसी ने न किया हो, मैं हर चुनौती को एक नए मौके की तरह लेना चाहती हूं और अपनी लिमिट्स को क्रॉस करते रहना चाहती हूं।

# शिफ्ट टाइम पर बोलीं जेनेलिया, कहा- मुश्किल है, असंभव नहीं

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने जब से फिल्म स्पिरिट छोड़ी है, इंडस्ट्री में शिफ्ट टाइमिंग और वर्क-लाइफ बैलेंस को लेकर चर्चा छिड़ गई है। दरअसल, दीपिका ने निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा से आठ घंटे की शिफ्ट करने की शर्त रखी थी। इस पर सहमति नहीं बनने पर दीपिका ने फिल्म छोड़ दी। इसके बाद कई सितारे दीपिका के बचाव में आ चुके हैं। वहीं, हाल ही में अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा से जब वर्क-लाइफ बैलेंस से जुड़ा सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि वे हर दिन 10 घंटे काम करती हैं। जेनेलिया डिसूजा फिल्म सितारे जमीन पर फिल्म में नजर आएंगी, जो इसी महीने रिलीज होगी। हाल ही में बातचीत में जेनेलिया डिसूजा ने बताया कि वे अपनी निजी जिंदगी को कैसे मैनेज करती हैं? अभिनेत्री ने कहा कि डायरेक्टर जब काम के घंटे बढ़ा देते हैं तो वे एडजस्टमेंट कर लेती हैं। जेनेलिया ने कहा, यह मुश्किल है लेकिन असंभव नहीं है। मैं दिन में 10 घंटे काम करती हूं और ऐसे दिन भी आते हैं जब डायरेक्टर इसे बढ़ाकर 11 या 12 घंटे करने के लिए कहते हैं।

जेनेलिया डिसूजा ने आगे कहा, मुझे लगता है कि यह ठीक है, लेकिन हमें उन एडजस्टमेंट को करने के लिए समय चाहिए। जब आपके पास एक या दो दिन होते हैं, जब आपको ज्यादा काम करना पड़ता है। यह एक आपसी समझ और प्रोसेस भी है, जिसकी जरूरत है।



# बेपरवाई के जरिए लोगों को मेरा मैसेज, दुनिया के लिए खुद को मत बदलो



प्लेबैक सिंगर जोनिता गांधी ने अपना नया गाना बेपरवाई रिलीज किया है। उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए इस गाने के बारे में विस्तार से बताया। सिंगर ने बताया कि यह गाना उस एहसास को दिखाता है जब इंसान बेफिक्र हो जाता है, उसे इसकी परवाह बिल्कुल भी नहीं होती कि दुनिया उसके बारे में क्या सोचती है।

जोनिता गांधी ने आईएएनएस से बात करते हुए बताया कि उनका गाना बेपरवाई कैसे बना। उन्होंने कहा, इस गाने का विचार टोरंटो में एक म्यूजिक सेशन के दौरान आया था। उस दिन मेरा मूड कुछ ऐसा था, मैं दुनिया को लेकर थोड़ी निराशा और चिढ़ सी महसूस कर रही थी। मुझे लग रहा था कि हम कई बार दूसरों की राय में उलझ जाते हैं, और खुद को भूल जाते हैं। फिर मेरे मन में ख्याल आया कि अब और नहीं, अब बेफिक्र होकर जीना है, बिना इस डर के कि लोग क्या कहेंगे। इसी सोच से गाने का कोरस बना, जो कहता है, अब मैं बस बेपरवाह हूं, मैं यह सुनिश्चित करना चाहती थी कि यह गाना मेरी पहचान से जुड़ा हो, ताकि सुनने वालों को लगे कि हां, ये एक जोनिता गांधी का गाना है।

जोनिता गांधी ने आगे कहा, इस गाने को मैंने अपने अंदाज में गाया और पेश किया है। इसमें मैंने अपनी पहचान और गाने की खास स्टाइल को बनाए रखा, ताकि यह गाना भी बाकी उनके गानों की तरह ही लगे। गाने में भी मैंने सॉफ्ट टोन का इस्तेमाल किया, जैसे मैं हर गाने में करती हूं। इस गाने को बनाने में मेरे साथ म्यूजिक प्रोड्यूसर एरिजा ने काम किया। मैंने पहले भी उनके साथ कई बार काम किया है। उन्होंने गाने के म्यूजिक को इस तरह तैयार किया, जो हर एक शब्द के फील को बढ़ाता है।



# टॉम क्रूज से अपने प्लेन स्टंट की तुलना पर बोले अक्षय

बॉलीवुड में 'खिलाड़ी' और एक्शन किंग के नाम से जाने जाने वाले अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चाओं में हैं। हाल ही में खिलाड़ी कुमार की फिल्म हाउसफुल 5 रिलीज हुई है और अब उनकी एक और फिल्म 'कनप्पा' इन दिनों रिलीज से पहले चर्चाओं में है। इसी बीच अक्षय की एक फिल्म के सीन की तुलना हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज से हो रही है, जिसपर अब उनका रिएक्शन आ गया है। अक्षय ने इस पर कटाक्ष भरे अंदाज में इसका जवाब दिया है।

### अक्षय ने टॉम से तुलना पर दिया जवाब

हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें अक्षय कुमार के 2000 में रिलीज हुई फिल्म 'खिलाड़ी 420' का एक विमान पर स्टंट दिखाया गया है, वहीं एक क्लिप में टॉम क्रूज का 'मिशन- इंपॉसिबल' फिल्म से विमान पर स्टंट दिखाया गया है। इस तुलना पर अक्षय ने अपना रिएक्शन दिया है जो फैंस के लिए मजेदार और चौंकाने वाला है।

अक्षय कुमार ने बताया कि उनके एक्शन स्टंट्स की प्रेरणा टॉम क्रूज से नहीं बल्कि बचपन के पसंदीदा कार्टून 'टॉम और जेरी' से मिलती है। उन्होंने कहा, 'मैं जहां से प्रेरणा लेता हूं, वो आप विश्वास नहीं करेंगे टॉम और जेरी से। मुझे ये कार्टून बहुत पसंद है। ये बच्चों के लिए है लेकिन इसमें बहुत जोरदार और हिंसक एक्शन होता है। मुझे याद है टॉम हेलीकॉप्टर से झूलते हुए जेरी को पकड़ता है, जिसे मैंने 'सबसे बड़ा खिलाड़ी' में अपनाया और 'खिलाड़ी 420' में वो विमान पर टॉम का स्टंट मैंने इसी से लिया।'

### 'टॉम एंड जेरी' का अक्षय ने किया जिक्र

अक्षय ने कार्टून 'टॉम एंड जेरी' की हिंसक प्रकृति पर भी रोशनी डाली। उन्होंने हंसते हुए कहा, 'ये कार्टून बहुत हिंसक है। बच्चों को ये फिल्म दिखाना थोड़ा अजीब है क्योंकि इसमें बहुत सारा हिंसक कंटेंट है।' अक्षय कुमार ने अपनी बात को मजाकिया अंदाज में कहा।

### अक्षय कुमार का वर्कफ्रंट

फिल्मों की बात करें तो अक्षय कुमार का साल 2025 शानदार रहा है। इस साल उनके तीन बड़े प्रोजेक्ट्स 'स्काई फोर्स,' 'केसरी चैप्टर 2,' और 'हाउसफुल 5' रिलीज हो चुके हैं। इसके बाद उन्हें तेलुगु फिल्म 'कन्नप्पा' में भगवान शिव की भूमिका में देखा जाएगा। इसके अलावा अक्षय जल्द ही 'जॉली एलएलबी 3' में नजर आएंगे, जिसमें उनके साथ अर्शद वारसी भी हैं। साथ ही, प्रियदर्शन की 'हेरा फेरी 3' में अक्षय अपने प्रिय किरदार राजू की भूमिका दोबारा निभाएंगे, जिससे फैंस के बीच उत्साह का माहौल है।



# अरमान -अमाल मलिक के रिश्तों में आई दूरी मिटी, अब फिर साथ गूंजे सुर

कुछ महीने पहले तक मलिक परिवार से जुड़ी मतभेद की खबरों ने सबको चौंका दिया था। म्यूजिक डायरेक्टर अमाल मलिक ने सोशल मीडिया पर अपने माता-पिता और भाई अरमान मलिक से दूर होने की बात कही थी। कई लोग यही सोचने लगे कि अब शायद ये साथ नहीं दिखेंगे। लेकिन अब वही दोनों भाई एक साथ लौट आए हैं। हाल ही में अरमान मलिक ने अपने भाई अमाल के साथ मिलकर एक सिंगल 'बारी बारी' रिलीज किया है। गाना गाया है अरमान ने वहीं इसे कंपोज किया है अमाल ने। अमर उजाला डिजिटल से बातचीत के दौरान अरमान ने इस गाने और भाई के साथ अपने रिश्ते को लेकर बात की।

### अमाल के सोशल मीडिया पोस्ट के बाद अब जब आप दोनों साथ आए हैं, तो कैसा रहा ये सफर? क्या ये दूरी आपको और करीब ले आई?

हां, ये सफर काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा, लेकिन मैं कह सकता हूं कि हम दोनों अब पहले से भी ज्यादा क्लोज हो गए हैं। उस पूरे फेज के दौरान बहुत सारी बातें हुईं, जो शायद पहले कभी नहीं हुई थीं हमने दिल से एक-दूसरे को समझा, जो भी मिसअंडरस्टैंडिंग्स थी उन्हें क्लियर किया। हमारी बॉन्डिंग अब और सॉलिड हो गई है। मैं कह सकता हूं कि इससे पहले इतना गहरा रिश्ता नहीं था।

### क्या आपको कभी लगा कि म्यूजिक तो बस एक जरिया है, असली रिश्ता उससे कहीं गहरा है?

बिलकुल! म्यूजिक हमें जोड़ता है, लेकिन हमारा रिश्ता उससे कहीं गहरा है। बचपन से एक-दूसरे के सुरों में पले-बढ़े हैं। मम्मी-पापा ने ऐसा माहौल बनाया जहां दिल की बात खुलकर हो सके। अमाल सिर्फ भाई नहीं हैज वो मेरे लिए एक गुरु जैसा है। जब भी मुझे किसी चीज पर राय चाहिए होती है, सबसे पहले उसी के पास जाता हूं। और ये बात मैं सच में बहुत रिस्पेक्ट करता हूं। क्योंकि हर किसी को ऐसा रिश्ता नहीं मिलता।

### अमाल के साथ फिर से काम करना... ये सफर कैसा रहा आप दोनों भाइयों के लिए?

ये गाना हमने लगभग एक साल पहले बनाया था, जून के महीने में। इसकी जर्नी काफी उतार-चढ़ाव भरी रही। कई बार लगा कि अब इसे रिलीज करते हैं, फिर कभी नहीं कर पाए। फाइनली हमें एक सही विंडो मिली। मैंने सोचा इसे एक स्पेशल मौके पर निकालना चाहिए। अमाल का बर्थडे 16 जून को होता है और हमने 18 जून को इसे रिलीज किया। बहुत वक्त बाद हमारा कोई सिंगल आ रहा है। मैं बहुत खुश हूं क्योंकि इस गाने का वाइब बहुत अलग है... बहुत फन है, कैजुअल है। हमारे बाकी गाने ज्यादातर रोमांटिक और इमोशनल रहे हैं, लेकिन 'बारी बारी' एकदम मस्तीभरा है।

### एक ऐसा लम्हा जो हमेशा याद रहेगा इस गाने से जुड़ा?

शायद पहली बार ऐसा हुआ कि जिस रफ वॉइस टेक को सिर्फ डेमो के लिए गाया था, वही फाइनल में रखा गया। स्पीकर ऑन था, एक ही टेक में गा दियाज और जो फील उस वक्त थी, वो दोबारा नहीं आ सकी। जितनी बार ट्राय किया, वो इमोशन वापस नहीं आया। इसलिए सोचा – यही टेक रख देते हैं।

### भाई होने के नाते अमाल का आपकी लाइफ में क्या रोल रहा है?

अमाल मेरे लिए सिर्फ एक भाई नही, एक गाइड, एक दोस्त, एक सपोर्ट सिस्टम है। हम दोनों का रिश्ता ऐसा है कि अगर वो कुछ शुरू करता है, तो मैं उसे पूरा करता हूं ज्और उल्टा भी। हम एक-दूसरे को कॉम्प्लीमेंट करते हैं। मैं हमेशा कहता हूं – चाहे कुछ भी हो जाए, भाई ही है जो आपको वापस खींच लाता है। आज हम साथ हैं, मजबूत हैं, और आगे भी ऐसे गाने बनाएंगे जो सिर्फ हिट नहीं, दिल से निकले हुए हों।

# इंग्लैंड बनाम भारत : डेब्यू मैच में शून्य पर आउट हुए सुदर्शन, लंच तक भारत के 2 विकेट गिरे

**लंदन (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया है। भारत की तरफ से साई सुदर्शन ने डेब्यू किया और तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। करुण नायर 8 साल बाद टेस्ट क्रिकेट खेलेंगे।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए लंच ब्रेक तक 2 विकेट के नुकसान पर 92 रन बनाए। केएल राहुल ब्रायडन कार्से की गेंद पर खराब शॉट के कारण स्लिप में कैच आउट हुए। राहुल ने 78 गेंदों पर 42 रन बनाए जिसमें 8 चौके शामिल थे। स्टोक्स ने डेब्यू कर रहे साई सुदर्शन को खाता नहीं खोलने दिया और जेमी स्मिथ के हाथों शून्य पर आउट करवाया। सुदर्शन ने 4 गेंदें खेली लेकिन एक भी रन नहीं बना पाए।

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर कहा, 'हम गेंदबाजी करेंगे। हेडिंग्ले एक बहुत ही अच्छा क्रिकेट विकेट है, हमने यहां कुछ बहुत अच्छे खेल खेले हैं। हम शुरुआती परिस्थितियों का उपयोग करने की कोशिश करना चाहते हैं। आने में बहुत समय लग गया, थोड़ा अजीब है कि यह सिर्फ दूसरी सीरीज है लेकिन हम तैयार हैं। यह मिश्रित रहा है, कुछ लड़कों ने काउंटी क्रिकेट खेला है, हमने तीन दिन वास्तव में अच्छा क्रिकेट खेला है। शीर्ष सात में सामान्य संदिग्ध, वोक्स, ब्रायडन और बाकी।

भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा, हम भी गेंदबाजी करते, पहले सत्र में थोड़ी मुश्किल हो सकती है लेकिन बाद में बल्लेबाजी करना अच्छा रहेगा। सूरज निकल चुका है, हमारे लिए यह एक अच्छी बल्लेबाजी डेक होनी चाहिए। तैयारी कमाल की रही है, हमने बेकेनहैम में अभ्यास मैच खेला, खिलाड़ी बहुत अच्छा महसूस कर रहे हैं। साई ने अपना डेब्यू किया, करुण आए। साई तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे।



# अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों की याद में भारत और इंग्लैंड ने बांधी काली पट्टियां, रखा मौन



**लीड्स (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने पहले टेस्ट मैच में काली पट्टी बांधी। यह उन लोगों के लिए बांधी गई थी जो पिछले सप्ताह अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में मारे गए थे। मैच से पहले मारे गए लोगों की स्मृति में एक मिनट का मौन रखा।

इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने हमारी संवेदनाएं पिछले सप्ताह अहमदाबाद में हुई भयानक घटना से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। 12 जून को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही क्षणों बाद लंदन के गैटविक हवाई अड्डे के लिए रवाना हुए एयर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 240 से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई, जिनमें से अधिकांश भारतीय और ब्रिटिश नागरिक थे।

बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान हवाई अड्डे के ठीक बाहर स्थित बीजे मेडिकल कॉलेज के छात्रावास में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें केवल एक ही व्यक्ति जीवित बचा। भारत के उप-कप्तान ऋषभ पंत ने प्री-सीरीज प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना के कारण माहौल उदास हो जाने के बाद खिलाड़ी देश को फिर से खुश करने का कोई रास्ता खोज लेंगे।

पंत ने कहा, 'विमान (दुर्घटना) में जो कुछ हुआ, मुझे लगता है कि पूरा भारत निराश था, लेकिन साथ ही हमारी तरफ से एकमात्र बात...हम उनके साथ खड़े रहेंगे कि हम भारत को फिर से कैसे खुश कर सकते हैं। जाहिर है कि दुर्घटना में जो कुछ हुआ, उसके कारण भावनाएं बहुत अधिक होंगी, लेकिन साथ ही हम देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने जा रहे हैं, कि हम उन्हें कैसे खुश कर सकते हैं और यह हमेशा एक अतिरिक्त जिम्मेदारी है।'

उन्होंने उस समय कहा था, 'आप भारत को हर समय खुश रखना चाहते हैं लेकिन एक क्रिकेटर के तौर पर यह हर समय संभव नहीं है लेकिन मैं अपनी तरफ से यह वादा कर सकता हूं कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और हम अपना 200 प्रतिशत देंगे और इस प्रक्रिया में हम भारत को और अधिक खुशहाल जगह बनाएंगे।'

# टेस्ट सीरीज जीतना आईपीएल से अधिक महत्वपूर्व : शुभमन

**लीड्स (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के नये कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच से पहले कहा कि टेस्ट सीरीज जीतना आईपीएल खिताब जीतने से कहीं बड़ी उपलब्धि है। इसलिए उनके टीम का लक्ष्य अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल करना है। उन्होंने कहा, 'टेस्ट सीरीज में जीत के लिए अधिक अवसर नहीं मिलते हैं क्योंकि अधिक दौरे नहीं होते हैं। वहीं आईपीएल हर साल होता है और जीत हासिल करने का अवसर रहता है , इसलिए टेस्ट सीरीज सबसे महित्वपूर्व है और वह भी इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका में हो तो उससे बड़ा कुछ नहीं हो सकता। उन्हें इंग्लैंड में लाल गेंद से खेलने का अनुभवी अधिक नहीं है पर वह चिन्तित नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'कई लोग कहते हैं कि आपकी टीम के पास उतना अनुभव नहीं है पर अच्छी बात यह है कि हम पर अपेक्षाओं का उतना बोझ नहीं होगा क्योंकि अधिकांश खिलाड़ी इंग्लैंड में खेले नहीं है। इससे वह निडर होकर खेलेंगे। गिल ने कहा, 'पिछले पांच से दस साल में हमारे सीनियर्स से हमें जो हासिल हुआ है वह यही है कि हम कहीं भी जीत सकते हैं। हम उसी आत्मविश्वास के साथ खेलने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका और मुख्य कोच गौतम गंभीर का मानना है कि कोहली के संन्यास के बाद उन्हें ही चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। कप्तान ने कहा है कि वह सुरक्षा का माहौल बनाना चाहते हैं जिससे खिलाड़ी बिना किसी दबाव के अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा, 'अगर हम ऐसा करने में सफल रहे तो टेस्ट सीरीजऔर डब्ल्यूटीसी चक्र में हम सफल रहेंगे। उन्होंने का कि खिलाड़ियों से सीधे संवाद की जरूरत है कि जिससे पता चले कि क्या चाहते हैं । उन्हें अपना स्वाभाविक खेल दिखाने की आजादी मिलनी चाहिए। गिल ने यह भी कहा कि आईपीएल के दौरान उन्होंने इंग्लैंड दौरे की तैयारी के लिए विराट और रोहित से सलाह ली थी। उन्होंने कहा, 'मैं आईपीएल के दौरान दोनों से मिला और उन्होंने इंग्लैंड के अपने अनुभवों के बारे में बताया था।



# हॉकी खिलाड़ियों को पहली बार टॉप्स के तहत 25000 रू. प्रतिमाह अतिरिक्त भत्ता मिलेगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी को आगामी महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले प्रोत्साहन देने की कवायद में खेल मंत्रालय ने पहली बार हॉकी खिलाड़ियों को भी 25000 रूपये प्रतिमाह अतिरिक्त भत्ता (आउट आफ पॉकेट अलाउंस) देने को मंजूरी दी है। मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की बृहस्पतिवार को हुई 156वीं बैठक में 'टारगेट ओलंपिक पोडियम' (टॉप्स) योजना के तहत 80 हॉकी खिलाड़ियों को यह भत्ता देने का फैसला लिया गया। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को यहां मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा ,''हॉकी इंडिया की ओर से बार बार यह अनुरोध आ रहा था जिसे मंजूरी दे दी गई है। इसके तहत 80 हॉकी खिलाड़ियों (40 पुरूष और 40 महिला) को प्रतिमाह 25000 रूपये 'आउट आफ पॉकेट' भत्ता (ओपीए) दिया जायेगा जो टॉप्स योजना के तहत खिलाड़ियों को मिलता है।'' उन्होंने कहा ,' हमारा लक्ष्य यही है कि खिलाड़ी प्रदर्शन पर फोकस करे और देश के लिये पदक जीतें।'' टॉप्स के तहत कोर समूह के खिलाड़ियों को 50000 रूपये और डेवलपमेंटल खिलाड़ियों को 25000 रूपये प्रतिमाह ओपीए दिया जाता है। वहीं टारगेट एशियन गेम्स ग्रुप (टीएजीजी) में शामिल खिलाड़ियों को 50000 रूपये प्रतिमाह ओपीए मिलता है। इसके लिये हॉकी इंडिया हर महीने भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को 80 खिलाड़ियों की सूची सौंपेगा जिसके मायने है कि इसमें बदलाव की भी गुंजाइश होगी। इसमें मूल रूप से सीनियर कोर ग्रुप में शामिल खिलाड़ी और जूनियर खिलाड़ी भी होंगे जो नियमित रूप से राष्ट्रीय टीमों का हिस्सा हैं। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इससे खिलाड़ियों का आगामी महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले मनोबल और बढेगा। टिर्की ने से कहा ,'' हम मंत्रालय को धन्यवाद देना चाहते हैं जिसने यह अहम फैसला लिया। हमारे खिलाड़ियों को विश्व कप, ओलंपिक और एशियाई खेल जैसे अहम टूर्नामेंट खेलने हैं और उनका मनोबल इस पहल से काफी बढ़ेगा।'' पिछले कुछ वर्षों में भारतीय हॉकी का ग्राफ ऊपर की ओर बढ़ा है। तोक्यो ओलंपिक 2020 में भारत ने 41 साल बाद कांस्य पदक जीता जबकि महिला टीम ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए चौथे स्थान पर रही थी। भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक बरकरार रखा। वहीं ग्वांग्झू एशियाई खेलों में भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने स्वर्ण पदक जीता था। हॉकी खिलाड़ियों को अपने नियोक्ताओं से वेतन मिलता है जबकि क्रिकेट की तर्ज पर ग्रेड के आधार पर अनुबंध व्यवस्था शुरू करने पर हॉकी इंडिया पिछले कुछ साल से विचार कर रहा है। इसके अलावा ओलंपिक और एशियाई खेलों समेत अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करने पर पुरस्कार राशि मिलती है।



# इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में अच्छा प्रदर्शन करेंगे यशस्वी : रहाणे


मुंबई । अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने कहा है कि यशस्वी जायसवाल जानते हैं कि सलामी बल्लेबाज की भूमिका किस प्रकार निभाई जाती है। ऐसे में वह इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। रहाणे ने कहा कि डेब्यू के बाद से ही इस युवा बल्लेबाज ने अपने को साबित किया है। रहाणे ने कहा, 'व्यक्तिगत रूप से मैं यशस्वी को अच्छा प्रदर्शन करते हुए देखने के लिए उत्सुक हूं क्योंकि इंग्लैंड में पारी की शुरुआत करना कठिन होता है। उन्होंने कहा, 'उसके पास अच्छा कौशल है। वह एक छोर पर विकेट बचाकर रख सकता है और जरूरत पड़ने पर आक्रामक बल्लेबाजी भी कर सकता है। इसलिए मैं इंग्लैंड में उसके प्रदर्शन को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। रहाणे ने भारत की तरफ से अपना आखिरी मैच दो साल पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था, जबकि यशस्वी जुलाई 2023 में वेस्टइंडीज में टेस्ट क्रिकेट में शानदार पदार्पण करने के बाद से टीम के पहली पसंद के सलामी बल्लेबाज रहे हैं।

# बुमराह को नया रिकार्ड बनाने चाहिये दो विकेट

लंदन । इंग्लैंड के साथ 5 मैच की टेस्ट सीरीज के पहले ही टेस्ट में भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की एक नया विश्व रिकार्ड बनाएंगे। बुमराह इसी के साथ ही में सेना देशों दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले एशियाई गेंदबाज बन जाएंगे। अभी वह दूसरे नंबर पर हैं। वहीं इस सूची में पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम नंबर एक पर हैं। अकरम ने अपने टेस्ट करियर में सेना देशों में खेले 32 मैचों की 55 पारियों में 24.11 की औसत के साथ 146 विकेट लिए थे। वहीं जसप्रीत बुमराह 145 विकेट के साथ दूसरे नंबर पर हैं। बुमराह ने इन देशों में अभी तक 31 मैच खेलकर 21.02 की औसत से ये विकेट लिए हैं। अगर वह पहले टेस्ट में ही 2 विकेट निकालने में कामयाब रहते हैं तो वह सेना देशों में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाज बन जाएंगे। सेना देशों में अकरम ने 146 विकेट लिए थे। वहीं बुमराह के नाम 145 विकेट हैं जबकि तीसरे स्थान पर रहे अनिल कुंबले के नाम 141 व चौथे स्थान पर रहे इशांत शर्मा के नाम 130 विकेट हैं जबकि मो शमी के नाम 123 विकेट हैं।



# गिलक्रिस्ट बोले, यशस्वी है भविष्य का सितारा



सिडनी । ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज विकेटकीपर रहे एडम गिलक्रिस्ट ने भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की जमकर प्रशंसा करते हुए हुए भविष्य का सितारा बताया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट में यशस्वी के शतक और मिचेल स्टार्क के साथ उनकी झड़प को लेकर गिलक्रिस्ट ने कहा कि इस प्रकार की बातें होती रहती हैं। वह घटना बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट की थी थी। जिसमें यशस्वी ने स्टार्क की गेंद पर चौका लगाकर उनपर टिप्पणी कर दी थी, तुम बहुत धीमी गेंद फेंक रहे। उस टेस्ट में दोनों के बीच हल्की-फुल्की बहस हुई थी। यशस्वी ने उस पारी में शतक लगाया था। वहीं अगले ही टेस्ट में स्टार्क ने जायसवाल को शून्य पर ही पेवेलियन भेजे दिया था। गिलक्रिस्ट ने पर्थ टेस्ट और यशस्वी को लेकर कहा कहा, यह उसका (जायसवाल) दिन था। यशस्वी ने ऑस्ट्रेलिया की तेज और उछाल भरी पिचों पर शानदार प्रदर्शन किया था। वह भारत की ओर से सीरीज में सबसे अधिक रन बनान वाले खिलाड़ी रहे थे। उन्होंने 5 टेस्ट मैच की सीरीज में 391 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने पर्थ में 161 रन की शानदार शतकीय पारी खेली थी। सीरीज में 2 अर्धशतक भी उनके नाम थे। यशस्वी पिछले 4 सीरीज में 3 बार भारत के लिए शीर्ष स्कोरर रहे हैं।


# सात गोल्ड का मौका छूटा, पांच फाइनल में हारे भारतीय तीरंदाज, 9 पदकों के साथ करना पड़ा संतोष

**सिंगापुर (एजेंसी)।** भारत के जूनियर तीरंदाजों के पास एशिया कप के दूसरे चरण में सात स्वर्ण पदक जीतने का मौका था लेकिन पांच फाइनल में हारने के कारण उन्हें अधिकतर स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस तरह से भारत ने प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, छह रजत और एक कांस्य सहित कुल नौ पदक जीतकर अपने अभियान का अंत किया। रिकर्व और कम्पाउंड स्पर्धाओं के 10 में से सात फाइनल में पहुंचने के बावजूद भारतीय तीरंदाज केवल दो बार पोडियम पर शीर्ष पर रहे।

भारतीय खिलाड़ी जिस तरह से अपने से कम रैंकिंग वाले खिलाड़ियों से हारे वह वास्तव में चिंताजनक है। हमेशा की तरह ओलंपिक स्पर्धा के रिकर्व वर्ग में नतीजे विशेष रूप से चिंताजनक रहे जिसमें भारत एक भी स्वर्ण जीतने में असफल रहा। असल में टीम स्पर्धाओं में दो रजत पदकों के अलावा रिकर्व तीरंदाज खाली हाथ लौटे। क्वालिफिकेशन राउंड के बाद शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष टीम फाइनल में जापान के खिलाफ आसानी से हार गई। विष्णु चौधरी, पारस हुड्डा और जुयेल सरकार तीन में से दो सेटों में 50 का आंकड़ा छूने में असफल रहे और सीधे सेटों में 6-0 से हार गए।

रिकर्व मिश्रित टीम फाइनल में भी यही कहानी रही। चौधरी और वैष्णवी पवार की चौथी वरीयता प्राप्त टीम इंडोनेशिया के खिलाफ पूरे मुकाबले में गलतियां करती रही। यदि रिकर्व वर्ग के परिणाम निराशाजनक थे, तो कम्पाउंड वर्ग ने कुछ राहत प्रदान की। भारत ने अपने दोनों स्वर्ण पदक इस वर्ग में जीते। शीर्ष वरीयता प्राप्त कुशल दलाल ने पुरुष व्यक्तिगत फाइनल में 22वीं वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलिया के जोशुआ मैनन को 149-143 से हराकर अपनी प्रतिष्ठा को सही साबित किया। भारत को इस स्पर्धा में कांस्य पदक भी मिला, जिसमें 10वें वरीय सचिन चेची ने चौथे वरीय हिमू बछाड़ को कड़े मुकाबले में 148-146 से हराया।

महिलाओं की स्पर्धा में स्वर्ण पदक सुनिश्चित था क्योंकि इसके फाइनल में मुकाबला जो भारतीय खिलाड़ियों के बीच था जिसमें दूसरी वरीयता प्राप्त तेजल साल्वे ने पहली वरीय शानमुखी नागा साई बुड्डे को 146-144 से हराया। शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष कम्पाउंड टीम को तीसरी वरीयता प्राप्त कजाकिस्तान ने 231-235 से हरा दिया। महिलाओं की कम्पाउंड टीम 232-232 से बराबरी पर रहने के बाद निचली रैंकिंग वाली मलेशिया से शूट-ऑफ में हार गई। शानमुखी और दलाल की मिश्रित कंपाउंड टीम को कजाकिस्तान से शूट-ऑफ में हार का सामना करना पड़ा।



# मेस्सी का फी किक पर गोल, इंटर मियामी ने दो बार के यूरोपीय चैंपियन को हराया




अटलांटा (अमेरिका) । स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेस्सी ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपना पहला गोल फी किक पर किया जिससे इंटर मियामी ने दो बार के यूरोपीय चैंपियन पोर्टो पर 2-1 से जीत हासिल की। इंटर मियामी की टीम मध्यांतर तक 1-0 से पीछे थी, लेकिन टेलास्को सेगोविया ने दूसरे हाफ के दो मिनट बाद मार्सेलो वीगन्डट के क्रॉस पर गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद अर्जेंटीना के 37 वर्ष के खिलाड़ी मेस्सी का जादू देखने को मिला। उन्होंने फी किक पर खूबसूरत गोल करके फिर से यह साबित कर दिया कि उन्हें दुनिया के सबसे महानतम खिलाड़ियों में क्यों गिना जाता है। इससे पहले पुर्तगाल के क्लब को वीडियो समीक्षा प्रणाली के जरिए शुरू से ही पेनल्टी किक मिली जिसे सामू ओमोरोदियन ने गोल में बदला। इन दोनों टीमों ने ग्रुप ए का अपना पहला मैच गोलरहित बराबर खेला था।

# हेडन और स्मिथ बोले, भारतीय टीम के लिए संघर्षपूर्ण रहेगी सीरीज

लीड्स । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर मैथ्यू हेडन और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ का मानना है कि अनुभवी बल्लेबाजों विराट कोहली और रोहित शर्मा की कमी भारतीय टीम को खलेगी। इन दोनो का ही मानना है कि नये बल्लेबाजों के लिए इंग्लैंड में तेज गेंदबाजों का सामना करना आसान नहीं रहेगा। हेडन ने कहा, 'मुझे लगता है कि भारतीय टीम को संघर्ष करना पड़ेगा। शुभमन एक युवा कप्तान हैं जिनकी टीम पूरी तरह से विपरीत माहौल में तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल और उछाल वाली पिचों पर खेल रही है। यह एक असल चुनौती होगी। भारतीय टीम के लिए यह दौरा एक प्रकार से बेहद कठिन परीक्षा होगा। वह इसलिए क्योंकि जब भी कोई टीम इंग्लैंड के दौरे पर आती है तो उसके लिए हालात अलग होते हैं।

# दिव्या देखमुख का बड़ा खुलासा, बताया वर्ल्ड नंबर वन को हराने के लिए बनाई थी खास रणनीति



मुम्बई । भारतीय ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख ने कहा है कि उन्हें फिडे वर्ल्ड ब्लिट्ज टीम शतरंज चैंपियनशिप में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी होउ यिफान को हराने के लिए पूरी ताकत लगानी पड़ी और उनकी इस उपलब्धि की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी फैंस की। दिव्या देशमुख ने 10 से 16 जून को लंदन में आयोजित फिडे वर्ल्ड ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप के सेमीफाइनल के दूसरे चरण में चीन की यिफान को हराया। दिव्या ने कहा कि, मुझे पता था कि मुझे पूरी ताकत लगानी होगी। अगर वर्ल्ड चैंपियनशिप के खिलाफ खेलने का विचार मेरे दिमाग में आता तो मैं भयभीत हो जाती। इसलिए मुझे इस बात से कोई फर्क नही पड़ता कि मैं किसके खिलाफ खेल रही हूं। मैंने अपने खेल पर ध्यान केंद्रित किया और मुझे केवल इतना पता था कि मुझे बाजी जीतनी है। नागपुर की 19वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि पीएम मोदी के शब्द बहुत उत्साह बढ़ाने वाले और प्रेरित करने वाले थे और वह अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तत्पर रहेगी। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि, लंदन में वर्ल्ड टीम ब्लिट्ज चैंपियनशिप के ब्लिट्ज सेमीफाइनल के दूसरे चरण में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी होउ यिफान को हराने पर दिव्या देशमुख को बधाई। उनकी सफलता उनके सयंम और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। ये कई उभरते शतरंज खिलाड़ियों को भी प्रेरित करती है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

# 8 साल बाद टेस्ट में वापसी कर रहे करुण नायर ने खोला राज, बताया किस चीज ने रखा प्रेरित

**लीड्स (एजेंसी)।** भारतीय टीम में वापसी करने वाले करुण नायर शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत के साथ मैदान पर उतरकर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब हैं। भारतीय टेस्ट टीम में आठ साल के लम्बे अंतराल के बाद वापसी करते हुए नायर ने खुलासा किया कि देश के लिए फिर से खेलने के उनके दृढ़ निश्चय ने उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

बीसीसीआई द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में नायर ने कहा, 'जब मैं उठा तो मेरा पहला विचार यह था कि मैं टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं, मैं फिर से भारत के लिए खेलना चाहता हूं। शायद यही बात मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती रही और मेरी भूख बनी रही, हर दिन प्रशिक्षण के लिए जाने और हर दिन अभ्यास करने की प्रेरणा शक्ति। उस विश्वास को कभी नहीं खोना और उस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए तत्पर रहना कुछ ऐसा था जिसने मेरी मदद की। इस जर्सी को पहनकर और अपने देश का प्रतिनिधित्व करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उस विश्वास को कभी न खोना और उस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए दृढ़ संकल्प होना कुछ ऐसा था जिसने मेरी मदद की। इस जर्सी को पहनकर और अपने देश का प्रतिनिधित्व करके गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।'



उन्होंने कहा, 'जब मैंने पहली बार सभी को देखा, तब मुझे वास्तव में लगा कि मैं आखिरकार टीम में हूं। तब तक यह मेरे लिए प्रतीक्षा करने जैसा था कि मैं फिर से ऐसा महसूस करूं कि मैंने इसे हासिल कर लिया है। कुछ साल हो गए हैं, मैं हमेशा सभी को टीवी पर देखता था, अब फिर से इस ड्रेसिंग रूम में वापस आना अद्भुत लगता है। आप जानते हैं, उस पहले सत्र को हासिल करना राहत की बात थी, वह अवसर पाकर आभारी हूं।'

33 वर्षीय खिलाड़ी पहले से ही लय में है और इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो अनौपचारिक टेस्ट के दौरान भारत ए की ओर से बेहतरीन बल्लेबाजी की थी। उन्होंने कैंटरबरी में पहले मैच में दोहरा शतक लगाया। नायर ने कहा, 'जीवन एक पूर्ण चक्र में आ गया है। मैं इंग्लैंड में टीम से बाहर हो गया था और अब मैं इंग्लैंड में टीम में वापस आ रहा हूं, इसलिए काफी समय हो गया है और मैं इसे अपनाने की कोशिश कर रहा हूं।'

नायर ने केएल राहुल और प्रसिद्ध कृष्णा के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने को लेकर भी अपनी खुशी व्यक्त की, उन्होंने कहा कि तीनों बचपन से एक साथ खेल रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं इसे बहुत सरल रखने की कोशिश करता हूं, हमेशा सकारात्मक के बारे में सोचता हूं, कुछ लक्ष्य दिमाग में रखता हूं, चीजों की कल्पना करता हूं और जो आप कल्पना करते हैं उस पर वास्तविक विश्वास रखता हूं। राहुल और प्रसिद्ध के साथ खेलना भी बहुत सुकून देने वाला कारक है। हमने इतने सालों से क्रिकेट खेला है जब शायद हम छोटे बच्चे थे और साथ-साथ बड़े हुए थे।'

नायर ने शानदार घरेलू सीजन के दम पर वापसी की है, उन्होंने रणजी ट्रॉफी जीतने वाले अभियान में विदर्भ के लिए 53.93 की औसत से 863 रन बनाए हैं। इससे पहले उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में सिर्फ 8 पारियों में पांच शतक लगाए जिसमें उनका औसत 389.50 था।

## सीपीआई-माओवादी से जुड़े 12 कैडरों ने पुलिस के सामने सरेंडर किया

रायपुर (एजेंसी)। सीपीआई (माओवादी) से जुड़े छत्तीसगढ़ के 12 कैडरों ने पुलिस के सामने सरेंडर किया है। सभी ने तेलंगाना के भद्राद्री-कोठागुडेम जिले में पुलिस के सामने सरेंडर किया। आत्मसमर्पण करने वालों में 2 डिवीजनल कमिटी सदस्य (डीवीसीएम) और 4 एरिया कमिटी सदस्य (एसीएम) शामिल हैं। सभी कैडर लंबे समय से माओवादी गतिविधियों में सक्रिय थे। फिलहाल तेलंगाना राज्य में इस साल अब तक कुल 566 माओवादी कैडर आत्मसमर्पण कर चुके हैं। पूरे देश में साल 2025 में अब तक कुल 1260 माओवादी कैडर आत्मसमर्पण कर चुके हैं। साल 2024 में ये संख्या 881 थी। इसके पहले आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले में मुठभेड़ के दौरान सीपीआई (माओवादी) के तीन बड़े नेता मारे गए थे। आंध्र प्रदेश और ओडिशा बॉर्डर के इलाके में विशिष्ट माओवादी विरोधी बल ग्रेहाउंड्स के जवानों ने तलाशी अभियान चलाया था। उन्हें इस दौरान कुछ माओवादी नजर आए, जिनसे सरेंडर करने के लिए कहा गया था। हालांकि माओवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई के दौरान तीन माओवादी मारे गए।

## मुंबई पुलिस ने बड़े देह व्यापार गिरोह का पर्दाफाश किया

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई पुलिस ने एक बड़े देह व्यापार गिरोह का पर्दाफाश किया है। दरअसल मुंबई में काफी समय से देह व्यापार से जुड़ी कई वारदातें सामने आ रही हैं। इसके बाद पुलिस ने एक्शन में आकर देह व्यापार गिरोह की जड़ें काटने में जुट गई है। पुलिस ने मिली सूचना के बाद योजना के तहत एक महिला को गिरफ्तार किया है। मुंबई पुलिस ने पश्चिमी उपनगर में स्थित एक रेस्टोरेंट पर छापेमारी कर एक महिला को देह व्यापार गिरोह संचालित करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में एक नाबालिग लड़की सहित तीन महिलाओं को बचाया गया। पुलिस अधिकारी के अनुसार, अपराध शाखा को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर मलाड (पश्चिम) के चिंचोली बुंदर रोड पर स्थित एक रेस्टोरेंट पर छापा मारा गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने जाल बिछाकर एक फर्जी ग्राहक की मदद से आरोपी महिला को रंगे हाथों पकड़ा और मौके से एक नाबालिग लड़की और दो महिलाओं को बचाया।

## इजरायल में फंसे बहराइच जिले के 150 मजदूर, परिजन चिंतित

बहराइच (एजेंसी)। ईरान और इजरायल का युद्ध तेज होने के कारण करीब 150 मजदूर कई इजरायल के शहरों में फंसे हैं। इसकारण घर वालों में भी बेचैनी है। इजरायल में फंसे एक श्रमिक ने बताया कि यहां की स्थिति ठीक नहीं है, इसलिए भारत वापस आना चाहता हूं। हालांकि इस समय फ्लाइट नहीं मिल पा रही हैं, इसके बाद उनके सामने सुरक्षा का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। रघुनाथपुर निवासी संदीप ने बताया कि यहां मिसाइल गिर रहे हैं, लेकिन मिसाइल गिरने से पहले हम लोगों को अलर्ट मिलता है और सायरन बजने लगता है। हम लोग बंकरों में छिप जाते हैं। रोज-रोज के इन हालातों से ड्यूटी का भी हर्जा हो रहा है। अब हम लोग घर वापस जाना चाहते हैं। कमोबेश दूसरे श्रमिकों की स्थिति भी वैसी ही है। इजरायल गए मजदूर की पत्नी ने कहा कि मेरे पति एक साल से वहां काम कर रहे हैं। केंद्र सरकार से मेरी मांग है कि उन्हें सुरक्षित वापस घर तक भेजा जाए। अब इजरायल के हालात देखकर डर लग रहा है। अभी वे लोग सुरक्षित हैं, लेकिन कभी भी दुर्घटना हो सकती है। बता दें कि बहराइच के मिहीपुरवा इलाके से करीब 1500 श्रमिक विभिन्न इलाकों में इजरायल गए हुए। इनमें से अधिकतर के परिजन इस समय काफी दुविधा में हैं। अच्छी तनख्वाह से घर की स्थिति सुधर रही है, लेकिन इजरायल के बिगड़े हालात से परिवार परेशान हैं।

## बिहार में तीन साल पहले बना कोठवारा-बैरिया पुल धंसा, लोग पूछ रहे इतनी जल्दी आखिर पुल क्षतिग्रस्त कैसे हुआ

गया (एजेंसी)। बिहार में बारिश के आते ही पुलों के धंसने का मामला सामने आया है। इस बार गयाजी में बने एक पुल का पाया धंस गया है। पुल का पाया धंसने के बाद सड़क पर आवागमन को लेकर लोगों को चेताया गया है। जानकारी के अनुसार गयाजी के शेरघाटी प्रखंड क्षेत्र में पुल का एक पाया धंसा है। बताया जाता है कि जिले में हो रही मूसलाधार बारिश के बीच कोठवारा-बैरिया पुल क्षतिग्रस्त हुआ है। जिससे पुल में कई जगह दरारें आ गई हैं। बता दें कि कोठवारा-बैरिया पुल 3 साल पहले 2022 में बनकर तैयार हुआ था। निर्माण के तीसरे साल ही पुल का एक पाया धंसने से इस पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि यह आश्चर्य की बात है कि इतनी जल्दी आखिर पुल क्षतिग्रस्त कैसे हुआ। पुल का एक पाया धंसने के बाद किसी भी प्रकार के हादसे से बचाव के लिए भारी वाहनों का आवागमन रोक दिया गया है। एक बैनर लगाकर भी चेताया गया है। बैनर में लिखा हुआ है, कि यह पुल आवागमन के लिए सुरक्षित नहीं है। शेरघाटी के एसडीओ ने कहा कि कोठवारा-बैरिया पुल के धंसने की जानकारी अभी तक नहीं मिली है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल उन्होंने सीओ को इस संबंध में निर्देश दिए हैं।

## अब विमान में 11ए सीट के लिए लोग ज्यादा भुगतान करने को तैयार

नई दिल्ली (एजेंसी)। एयर इंडिया विमान हादसे के बाद सीट 11ए पर एक यात्री के जीवित बचने से सबसे सुरक्षित सीटों को लेकर बहस छिड़ गई है। ऐसे में अब फ्लाइट की टिकट बुक करने वाले यात्री इस सीट के लिए एक्स्ट्रा पैसे देने के लिए तैयार हैं। बता दें 12 जून को अहमदाबाद में एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 के क्रैश होने के बाद, जिसमें 241 लोगों की जान चली गई थी, उसमें 40 साल के विश्वास कुमार रमेश बैठे इस हादसे में वह ही जीवित बचे हैं, जो सीट 11ए पर बैठे थे। जैसे ही इस बारे में लोगों को पता चला कि 11ए सीट पर बैठा शख्स जीवित बच गया है, हर कोई इस सीट के बारे में जानने को उत्सुक था।

# शीर्ष खुफिया एजेंसी की रिपोर्ट में खुलासा, कनाडा खालिस्तानी चरमपंथियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह

### भारतीय कूटनीति की बड़ी जीत

नई दिल्ली (एजेंसी)। कनाडा की शीर्ष खुफिया एजेंसी कनाडाई सुरक्षा खुफिया सेवा (सीएसआईएस) ने 2024 की वार्षिक रिपोर्ट में पहली बार पुष्टि की है कि कनाडा भारत विरोधी खालिस्तानी चरमपंथियों के लिए एक सुरक्षित पनाहगाह बन गया है। यह खुलासा भारत द्वारा लंबे समय से की जा रही चिंता की पुष्टि करता है, जिसमें नई दिल्ली ने कनाडा पर भारत विरोधी तत्वों को शरण देने का आरोप लगाया था।

रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि खालिस्तानी चरमपंथी मुख्य रूप से भारत में हिंसा को बढ़ावा देने, धन जुटाने या योजना बनाने के लिए कनाडा को आधार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। रिपोर्ट में कनाडा स्थित खालिस्तानी चरमपंथियों (सीबीकेई) के सक्रिय समूह का उल्लेख भी किया गया है, जो हिंसक गतिविधियों के जरिए भारत के पंजाब में खालिस्तान राज्य की स्थापना के लिए प्रयासरत हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि 1980 के दशक के मध्य से कनाडा में राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसक उग्रवाद का खतरा मुख्य रूप से कनाडा




स्थित खालिस्तानी उग्रवादियों (सीबीकेई) के जरिए से प्रकट हुआ है, जो मुख्य रूप से भारत के पंजाब में खालिस्तान राज्य बनाने के लिए हिंसक साधनों का इस्तेमाल और समर्थन करना चाहते हैं। कनाडा की यह पुष्टि ऐसे समय में भारत और कनाडा के बीच बिगड़ते-संवरते राजनयिक रिश्तों में आया अहम पड़ाव है। 2023 में ब्रिटिश कोलंबिया में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद दोनों देशों के संबंधों में दरार आ गइ थी। कनाडाई अधिकारियों ने इस हत्या को भारतीय सरकार के हस्तक्षेप से जोड़ा, जिसका भारत ने खंडन करते हुए इन आरोपों को बेतुका और निराधार बताया था।

बात दें पीएम मोदी के हाल ही में हुए दौरे के ठीक बाद यह खुलासा अल्बर्टा में जी-7 शिखर सम्मेलन में कनाडा के पीएम मार्क कार्नी और पीएम नरेन्द्र मोदी के बीच हुई बैठक के समय हुआ है। इस बैठक में दोनों नेताओं ने नए उच्चायुक्तों की नियुक्ति और व्यापार वार्ता को फिर शुरू करके द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य करने की दिशा में कदम उठाने पर सहमति जताई है।

हालांकि, कनाडा में सिख समर्थकों और कुछ सांसदों ने कार्नी द्वारा पीएम मोदी को जी7 में आमंत्रित करने के निर्णय की आलोचना की। इसके बावजूद कार्नी ने भारत के वैश्विक आर्थिक महत्व और रचनात्मक वार्ता की जरुरत पर जोर देते हुए अपने फैसले का बचाव किया। उन्होंने कहा कि भारत के साथ संबंधों को मजबूत करना कनाडा के राष्ट्रीय हित में है, भले ही कुछ सुरक्षा चिंताएं बरकरार हों।

## ओडिशा से हजारों महिलाएं गायब, इन्हें खाड़ी देशों में बेचा जा रहा

-कांग्रेस के प्रभारी लल्लू ने बीजेपी सरकार को घेरा, लगाए गंभीर आरोप

नई दिल्ली। यूपी कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ओडिशा का प्रभार देख रहे हैं। ओडिशा में पार्टी को खड़ा करने, बीजेपी सरकार को घेरने और राज्य के सियासी समीकरणों से लेकर यूपी के हालात तक पर उन्होंने कहा कि बीजेपी का एक साल प्रताड़ना का रहा। अब वादों के विश्लेषण और जमीनी सचाई पर बात होगी। अब लोकतंत्र में जवाब तय करने का समय है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आते समय बीजेपी ने 2036 का सपना दिखाया था, लेकिन एक साल में न सुशासन दिखाई दिया, न सामाजिक न्याय के लिए काम हुआ। योगी सरकार भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस की बात की थी। सीएम योगी ने कहा था कि जेल तैयार है। तमाम समितियों की रिपोर्ट में भ्रष्टाचार की गाथा है, फिर भी अभी तक कुछ नहीं हुआ।लल्लू ने कहा कि हम इन तमाम मुद्दों को लेकर बाकायदा लोगों के बीच जा रहे हैं। आदिवासियों के जमीन का पट्टा, राज्य से बड़ी तादाद में पलायन, उद्योग न लगना, कोल माइंस की वजह से 70 हजार लोगों का विस्थापन या उस इलाके में स्थानीय बीजेपी विधायक द्वारा 90 हजार पेड़ों को बिना इजाजत काटने का मामला हो, हम लगातार इनको उठा रहे हैं। कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। अपनी मांगों को लेकर हम गांव-गांव, ब्लॉक, पंचायत स्तर से जिला स्तर तक जा रहे हैं। साथ ही हम अपनी संगठनात्मक प्रक्रिया भी चला रहे हैं। भले ही हम वहां मुख्य विपक्षी दल न हों, लेकिन एक अच्छे विपक्ष की तरह हम सदन से लेकर सड़क तक सरकार को घेर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ओडिशा में बीजेडी और बीजेपी की सरकार संयुक्त रूप से पिछले 11 साल से चल रही थी, आखिर के एक साल में ये अलग हुए। अब बीजेपी सरकार में है। राज्य से 44 हजार महिलाएं गायब हैं।

## ममता सरकार को झटका, हाईकोर्ट ने बर्खास्त स्कूल कर्मचारियों को सहायता देने पर लगाई रोक

कोलकाता (एजेंसी)। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार से कहा है कि वह शीर्ष अदालत के आदेश के बाद बर्खास्त किए गए गैर-शिक्षण स्कूल कर्मचारियों को 26 सितंबर तक आर्थिक सहायता न दे। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 2016 की भर्ती प्रतीक्षा सूची में शामिल उम्मीदवारों की याचिका के बाद नौकरी से निकाले गए ग्रुप-सी और ग्रुप-डी कर्मचारियों को भत्ते प्रदान करने के दिशा-निर्देशों को खारिज कर दिया। बंगाल सरकार के सहायता देने के फैसले पर अंतरिम रोक लगाते हुए जस्टिस अमृता सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार ग्रुप-सी और ग्रुप-डी कर्मचारियों को भत्ते नहीं दे सकती। यह रोक 26 सितंबर तक लागू रहेगी।

याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बावजूद अनियमितताओं के कारण बर्खास्त किए गए लोगों को 25,000 रुपये और 20,000 रुपये भत्ते प्रदान करना भ्रष्टाचार को पुरस्कृत करने के बराबर है। अदालत के इस फ़ैसले को कई लोग ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार के लिए झटका मान रहे हैं। हालांकि, कुछ लोगों का मानना है कि इस आदेश से राज्य को अस्थायी तौर पर कई करोड़ रुपये के वित्तीय बोझ से राहत मिली है। अदालत के हस्तक्षेप से न केवल भत्ते रुक गए हैं, बल्कि बर्खास्त कर्मचारियों से जुड़े सभी मामले न्यायिक जांच के दायरे में आ गए हैं। इससे राज्य सरकार को अपने रुख को अच्छे इरादे और कानूनी बाधाओं के बीच संघर्ष के रूप में पेश करने का मौका मिल सकता है - एक ऐसा कथानक जिसका इस्तेमाल वह अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले संभावित रूप से कर सकती है।

यह मुद्दा सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश से उपजा है, जिसमें 2016 के एसएससी पैनल के लगभग 26,000 उम्मीदवारों की नियुक्तियाँ रद्द कर दी गई थीं, जिनमें ग्रुप-सी और ग्रुप-डी के कर्मचारी शामिल थे। यह आदेश एक जांच के बाद आया, जिसमें कथित नकद-से-नौकरी घोटाले का खुलासा हुआ था। मई में, राज्य सरकार ने नौकरी से बाहर हुए ग्रुप-सी कर्मचारियों के लिए ?25,000 और ग्रुप-डी कर्मचारियों के लिए ?20,000 की मासिक सहायता की घोषणा की थी।

## लादेन को छिपाने वाली पाकिस्तान की गलती को अमेरिका नहीं भूलेगा: थरूर

तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। आतंकी ओसामा बिन लादेन को पनाह देने में पाकिस्तान ने कोई कसर नहीं छोड़ी थी। इससे अमेरिका आज भी नाराज है। इस मामले में पाकिस्तान की भूमिका की याद दिलाते हुए कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वॉशिंगटन ने डोनाल्ड ट्रंप और पाकिस्तानी सेना के जनरल आसिम मुनीर के बीच बैठक का उपयोग इस्लामाबाद को आतंकवाद का समर्थन न करने की सलाह देने के लिए किया होगा। थरूर ने कहा कि पाकिस्तानी सेना के जनरल को यह संदेश भेजना अमेरिका के हित में भी है क्योंकि पाकिस्तान ने ओसामा बिन लादेन को पनाह दी थी, जो हजारों लोगों की जान लेने वाले 11 सितंबर 2001 के आतंकवादी हमलों के लिए जिम्मेदार था।

कांग्रेस सांसद ने यह टिप्पणी ट्रंप द्वारा मुनीर को दोपहर भोज पर आमंत्रित किए जाने के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में यहां की। थरूर ने कहा कि उन्हें लगता है कि अमेरिका ने बातचीत के दौरान पाकिस्तान को आतंकवाद का समर्थन न करने, आतंकवादियों को पनाहगाह न देने तथा आतंकवादियों को भारत में न भेजने, उनकी मदद न करने, उन्हें प्रशिक्षित न करने, हथियार न देने और फंडिंग न करने के महत्व की याद दिलाई होगी। उन्होंने कहा कि यह संदेश कुछ अमेरिकी सीनेटरों और कांग्रेस सदस्यों द्वारा पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल को दिया गया है और उम्मीद है कि अमेरिका सरकार में सभी लोग ऐसा ही करेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा, ''ओसामा बिन लादेन ने 9/11 के हमलों में 2,000 से अधिक लोगों को मार डाला था। उसने दो प्रतिष्ठित अमेरिकी इमारतों को नष्ट कर दिया था। इसलिए, इन परिस्थितियों में, इस आदमी को छिपाने में पाकिस्तान की गलती कुछ ऐसी है जिसे अमेरिकी आसानी से नहीं भूल सकते।

यह पूछे जाने पर कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात क्यों नहीं की, बल्कि पाकिस्तानी जनरल से मुलाकात की, थरूर ने कहा कि भारतीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने किया, जो एक महत्वपूर्ण सम्मान था। उन्होंने कहा कि आमतौर पर संसदीय प्रतिनिधियों से देश के उप विदेश मंत्रियों जैसे वरिष्ठ अधिकारी मुलाकात करते हैं। थरूर ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बहुत पहले ही ट्रंप से मुलाकात कर चुके हैं। उन्होंने कहा, हमने बिलकुल वही संदेश दिया जो प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति को दिया था और हमारे संदेश को उपराष्ट्रपति तथा उप विदेश मंत्री ने किसी आपत्ति, असहमति या तर्क के बिना स्वीकार कर लिया। भारत-पाकिस्तान संघर्ष



को समाप्त करने के लिए अमेरिका द्वारा कथित मध्यस्थता पर थरूर ने कहा कि भारत को इसे रोकने के लिए किसी तरह के अनुनय की आवश्यकता नहीं पड़ी, क्योंकि उसने यह स्पष्ट कर दिया था कि यदि पाकिस्तान रुकेगा, तो वह भी रुकेगा। उन्होंने कहा, यदि राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से कोई दबाव रहा होगा तो वह केवल पाकिस्तान पर रहा होगा। जब पाकिस्तान ने संघर्ष रोकने की पेशकश की तो हमने रोक दिया। इसलिए, किसी मध्यस्थता या हम पर किसी दबाव की कोई आवश्यकता नहीं थी।

## जुमे की नमाज के बाद इजरायल और अमेरिका के खिलाफ नमाजियों ने किया प्रदर्शन

लखनऊ । राजधानी लखनऊ में बड़ा इमामबाड़ा स्थित आसिफी मस्जिद पर शुक्रवार को जुमा की नमाज के बाद शिया धर्म गुरु मौलाना कल्बे जव्वाद की अगुवाई में इजरायल के खिलाफ प्रदर्शन के खिलाफ सैकड़ों नमाजियों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इसरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू की तस्वीर भी जलाई। मस्जिद के बाहर प्रदर्शन कर रहे लोगों के हाथ में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की तस्वीर और 'आई स्टैण्ड विद ईरान' की तख्ती थी। इतना ही नहीं प्रदर्शनकारियों अयातुल्ला अली खामेनेई के समर्थन में नारा लगाया। प्रदर्शन कर रहे है शिया समुदाय के लोगों ने कहा कि हिंदुस्तान सम्वत पूरी दुनिया का शिया ईरान के समर्थन में खड़ा है। अयातुल्ला अली खामेनेई और ईरान के दुश्मनों को हमारा पूरा खुला चैलेंज है। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने इजरायल के झंडे जलाए और वहां के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को कातिल बताते हुए उनकी तस्वीर जलाई। इसके साथ ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भी तस्वीर को आग के हवाले किया। मौलाना कल्बे जव्वाद ने कहा कि यह बेहद अफसोसनाक है कि लोग जुल्म करने वाले इजराइल का साथ दे रहे हैं। मौलाना ने कहा कि अपने हिंदुस्तान से हम शर्मिंदा हैं, वो इजराइल का साथ दे रहा है। भारत अमेरिका के साथ खड़ा है, जो इजरायल का साथ दे रहा है। इसलिए हम लोग शर्मिंदा हो रहे हैं। हमला करने वालों का साथ देने वाला भी अन्यायी है। हमारी मांग है कि भारत सरकार ईरान का साथ दे और लोगों का खून बहने वाले इजरायल का विरोध करे।

## महाराष्ट्र और कर्नाटक सीमा विवाद को सुलझाने फडणवीस सरकार ने उच्चस्तरीय समिति का पुनर्गठन किया

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र और कर्नाटक सीमा विवाद की उत्पत्ति राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 के माध्यम से भाषा आधार पर राज्यों के पुनर्गठन में हुई है। 1 नवंबर, 1956 से प्रभावी अधिनियम ने राज्यों को भाषा आधार पर विभाजित किया। 1 मई, 1960 को अपने निर्माण के बाद से, महाराष्ट्र ने दावा किया है कि बेलगावी (तब बेलगाम), कारवार और निपानी सहित 865 गांवों को महाराष्ट्र में मिलाना चाहिए। हालांकि, कर्नाटक ने अपने क्षेत्र को छोड़ने से इंकार किया है। इसके बाद से ही यह विवाद सालों से बना हुआ है।

अब महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने कर्नाटक के साथ लंबे समय से चले आ रहे सीमा विवाद को सुलझाने अपनी उच्चस्तरीय समिति का पुनर्गठन किया है। एक सरकारी प्रस्ताव (जीआर) ने समिति के पुनर्गठन की पुष्टि की, जिसकी अध्यक्षता अब मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस करने वाले है। पैनल के पुनर्गठन का निर्णय एक व्यापक, प्रतिनिधि और गैर-पक्षपाती निकाय द्वारा सर्वसम्मति-आधारित निर्णय सुनिश्चित करने




के लिए हुआ था।

दरअसल समय-समय पर नई सरकार आने पर समिति का पुनर्गठन होता रहा है। बीते साल हुए विधानसभा चुनाव के बाद फडणवीस के मुख्यमंत्री बनने के बाद अब समिति का पुनर्गठन हुआ है। फडणवीस इस 18 सदस्यीय समिति के अध्यक्ष हैं जिसमें उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार तथा पूर्व मुख्यमंत्री नारायण राणे, शरद पवार और पृथ्वीराज चह्वाण शामिल हैं।

समिति के अन्य सदस्यों में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के विधायक रोहित पाटिल और जयंत पाटिल, मंत्री चंद्रकांत पाटिल, शंभूराज देसाई, प्रकाश अबितकर, सुरेश खाड़े, भाजपा विधायक सुधीर गाडगिल, सचिन कल्याण शेट्टी, विधानसभा और विधान परिषद में विपक्ष के नेता शामिल हैं। महाराष्ट्र विधानसभा में फिलहाल विपक्ष का कोई नेता नहीं है। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और कांग्रेस के विधायकों को उच्चस्तरीय समिति में शामिल नहीं किया है।

बात दें कि ये सीमा विवाद 1957 में भाषा आधार पर राज्यों के पुनर्गठन के बाद शुरू हुआ था। महाराष्ट्र ने बेलगावी को राज्य में शामिल करने की मांग की थी, जो तत्कालीन बॉम्बे प्रेसीडेंसी का हिस्सा था, क्योंकि बेलगावी में मराठी भाषी आबादी अधिक है। तब महाराष्ट्र ने 800 से अधिक मराठी भाषी गांवों पर भी दावा किया जो वर्तमान में कर्नाटक में हैं। वहीं, कर्नाटक, राज्य पुनर्गठन अधिनियम और 1967 की महाजन आयोग रिपोर्ट के अनुसार भाषाई आधार पर किए गए सीमांकन को अंतिम मानता है।

## 15 साल के कियान ने दी पिता संजय कपूर को मुखाग्नि

नई दिल्ली (एजेंसी)। अभिनेत्री करिश्मा कपूर के पूर्व पति और बिजनेसमैन संजय कपूर की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। वहीं निधन के सात दिन बाद संजय कपूर का गुरुवार को दिल्ली में अंतिम संस्कार हुआ। इस दौरान उनकी एक्स पत्नी करिश्मा कपूर अपने दोनों बच्चों बेटी समायरा और बेटे कियान के साथ मौजूद थीं।

संजय की तीसरी पत्नी प्रिया सचदेव भी परिवार के साथ मौजूद थी।

बता दें कि संजय कपूर का अंतिम संस्कार दिल्ली में लोधी रोड शमशान घाट पर किया गया। इस दौरान करिश्मा कपूर अपने दोनों बच्चों के संग बेहद भावुक नजर आईं। पिता की अंतिम यात्रा के दौरान दोनों बच्चे कियान और बेटी समायरा मां के गले लगकर फूट-फूटकर रोए। इस दौरान करिश्मा की आंखों से भी आंसू छलक पड़े थे। इस दौरान उनकी बहन करीना और जीजा सैफ अली खान ने उन्हें संभाला। करीना भी इस दौरान काफी इमोशनल दिख रही थीं। दरअसल संजय कपूर ने तीन



शादियां की थीं। उनकी पहली पत्नी नंदिता महतानी से उनका शादी के चार साल बाद ही तलाक हुआ था। इनका कोई बच्चा नही हैं। साल 2003 में संजय और करिश्मा कपूर शादी के बंधन में बंधे थे। इनके दो बच्चे हैं बेटी समायरा और बेटा कियान। हालांकि साल 2016 में इनका भी तलाक हुआ था। साल 2017 में संजय ने प्रिया सचदेव से शादी की थी। इनका एक बेटा अजारियस है। लेकिन बिजनेसमैन के अंतिम संस्कार की सभी रस्में उनके और करिश्मा कपूर के 15 साल के बेटे कियान ने की। कियान ने ही पिता को मुखाग्नि दी थी।

संजय कपूर की प्रेयर मीट 22 जून को दिल्ली के ताज पैलेस होटल में शाम 4 से 5 बजे के लिए रखी गई है। प्रेस नोट में संजय कपूर की मां रानी सुरिंदर कपूर, प्रिया सचदेव और उनके बच्चे और करिश्मा कपूर के दोनों बच्चों का नाम मेंशन था।

# अब टिकट होगी कन्फर्म, रेलवे ने लगाई वेटलिस्ट पर 25 प्रतिशत की सीमा

नई दिल्ली (एजेंसी)। ट्रेनों में भीड़भाड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। रेल मंत्रालय ने घोषणा की है कि अब किसी भी ट्रेन में वेटलिस्ट टिकटों की संख्या को ट्रेन की कुल क्षमता के 25 प्रतिशत तक सीमित किया जाएगा। इस नए नियम का उद्देश्य यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करना और ओवरबुकिंग की समस्या को कम करना है। रिपोर्ट के मुताबिक, अब रेलवे हर ट्रेन के एसी फर्स्ट क्लास, एसी सेकंड, एसी थर्ड, स्लीपर और चेयर कार में कुल बर्थ/सीटों का अधिकतम 25 प्रतिशत ही वेटिंग टिकट के रूप में जारी करेगा। यह बदलाव विभिन्न कोटे- जैसे दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक, और महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

रेल मंत्रालय के एक अधिकारी के मुताबिक, प्रत्येक जोनल रेलवे को यह अधिकार दिया गया है कि वह अपने क्षेत्र के ट्रेनों में बुकिंग और कैंसिलेशन के पैटर्न को देखते हुए वेटिंग टिकट की सीमा तय कर सकता है। इससे ट्रेनों की प्रकृति और यात्रियों की मांग के अनुसार लचीलापन भी रहेगा। यह नई व्यवस्था न केवल यात्रियों को असमंजस से बचाएगी, बल्कि ट्रेनों में अनधिकृत भीड़ को भी कम करने में मदद करेगी। इससे बोर्डिंग प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित होगी और आरक्षित डिब्बों में यात्रा करने वाले यात्रियों को बेहतर अनुभव मिलेगा।

ट्रेनों में अनावश्यक भीड़ भी कम होगी

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, आंकड़ों से यह पता चलता है कि चार्ट बनने तक लगभग 20 प्रतिशत से 25 प्रतिशत वेटिंग टिकट कंफर्म हो जाते हैं। इस आधार पर नई सीमा तय की गई है ताकि यात्रियों को टिकट की स्थिति को लेकर अधिक स्पष्टता मिल सके। रेलवे बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर के बाद, देशभर के विभिन्न जोनल रेलवे इस नई व्यवस्था को लागू करने लगे हैं।रेलवे के अनुसार, यह नियम सभी श्रेणियों की ट्रेनों, जैसे कि राजधानी, शताब्दी, दुरंतो, मेल/एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों पर लागू होगा। उदाहरण के लिए, यदि किसी ट्रेन में 1,000 सीटें उपलब्ध हैं, तो उसमें अधिकतम 250 वेटलिस्ट टिकट ही जारी किए जाएंगे। इस कदम से न केवल यात्रियों को अपनी यात्रा की पुष्टि होने की संभावना बढ़ेगी, बल्कि ट्रेनों में अनावश्यक भीड़ भी कम होगी। जनवरी 2013 के सर्कुलर के अनुसार, पहले एसी फर्स्ट क्लास में अधिकतम 30, एसी सेकंड में 100, एसी थर्ड में 300 और स्लीपर क्लास में 400 वेटिंग टिकट जारी किए जा सकते थे। इसके चलते यात्रियों को अक्सर आखिरी वक्त तक टिकट कंफर्म होने की चिंता रहती थी।एक वरिष्ठ रेलवे अधिकारी ने बताया, वेटिंग टिकटों की अधिक संख्या के कारण रिजर्व्ड कोचों में बिना कन्फर्म टिकट वाले यात्री भी चढ़ जाते थे, जिससे कोचों में भारी भीड़ और अव्यवस्था होती थी। नई नीति इस गड़बड़ी को रोकने में मदद करेगी।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9386895799, 9507466535, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902